सूर्योदय प्रातः 5:02 | सूर्यास्त संध्या 6:36 | पखवाड़ा ज्येष्ठ कृ. त्रयोदशी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 32° | न्यूनतम 24°




# फ्रीडम फाइटर




राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शनिवार, 13 जून 2026, वर्ष : 17, अंक : 119, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions







## शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,527.95 | 1,695.40 (2.30%) |
| निफ्टी | 23,622.90 | 461.30 (1.99%) |

## सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 24 carat | 1,44,590.00 |
| चांदी | | 2650.00 |

# रांची की पलक का भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयन

## जिले की पहली महिला क्रिकेटर बन रचा इतिहास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची जिला क्रिकेट संघ (आरडीसीए) के लिए शुक्रवार का दिन तब ऐतिहासिक साबित हुआ, जब अंडर-19 महिला क्रिकेटर कुमारी पलक का चयन भारतीय महिला क्रिकेट टीम में किया गया। श्रीलंका महिला टीम के आगामी भारत दौरे के दौरान आयोजित होनेवाली एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला के लिए उन्हें भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उनके चयन से रांची ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड में खुशी और गर्व का माहौल है।

पलक रांची जिला क्रिकेट संघ की ओर से भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करनेवाली पहली महिला क्रिकेटर बन गयी हैं। यह उपलब्धि उनके वर्षों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगातार शानदार प्रदर्शन का परिणाम मानी जा रही है। जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें राष्ट्रीय टीम तक पहुंचने का अवसर मिला।

पलक की इस उपलब्धि पर रांची जिला क्रिकेट संघ और झारखंड राज्य क्रिकेट संघ ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। खेल जगत से जुड़े लोगों ने इसे झारखंड महिला क्रिकेट के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि बताया है, जो राज्य की अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगी। पलक की क्रिकेट यात्रा संघर्ष, समर्पण और निरन्तर मेहनत की कहानी है। उन्होंने ओरमांझी क्रिकेट क्लब से क्रिकेट खेलना शुरू किया था। उनके कोच पंक्षित कुमार महतो ने शुरूआती दौर से ही उनकी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी। आज भी पलक उन्हीं के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रही हैं। उनके कोच के अनुसार, पलक हमेशा से मेहनती, अनुशासित और अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित रही हैं।

रांची जिला क्रिकेट संघ के सचिव शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि पलक का चयन केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे जिले और राज्य के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि पलक ने वर्षों तक लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और उनकी मेहनत तथा लगन का ही परिणाम है कि उन्हें भारतीय टीम में स्थान मिला है।

मूल रूप से देवघर की रहनेवाली पलक पिछले लगभग 14 वर्षों से अपने परिवार के साथ रांची में रह रही हैं। उन्होंने पढ़ाई और क्रिकेट के बीच संतुलन बनाते हुए लगातार अपने खेल में सुधार किया और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सपना साकार किया। वर्तमान में पलक ओरमांझी स्थित राम टहल इंटर कॉलेज की छात्रा हैं। पलक की सफलता संघर्ष और दृढ़ संकल्प ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### मुम्बई एयरपोर्ट पर 11.82 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद

**बैंक मैनेजर और ब्यूटी पेजेंट रनर-अप युवती गिरफ्तार**

**मुंबई :** मुम्बई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क (कस्टम्स) विभाग ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। खबर है कि बैंकॉक से मुम्बई पहुंची 29 वर्षीय युवती हर्षा सनी को 11.824 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा (हाइड्रोपोनिक वीड) के साथ गिरफ्तार किया गया है। जब्त किये गये इस मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 11 करोड़ 82 लाख रुपये बतायी जा रही है। जांच में सामने आया है कि हर्षा सनी एक प्रतिष्ठित निजी बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्यरत है। इसके अलावा वह ग्लैमर इंडस्ट्री से भी जुड़ी हुई है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव मामले में दो नाबालिग हिरासत में

**नयी दिल्ली/फिरोजाबाद :** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद की थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने शुक्रवार को स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर मारने वाले दो नाबालिगों को को हिरासत में लिया है। इसी ट्रेन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत भी सफर कर रहे थे। हालांकि, इस घटना में किसी को कोई चोट नहीं आयी है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रेन संख्या 12003 लखनऊ-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस पर 11 जून को शाम करीब 7:18 बजे उस समय पथराव हुआ, जब ट्रेन प्रयागराज मंडल अंतर्गत ● शेष पृष्ठ 11 पर

## अंदर के पन्नों पर


3 उपायुक्त ने की जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के...

5 धनबाद के जनता दरबार में गूंजीं जिलेभर की समस्याएं...

7 मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026...

9 पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग ने जिले के सभी पुलिस...

10 भारत बना ओवरऑल चैम्पियन, झारखंड के...


## कार्टून कोना




### झारखंड में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को लगातार मिल रही गति

# मुख्यमंत्री 1,018 शिक्षकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र



- 29 जून को प्रोजेक्ट भवन सभागार में चयनित शिक्षकों को मुख्यमंत्री देंगे नियुक्ति पत्र
- रोजगार सृजन और रिक्त पदों को भरने की दिशा में राज्य सरकार लगातार उठा रही कदम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को और गति देते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 29 जून को 1,018 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित होनेवाले इस कार्यक्रम को राज्य सरकार की रोजगार सृजन और रिक्त पदों को भरने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा चयनित इन अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा पहली से पांचवीं) और मध्य विद्यालयों (कक्षा छठी से आठवीं) में की जायेगी। आयोग की अनुशंसा के बाद सभी चयनित अभ्यर्थियों की जिला स्तर पर काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद वे राज्य के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन इससे पहले भी चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंप चुके हैं। पिछले महीने उन्होंने 319 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये थे, जिनमें प्राथमिक विद्यालयों के 198 और मध्य विद्यालयों के 121 सहायक आचार्य शामिल थे। राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है, ताकि विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर किया जा सके।

इधर, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने माध्यमिक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के तहत नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए छह विषयों में माध्यमिक आचार्य और विशेष शिक्षा आचार्य पदों के लिए 466 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए शॉर्टलिस्ट किया है। आयोग के अनुसार अन्य विषयों के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच भी जल्द शुरू की जायेगी।

शॉर्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच रांची के नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय में 18 और 19 जून को दो पालियों में होगी। आयोग ने अभ्यर्थियों को सभी मूल प्रमाणपत्रों और आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जो अभ्यर्थी किसी अपरिहार्य कारणवश 18 या 19 जून को उपस्थित नहीं हो पायेंगे, उन्हें 24 जून को अंतिम अवसर दिया जायेगा। इसके बाद किसी प्रकार की छूट नहीं मिलेगी और दस्तावेज सत्यापन नहीं करानेवाले अभ्यर्थियों का दावा स्वतः निरस्त माना जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में सहायक आचार्यों के कुल 26,001 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। अब तक लगभग 10,000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जा चुके हैं। हालांकि, योग्य अभ्यर्थियों की कमी और कुछ तकनीकी कारणों से अभी भी बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं। सरकार और आयोग शेष पदों को भरने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। आगामी नियुक्तियों से सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ने और शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा में आधुनिक तकनीक का होगा व्यापक उपयोग



अमित शाह ने तैयारियों की समीक्षा की

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यात्रा के सुचारु संचालन के लिए व्यापक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं की सर्वोच्च सुरक्षा और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

गृहमंत्री शाह ने यहां उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिये कि यात्रा मार्ग पर केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से बहुस्तरीय एवं अभेद्य सुरक्षा ग्रिड स्थापित किया जाये। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए ड्रोन, सीसीटीवी निगरानी, सर्विलांस सिस्टम तथा अन्य आधुनिक तकनीकों के व्यापक उपयोग पर जोर दिया।

शाह ने कहा कि यात्रा के दौरान विभिन्न केन्द्रीय बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शिविर स्थलों तथा यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करें। साथ ही, श्रद्धालुओं के पंजीकरण, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं, संचार व्यवस्था और आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

बैठक में यात्रा से जुड़े स्थानीय लोगों और पशुओं के पंजीकरण पर भी विशेष बल दिया गया। निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित व्यक्तियों को क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र जारी किये जायें तथा यात्रा में उपयोग किये जानेवाले पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविर लगाये जायें।

गृह मंत्री ने अधिकारियों को मौसम की स्थिति और पूर्वानुमान के आधार पर ही श्रद्धालुओं के जत्थों को आगे ● शेष पृष्ठ 11 पर

### प. बंगाल में स्कूल से 1.77 करोड़ रुपये जब्त

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के कांचरापारा में निजी स्कूल से पुलिस ने करीब 1.77 करोड़ रुपये नकद जब्त किये हैं। इस मामले में संस्थान के लेखाकार अभीक कुमार नाग को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। यह जब्ती वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी के आरोपों के बाद की गई एक विशेष गोपनीय सूचना आधारित तलाशी अभियान का परिणाम है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, रात भर चले अभियान के दौरान स्कूल के एक बंद कमरे से नकदी से भरे आठ पैकेट बरामद किये गये। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एआई मिशन का बड़ा कदम, स्वदेशी वीडियो एआई मॉडल 'वर्या' लॉन्च



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) मिशन के सहयोग से एआई कम्पनी अवतार ने शुक्रवार को स्वदेशी वीडियो जनरेशन मॉडल 'वर्या' लॉन्च किया। कम्पनी का दावा है कि यह मॉडल उच्च गुणवत्ता वाले वीडियो बेहद कम लागत और कम समय में तैयार कर सकता है।

लॉन्च कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन भी मौजूद रहे। वर्या को भारत एआई मिशन के तहत उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटिंग संसाधनों की मदद से विकसित किया गया है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को विज्ञप्ति जारी ● शेष पृष्ठ 11 पर

# भड़काऊ टिप्पणी मामले में अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पहुंची पर सीआईडी



- बागुईआटी थाने में दर्ज करायी गयी थी शिकायत
- फिर जांच की जिम्मेदारी सीआईडी को सौंप दी गयी

**एजेंसी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद व तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर शुक्रवार शाम एक बार फिर अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की एक टीम पहुंची। सीआईडी अधिकारियों ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कथित भड़काऊ टिप्पणी से जुड़े एक मामले में उन्हें नोटिस देने का प्रयास किया।

सूत्रों के अनुसार, यह मामला चुनाव प्रचार के दौरान अभिषेक बनर्जी द्वारा की गयी एक टिप्पणी को लेकर दर्ज शिकायत से सम्बन्धित है। शुरुआत में इस सम्बन्ध में बागुईआटी थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी थी। बाद में मामले की जांच विधाननगर पुलिस आयुक्तालय के साइबर अपराध थाने ने की। इसके बाद जांच की जिम्मेदारी सीआईडी को सौंप दी गयी।

सीआईडी की टीम शुक्रवार को इसी मामले में नोटिस देने के लिए अभिषेक बनर्जी के आवास पहुंची थी। हालांकि, उस समय वह घर पर मौजूद नहीं थे। बताया गया है कि सीआईडी अधिकारियों के पहुंचने से कुछ समय पहले ही वह वहां से निकल चुके थे।

परिवार और आवास से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, सीआईडी अधिकारियों को बताया गया कि अभिषेक बनर्जी पूर्व मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुखा ममता बनर्जी के आवास पर एक बैठक में शामिल होने गये हैं। इसके चलते जांच एजेंसी उन्हें नोटिस नहीं सौंप सकी। सूत्रों का कहना है कि सीआईडी अब अगले सप्ताह पूछताछ के लिए उन्हें तलब कर सकती है।

इसी दौरान अभिषेक बनर्जी के आवास पर उनके वकील भी पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्हें अभी तक पूरे घटनाक्रम की जानकारी नहीं है और मामले की पूरी जानकारी मिलने के बाद ही वह कोई प्रतिक्रिया देंगे।

मामला अभिषेक बनर्जी की उस टिप्पणी से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि 'चार तारीख के बाद डीजे बजेगा।' अपने सम्बोधन में उन्होंने यह भी कहा था कि 'ममता जितनी भी उदार हों, चार तारीख के बाद जवाब दिया जायेगा।' इस बयान को लेकर विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि यह राजनीतिक विरोधियों को धमकी देनेवाला और उकसावेवाला वक्तव्य है।

इसी टिप्पणी के आधार पर दर्ज मामले की जांच के सिलसिले में सीआईडी ने शुक्रवार को नोटिस देने की कोशिश की। मामले की जांच जारी है और एजेंसी आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

## ममता बनर्जी के खिलाफ भी हुई एफआईआर

**पश्चिम** बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ चुनाव प्रचार के दौरान दिये गये एक विवादित बयान को लेकर राजधानी कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गयी है। पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान ममता बनर्जी ने एक



विशेष समुदाय को लेकर टिप्पणी की थी। अपने भाषण में उन्होंने कहा था कि यदि एक समुदाय एकजुट हो जाये, तो वह विरोधियों की 'बारह बजा सकता है।' साथ ही, उन्होंने लोगों से भारतीय जनता पार्टी ● शेष पृष्ठ 11 पर

फ्रीडम फाइटर
रांची, शनिवार 13 जून 2026



epaper : https://epaper.avnpost.in/editions
E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com



## एक झलक

### तेज आंधी व वर्षा से मक्के की फसल को हुआ नुकसान



**बेड़ो :** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर तेज आंधी के साथ हुई गरज व वर्षा ने एक बार फिर से किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। प्रखंड के जरिया,पुरना पानी, नगड़ी टोली,चरिमा,केशा टेंगरिया में खासकर मक्के की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। प्रखंड के लोगों की आय के साधन खेती हैं। वहीं प्रखंड के किसान बुधनाथ महतो,पवन कुमार, पंकज कुजुर, विशेश्वर मिंज, भीम महतो ने बताया कि हजारों रुपये खर्च करके फसल लगाई थी जो काफी अच्छी थी। लेकिन आंधी व वर्षा से मक्के की फसल चौपट हो गयी। इससे किसानों को काफी क्षति हुई है। पवन कुमार का कहना है कि सरकार सर्वेक्षण कराकर फसल क्षति की यथाशीघ्र भरपाई करे। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष भी तेज आंधी व वर्षा से बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में सब्जी व मक्का का फसल बर्बाद हो गया था लेकिन अब तक उन्हें मुआवजे नहीं मिला है।वहीं किसान खेतों में तैयार मकई की फसल को गिरा देख वह अपनी किस्मत का रोना रो रहे हैं। प्रकृति की इस मार ने किसानों के चेहरों पर चिता की लकीरें खींच दी है।

### मोपेड व बाइक की टक्कर में चार घायल एक रिम्स रेफर

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर शुक्रवार की अपराह्न लगभग साढ़े बारह बजे बाइक व टीवीएस मोपेड के बीच हुई आमने सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। जहां घायलों में मोपेड सवार किसान करांजी गांव निवासी करीब 60 वर्षीय बृद्ध फगुवा गोप गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक सवार नरकोपी गांव निवासी 18 वर्षीय राहुल उरांव ,17 वर्षीय विकास उरांव व 22 वर्षीय करण उरांव शामिल हैं। घायल फगुवा गोप के स्वजन ने बताया कि वे बेड़ो सब्जी मंडी से बैंगन बेचकर अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच नरकोपी से बेड़ो की ओर आ रहे बाइक युवकों की करांजी गांव के पास आमने सामने टक्कर हो गई। जिससे चार लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी बेड़ो पहुंचाया। जहां इलाज के बाद गंभीर रूप घायल फगुवा गोप को बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक ने रिम्स रेफर कर दिया। इधर घायल युवक विकास उरांव ने बताया कि राहुल उरांव का चयन आर्मी में हुआ है। वे सर्टिफिकेट बनवाने के लिए बेड़ो आ रहे थे। इसी बीच उनकी टक्कर हो गई। जिससे यह हादसा हुआ।

### जंगल में जलावन की लकड़ी लाने गयी महिला सर्प दंश हुई घायल, रिम्स रेफर



**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के मधुपुर गांव के समीप शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे दिन में जलावन के लिए कोकड़े जंगल में लकड़ी लाने गई महिला 35 वर्षीय तेतरी केरकेट्टा पति कृष्णा मुंडा को एक विषैले सांप ने उसके बाएं पैर के अंगूठे में डंक मार दी। हो हल्ला करने के बाद उसके साथ लकड़ी लाने गई महिला अरजी मुंडाइन ने अन्य लोगों को खबर की। जिसके बाद ग्रामीणों उसे बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो लाया। जहां चिकित्सक डा अंजली श्रीवास्तव ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रांची भेज दिया। घायल महिला ने बताया कि उसे डाइर डेगवा सांप हरा रंग था उसने उसे डंक मार दिया। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से उसे अस्पताल लाया गया।

### गिद्दी पुलिस ने फरार वारंटी को भेजा जेल

**गिद्दी :** पुलिस ने एक मामले में फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गिद्दी थाना कांड संख्या 28-16, जीआर-2017-16 और टीआर 173-18 के स्थाई वारंटी पांडे मांझी पिता स्वर्गीय गोंडा मांझी निवासी बुंडू थाना गिद्दी को विधिवत गिरफ्तार कर हजारीबाग में भेज दिया गया है।

## नीट परीक्षा 2026 के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# अधिकारियों व केन्द्राधीक्षकों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2026 के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संचालन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं तथा परीक्षा का संचालन पूरी पारदर्शिता एवं सख्ती के साथ सुनिश्चित किया जाए।बैठक के दौरान बताया गया कि रामगढ़ जिले में नीट परीक्षा 2026 के लिए कुल तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें केंद्रीय विद्यालय रामगढ़, केंद्रीय विद्यालय बरकाकाना एवं आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ शामिल हैं। उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत, प्रकाश एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### रामगढ़ जिले में गृह रक्षकों की बहाली को लेकर उपायुक्त ने की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**रामगढ़ :** उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय कक्ष में झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, रामगढ़ के अंतर्गत गृह रक्षकों की बहाली को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान रामगढ़ जिले में ग्रामीण एवं शहरी गृह रक्षकों की बहाली से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि गृह रक्षक बहाली हेतु विभाग को अब तक लगभग 16,000 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों की विशाल संख्या को देखते हुए उपायुक्त ऋतुराज ने सभी आवेदनों की त्वरित और त्रुटिहीन जांच के लिए एक विशेष स्क्रूटनी कमेटी (जांच समिति) गठित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि स्क्रूटनी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ताकि योग्य और नियम सम्मत अभ्यर्थियों को ही आगे की प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर मिले। बैठक में मुख्यरूप से उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, प्रभारी पदाधिकारी गोपीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता,जिला समादेष्टा (गृह रक्षा वाहिनी), संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं समिति के अन्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों के बीच किताब और बैग का हुआ वितरण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**भुरकुंडा :** सौन्दा डी ग्राम पंचायत अंतर्गत मध्य विधालय में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक क सभी विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। वहीं कक्षा एक और दो के बच्चों के बीच में किताब का भी वितरण किया गया। बताते चलें कि मध्य विधालय सौन्दा डी में 281 नामांकित बच्चे पढ़ते हैं। बैग एवं किताब वितरण समारोह में मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पाण्डेय, आदरणीय प्रधानाचार्य सहित देवतुल्य शिक्षक मोके पर मोजूद थे। लाल बिहारी प्रसाद, रूपमती कुमारी, हरि शंकर साव, देव किशोर साव, दिलीप कुमार, अभिषेक कुमार रजक, प्रवीण कुमार मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

### रामगढ़ में जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा 'योगमय झारखण्ड 2026' कार्यक्रम



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़ :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् के दिशा-निदेर्शानुसार, आगामी 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की व्यापक तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय, रामगढ़ के परिसर में जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में जिले के सभी प्रखंडों से चयनित दो-दो शारीरिक शिक्षा शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। शिविर के दौरान पतंजलि के विख्यात योग प्रशिक्षक रजनीकांत राठौड़ एवं सीमा कुमारी ने उपस्थित सभी शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को योग की विभिन्न बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से आसन, प्राणायाम तथा सूर्यनमस्कर जैसी महत्वपूर्ण योग विधाओं का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया, ताकि ये शिक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय जनसमुदाय को पूर्ण शुद्धता के साथ योग का अभ्यास करा सकें।इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना साझा करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर आगामी 21 जून को जिले के समस्त सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में 'योगमय झारखण्ड 2026' कार्यक्रम का गरिमापूर्ण आयोजन किया जाएगा। इस वृहद अभियान को सुचारू रूप से धरातल पर उतारने के लिए समयबद्ध प्रशिक्षण रूपरेखा तैयार की गई है। जिला प्रशासन ने रामगढ़ के सभी नागरिकों, प्रबुद्ध जनों तथा छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे 21 जून को अपने नजदीकी आयोजन स्थलों पर पहुंचकर योग शिविरों का हिस्सा बनें तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### नाबालिग लड़की ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली गांव निवासी करीब 17 वषीर्या एक नाबालिग लड़की ने अपने घर के कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार की सुबह करीब नौ से दस बजे के बीच की है। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। मृतका के स्वजनों ने पुलिस को बताया कि वे सभी सुबह खीरा तोड़ने के लिए खेत की ओर गए थे।इसी बीच उसने रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। स्वजनों ने पुलिस को बताया कि जब वे खेत से खीरा तोड़कर आए तो देखा कि वह फंदे से झूल रही है। इधर इसकी सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय व थाना प्रभारी मो कफील अहमद सशस्त्र बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में जागरूकता कार्यक्रम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**खूंटी :** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), खूंटी की ओर से सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बाल श्रम उन्मूलन एवं बाल अधिकारों के संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के मार्गदर्शन और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए खूंटी रसिकेश कुमार के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के एसएलएडीसी चीफ राजीव कमल ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के मौलिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण प्राप्त करने का अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना समाज के सभी वर्गों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बाल श्रम उन्मूलन के लिए जनभागीदारी को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम ने बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 (संशोधित 2016), किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 और निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लोगों से बाल श्रम से संबंधित मामलों की सूचना संबंधित विभागों और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर देने की अपील की। कार्यक्रम में एलएडीसी चीफ राजीव कमल, पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम, पीएलवी चंदन कुमार, देवगी धान, विद्यालय के शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश बेहरा ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### आंधी-वर्षा से चरिमा में घर का एस्बेस्टस क्षतिग्रस्त, ईटा में पेड़ गिरने से बिजली पोल टूटा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बेड़ो :** प्रखंड के ईंटा पंचायत के चरिमा में गुरुवार की दोपहर आई तेज आंधी-तूफान व वर्षा से एक घर का छत क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ईटा गांव में पेड़ गिरने से बिजली का पोल और तार टूट गया, जिससे आपूर्ति बाधित हुई। चरिमा गांव निवासी सुके उरांव पिता स्व. झगडू उरांव के मकान के छत में लगा एस्बेस्टस आंधी से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही ईटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग से जल्द मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। उधर ईटा गांव में पुरनापानी बाजार टांड़ के बगल में आंधी से एक बड़ा पेड़ उखड़कर गिर गया। गनीमत रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन पेड़ से टकराकर एक बिजली का पोल और तार टूट गया। इससे आसपास के क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा को जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी। बिजली विभाग ने पोल और तार को जल्द दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है। इधर ग्रामीणों ने आंधी से हुए नुकसान का आकलन कर प्रभावित परिवारों को राहत देने की मांग की है।

## दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**खूंटी :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में दिव्यांग बच्चों के विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य शुक्रवार को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। विशेष नामांकन अभियान 24 जून तक संचालित किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले का कोई भी योग्य दिव्यांग बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों को घर-घर सर्वेक्षण कर ऐसे बच्चों की पहचान करने और उनका शीघ्र विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है। उपायुक्त ने दिव्यांग बच्चों के लिए बनाए जाने वाले यूआईडी कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए सिविल सर्जन को प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के निर्देश दिया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों का यूआईडी कार्ड बनवाने के लिए सदर अस्पताल में संपर्क करने की अपील की। साथ ही दूरदराज क्षेत्रों में भी यूआईडी कार्ड निर्माण की सुविधा उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। बैठक में व्हीलचेयर सहित अन्य सरकारी सुविधाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की गई। उपायुक्त ने पात्र बच्चों को समय पर सभी लाभ उपलब्ध कराने तथा विद्यालयों में दिव्यांग अनुकूल आधारभूत सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से शौचालयों में रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## थाना स्तर पर सुलझ रहे भूमि विवाद लोगों को मिल रही बड़ी राहत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला (रामगढ़) :** भूमि विवाद से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन की दिशा में गोला प्रशासन की पहल लोगों के लिए राहत का कारण बन रही है। अंचलाधिकारी गोला, अंचल निरीक्षक तथा थाना प्रभारी गोला के संयुक्त प्रयास से जमीन संबंधी मामलों का प्रभावी ढंग से निपटारा किया जा रहा है। हाल ही में आयोजित जनता दरबार में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों के समाधान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन की इस पहल से उन लोगों को विशेष लाभ मिल रहा है, जिन्हें पहले छोटे-छोटे भूमि विवादों के लिए कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ते थे। अब ऐसे मामलों का समाधान थाना एवं अंचल स्तर पर ही होने से लोगों का समय, पैसा और श्रम तीनों की बचत हो रही है। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ा है। स्थानीय लोगों ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन की सक्रियता के कारण वर्षों से लंबित कई विवादों का समाधान संभव हो रहा है।

## नगर पंचायत खूंटी में रक्तदान शिविरों का कैलेंडर जारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**खूंटी :** नगर पंचायत क्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जून और जुलाई 2026 के लिए रक्तदान शिविरों का कैलेंडर जारी किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर पंचायत के सभी 19 वार्डों में चरणबद्ध तरीके से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसे लेकर नगर पंचायत में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। जारी कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक वार्ड के सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविरों का संचालन संबंधित वार्ड पार्षदों के सहयोग से किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन और नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष विभिन्न तिथियों में शामिल होंगे। रक्तदान शिविर की शुरूआत 14 जून को वार्ड संख्या-4 से होगी। इसके बाद 16 जून को वार्ड-1, 18 जून को वार्ड-2, 20 जून को वार्ड-3, 22 जून को वार्ड-5, 24 जून को वार्ड-6, 27 जून को वार्ड-7 तथा 30 जून को वार्ड-8 में शिविर आयोजित किए जाएंगे। जुलाई माह में 2 जुलाई को वार्ड-9, 8 जुलाई को वार्ड-10, 10 जुलाई को वार्ड-11, 13 जुलाई को वार्ड-12, 15 जुलाई को वार्ड-13, 17 जुलाई को वार्ड-14, 20 जुलाई को वार्ड-15, 22 जुलाई को वार्ड-16, 24 जुलाई को वार्ड-17, 26 जुलाई को वार्ड-18 तथा 28 जुलाई को वार्ड-19 में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। नगर पंचायत प्रशासन ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविरों में भाग लेकर जरूरतमंद मरीजों की सहायता करने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान एक महादान है, जिससे अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है।

### उपायुक्त मो. जावेद हुसैन बने खूंटी जिला फुटबॉल संघ के चेयरमैन

**खूंटी :** खूंटी जिला फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों ने नवपदस्थापित उपायुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन से शिष्टाचार भेंट कर संघ के संविधान के अनुरूप उन्हें खूंटी जिला फुटबॉल संघ के चेयरमैन का दायित्व ग्रहण करने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने इस दायित्व को सहर्ष स्वीकार करते हुए जिले में फुटबॉल खेल के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। संघ के संविधान के अनुसार चेयरमैन का पद पदेन (एक्स-ऑफिसियो) होता है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिले में फुटबॉल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा खेल अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक पहल की जाएगी। भेंट के दौरान संघ के सचिव चंद्रदेव सिंह, सहायक सचिव मनोहर नाम तथा कोषाध्यक्ष सुनील नायक ने उपायुक्त को आज से प्रारंभ हो रही खूंटी जिला फुटबॉल लीग के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## 27 जून को हूंदूर मेला डाढ़ में मनेगा मोहर्रम

- दर्जनों गांवों के जनप्रतिनिधि और समाजसेवी हुए शामिल, शांतिपूर्ण व भव्य आयोजन पर बनी सहमति



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** चंदवे चौक में मोहर्रम पर्व के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फारूक खान ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 27 जून को हूंदूर मेला डाढ़ में मोहर्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में चुट्ठ, मेसरा, नेवरी, ओयना, चंदवे, उलातु, सोसो, बनहरा, महुवाटोली, कमता एवं मनदरो सहित विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधि और समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने मोहर्रम को आपसी भाईचारे, सौहार्द और अनुशासन के साथ मनाने पर जोर दिया। अध्यक्ष फारूक खान ने कहा कि मोहर्रम केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देने वाला अवसर है। उन्होंने सभी अखाड़ा समितियों एवं ग्रामीणों से मिल-जुलकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में कांग्रेस जिला महासचिव अनवारूल अंसारी, मुमताज आलम, आलम अंसारी, शाकिर खान, अफरोज खान, सुभान खान, जिब्राइल अंसारी, सऊद अंसारी, जेएमएम नेता जावेद अख्तर, इम्तियाज अंसारी, अलीमाम अंसारी, मजलूम अंसारी, जहांगीर अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मांडू थाना में लगा जनता दरबार, ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मांडू :** थाना परिसर में शुक्रवार को अंचलाधिकारी तृप्ति विजय कजूर की अध्यक्षता और इंस्पेक्टर रजत कुमार थाना प्रभारी सदानंद कुमार और प्रदीप कुमार के उपस्थिति में मांडू प्रखंड के सैकड़ो ग्रामीण किसन महिला पुरुषों का जमीनी उलझन विवाद का और नौकरी संबंधी चल अचल पैतृक संपत्ति बटवारा का निष्पादन को लेकर आवेदन दिया गया। जिसमें कुछ समस्याओं का समाधान भी करा दिया गया। मांडू प्रखंड के ग्राम मांडू डीह भुईया टोली, कुजु, मुरपा, सेंवटा, मरार, सांडी, दिग्वार, पोचरा से आए ग्रामीण किसानों ने अपना अपना जनता दरबार में अपनी समस्याएं रखीं। जनता दरबार में उपस्थित पदाधिकारियों ने को अपना-अपना घरेलू समस्याओं से अवगत कराते हुए और जमीन संबंधी विवादित पेपर जमा किया गया। पुलिस इंस्पेक्टर रजत कुमार ने उपस्थित ग्रामीण किसन महिला पुरुषों से हो रहे समस्याओं के विषय में विस्तृत जानकारी लेकर उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए बताएं कि आप लोगों का जमीन या अन्य संबंधी समस्याओं के लिए अंचल में विवादित खाता प्लॉट रकवा का नापी हेतु आवेदन देकर कर्मचारी का रिपोर्ट के अनुसार सरकारी अमीन के द्वारा नापी कार कर अपना अपना समस्याओं को सुलझाने का काम करेंगे। थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने उपस्थित ग्रामीण किसान महिला पुरुषों को बताएं कि आप लोगों का जमीन और नोकरी संबंधी समस्याओं का समाधान अपने-अपने रिश्तेदारों और ग्रामीण मुखिया सरपंच के द्वारा बैठक कराकर पूर्व में किए गए बैठक को लेकर उलझन को सुलझाने का काम करेंगे। जनता दरबार में मुख्य रूप से मांडू अंचल के प्रमोद कुमार, कन्हैया कुमार, रवि भूषण प्रसाद, शंभू मिश्रा, शुभम कुमार ग्रामीणों में रोहित कुमार, रिंकू कुमार, माइकल साव, अमित कुमार, पप्पू कुमार, ननकू भइया, द्वारका साव, सरजू साव सहित सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

### मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी सालिख महतो का हुआ निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड क्षेत्र के पतरातू निवासी एवं डीवीसी चौक के चर्चित फल व्यवसायी सालिख महतो का रांची में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से मस्तिष्क संबंधी बीमारी से पीड़ित थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सालिख महतो केवल एक व्यवसायी नहीं, बल्कि लोगों के सुख-दुख के साथी और जरूरतमंदों के मददगार के रूप में पहचाने जाते थे। डीवीसी चौक स्थित उनकी दुकान राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए भरोसे का केंद्र थी। देर रात तक दुकान पर मौजूद रहकर वे अनजान यात्रियों को सही मार्ग बताते, जरूरत पड़ने पर सहयोग करते और अपने मधुर व्यवहार से सभी का दिल जीत लेते थे। प्रतिदिन पतरातू से डीवीसी चौक तक लंबी दूरी तय कर वे अपने कार्य में जुटे रहते थे। उनकी सादगी, सेवा भावना, हंसमुख स्वभाव और सामाजिक सरोकारों ने उन्हें लोगों के बीच विशेष सम्मान दिलाया। यही कारण है कि उनके निधन को क्षेत्र की अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। गुरुवार को स्थानीय नदी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

## एक झलक

### त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ के अध्यक्ष विकास कुमार महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची स्थित लोक भवन में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड पंचम राज्य वित्त आयोग की अनुशंसाओं के तहत पंचायत संस्थाओं को आवंटित अनुदान राशि से विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए झारखंड पंचम राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर पंचायती राज विभाग द्वारा जिला परिषदों, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों को निर्धारित अनुपात में अनुदान राशि आवंटित की गई है। लेकिन इन निधियों के उपयोग और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक विस्तृत दिशा-निर्देश या मार्गदर्शिका अब तक जारी नहीं की गई है।

### जमीन विवाद में अधिवक्ता पर करायी थी फायरिंग, दो साल बाद दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची** : रांची पुलिस ने उच्च न्यायालय के अधिवक्ता बब्बन प्रसाद पर फायरिंग करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पलामू निवासी अनुज कुमार महतो और गुलशन कुमार उर्फ विश्वकर्मा के रूप में हुई है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि जमीन विवाद के कारण अधिवक्ता पर जानलेवा हमला कराया गया था। शुक्रवार को पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों में अनुज कुमार महतो पलामू जिले के शहर थाना क्षेत्र स्थित सुदना गांव का निवासी है, जबकि गुलशन कुमार उर्फ विश्वकर्मा सतबरवा थाना क्षेत्र के पांची गांव का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि गुलशन का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पलामू जिले के चैनपुर तथा पांकी थाना में पहले से मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, अधिवक्ता बब्बन प्रसाद पर फायरिंग की घटना एक दिसंबर 2024 को रातू थाना क्षेत्र में हुई थी। घटना के बाद से पुलिस दोनों आरोपितों की तलाश कर रही थी। लगातार छापेमारी और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने आखिरकार दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### झारखंड में मॉनसून की दस्तक कभी भी सम्भव

**रांची** : झारखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं और मौसम विभाग के अनुसार राज्य में मानसून कभी भी दस्तक दे सकता है। विभाग ने संभावना जताई है कि अगले कुछ घंटों में दक्षिण-पश्चिम मानसून झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल की खाड़ी के शेष हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। इस बीच मौसम विभाग ने शनिवार को राज्य के 12 जिलों में बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ आकाशीय बिजली गिरने और मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। राज्य के जिन जिलों के लिए चेतावनी जारी की गई है उनमें देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग, बोकारो और रामगढ़ शामिल हैं। ये जिले मुख्य रूप से राज्य के उत्तर-पूर्वी और निकटवर्ती मध्यवर्ती क्षेत्र में स्थित हैं।

### करंट लगने से 13 वर्षीय बच्चे की मौत

**रांची** : रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित पिस्का मोड़ की बैंक कॉलोनी में शुक्रवार सुबह एक 13 वर्षीय बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान छोटू के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शुक्रवार सुबह छोटू किसी तरह बिजली के खुले तार की चपेट में आ गया। तार के संपर्क में आते ही उसे जोरदार करंट लगा, जिससे वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे तथा उसे तत्काल इलाज के लिए सेवा सदन अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे की जानकारी मिलते ही सुखदेव नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बच्चा किन परिस्थितियों में खुले बिजली तार के संपर्क में आया और संबंधित स्थान पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में खुले बिजली तारों को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते ऐसे खतरनाक तारों की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाती, तो इस तरह की दुखद घटना को टाला जा सकता था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## उपायुक्त ने की जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक

# जनगणना कार्य प्रगति की समीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में उपविकास आयुक्त, रांची संजय भगत, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर कुमार रजत, अपर समाहर्त्ता रामनारायण सिंह, अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिले में जनगणना कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी चार्ज पदाधिकारियों द्वारा उनके क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। जनगणना कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। जिन घरों में सर्वेक्षण के दौरान लोग अनुपस्थित या घर बंद पाए गए हैं, वहां भारत सरकार एवं जनगणना निदेशालय के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पुनः संपर्क स्थापित कर आवश्यक प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाताओं की मैपिंग के लिए दिनांक 13 एवं 14 जून 2026 को आयोजित होने वाले विशेष शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश देते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि अधिक से अधिक मतदाताओं तक इसकी जानकारी पहुंचायें। उन्होंने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (ईआरओ) को निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर निर्धारित समय पर कार्य प्रारंभ हो तथा सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रक्रियाओं एवं दिशा-निर्देशों की पूरी जानकारी हो। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि मैपिंग कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए तथा प्रत्येक बीएलओ को इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं दिशा-निर्देश उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी एईआरओ के पद रिक्त हैं, वहां यथाशीघ्र रिक्ति भरें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ की पदस्थापना हो तथा सभी बीएलओ सक्रिय रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हों। उन्होंने बीएलओ पर्यवेक्षकों (बीएलओ सुपरवाइजर) को भी अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा प्रतिनियुक्त बीएलए-2 की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

## झारखण्ड पात्रता परीक्षा-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर हुई बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, रांची द्वारा आयोजित झारखण्ड पात्रता परीक्षा, 2024 (विज्ञापन सं०-08/2025) के सुचारू संचालन एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए आज समाहरणालय, ब्लॉक-ए सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची, मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची धनंजय ने की। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची विनय कुमार सहित सभी प्रतिनियुक्त गश्ती-सह-जोनल दण्डाधिकारी, प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक-सह-स्टैटिक दण्डाधिकारी, केंद्र अधीक्षक एवं परीक्षा से जुड़े समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अपर जिला दण्डाधिकारी श्री धनंजय द्वारा परीक्षा से संबंधित सभी मानकों पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी, नकल-उड़ान रोकथाम, विद्यार्थियों की सुविधा, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची से प्राप्त सूचना के अनुसार झारखण्ड पात्रता परीक्षा, 2024 दिनांक 14 जून 2026 (रविवार) को 05 (पांच) उप-केंद्रों पर एक पाली में आयोजित की जाएगी।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर रांची में राज्यस्तरीय संवाद कार्यक्रम आयोजित

# 2030 तक झारखंड होगा बाल श्रम मुक्त राज्य : डॉ. महुआ माजी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था के मार्गदर्शन में बाल कल्याण संघ एवं अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को रांची में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय संवाद सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न हिस्सों से बाल अधिकारों पर काम करने वाले सामाजिक संगठनों, विभागीय प्रतिनिधियों, बाल मंच के सदस्यों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने कहा कि 2030 तक झारखंड को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य है और इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों का बचपन सुरक्षित रखना और उन्हें शिक्षा से जोड़ना समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। बाल श्रम को समाप्त करने के लिए सरकार, सामाजिक संस्थाओं, पंचायतों और समुदाय की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि गरीबी, पलायन और जागरूकता की कमी के कारण कई बच्चे बाल श्रम की ओर चले जाते हैं। ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और पुनर्वास से जोड़ना आवश्यक है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजेश प्रसाद ने कहा कि बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना बाल श्रम रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने कहा कि विद्यालय, परिवार और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय से बच्चों के ड्रॉपआउट को कम किया जा सकता है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के निदेशक विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए बच्चों की पहचान, पुनर्वास और परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में लगातार काम करने की जरूरत है। उन्होंने पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया। बाल कल्याण संघ के संस्थापक संजय मिश्रा ने कहा कि बाल श्रम एक सामाजिक चुनौती है, जिसका समाधान सामूहिक प्रयास से ही संभव है। उन्होंने कहा कि बाल कल्याण संघ लगातार बच्चों के अधिकार, शिक्षा से जुड़ाव और समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है।

## 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत डालसा का हुआ आयोजन

# 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाल श्रम से बचाना ही उद्देश्य : डालसा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में कांके प्रखण्ड में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी राजेष कुमार सिन्हा, निषांत निष्चल, देवन्ती कुमारी, बबिता देवी, संगीता देवी, मालती देवी, भानु देवी, संध्या कुमारी, शारदा देवी, फुलेष्वरी देवी, सरिता कुमारी, विधि के छात्र-छात्राएं एवं चालक राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डिप्टी एलएडीसी राजेष कुमार सिन्हा ने ने विष्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बताया। उन्होंने कहा कि हर साल 12 जून को पूरी दुनिया में 'विश्व बाल श्रम निषेध दिवस' मनाया जाता है। बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं, लेकिन जब उनके हाथों में किताबों



की जगह काम का बोझ थमा दिया जाता है, तो उनका बचपन छीन जाता है। यह दिन समाज को बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूक करने और इसे जड़ से खत्म करने के संकल्प की याद दिलाता है। आगे श्री सिन्हा ने यह भी कहा कि बालश्रम एक अपराध है, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने वर्ष 2002 में पहली बार इस दिवस की शुरूआत की थी। इसका मुख्य उद्देश्य 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को खतरनाक उद्योगों, फैक्ट्रियों और अन्य जगहों पर मजदूरी से बचाना और उन्हें शिक्षा का अधिकार दिलाना था। तब से हर साल इस दिन को एक नए संदेश और थीम के साथ मनाया जाता है। मौके पर चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बर- 1098 तथा नालसा टॉल फ्री नम्बर-15100 के बारे में बतलाया गया।

## झारखंड के पीवीटीजी इलाकों में हेल्थकेयर डिलीवरी में कमियों का पता लगाने के लिए एमओयू पर हुए हस्ताक्षर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्चझनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्राइबल हेल्थ रिसर्च (आईसीएमआर-नआईटीएचआर), जबलपुर ने 'आदिवासी इलाकों में हेल्थकेयर डिलीवरी सिस्टम में कमियों और चुनौतियों की पहचानः एक मल्टीसेंट्रिक स्टडी' नामक एक अहम रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए दो साल के एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर साइन किया है। यह सहयोग भारत में पीवीटीजी आदिवासियों की सेहत को बेहतर बनाने के लिए रिसर्च-बेस्ड उपायों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस एमओयू पर संस्थान के निदेशक, डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे और आईसीएमआर-नआईटीएचआर, जबलपुर के निदेशक, डॉ प्रवीण भारती ने साइन किए। कार्यक्रम के दौरान साइंटिस्ट-जी, डॉ कल्याण ब्रता साहा और एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, श्री अभिषेक शारॉफ के साथ एक्सआईएसएस के डीन एकेडमिक्स, डॉ अमर तिग्गा एवं रिसर्च एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट से डॉ संत प्रसाद और डॉ उमा चटर्जी भी शामिल हुए।

## रांची के मोहराबादी मैदान में 16 से 18 जून तक लगेगा झारखंड कृषि व्यापार मेला

# किसानों को मिलेगी नयी तकनीकों और नवाचारों की जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड सरकार की ओर से आगामी 16 से 18 जून तक रांची के मोराबादी मैदान में तीन दिवसीय झारखंड कृषि व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य किसानों, कृषि उद्यमियों, स्टार्टअप्स, उद्योग जगत और सरकारी विभागों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, ताकि कृषि क्षेत्र में नवाचार, आधुनिक तकनीकों के प्रसार और ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा दिया जा सके। शुक्रवार को कृषि विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मेले का उद्घाटन 16 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कृषि मंत्री शल्पी नेहा तिर्की और अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। साथ ही प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता एवं लाभ वितरित किए जाएंगे। मेले के दूसरे दिन 17 जून को विभागीय तकनीकी सत्र, किसान संवाद कार्यक्रम तथा प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को कृषि से जुड़ी नई तकनीकों, सरकारी योजनाओं और आधुनिक खेती के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। मेले के अंतिम दिन 18 जून को किसान संवाद, कृषि स्टार्टअप्स की प्रस्तुतियां और समापन समारोह आयोजित होगा।

## 14 जून को जेसीआई रांची करेगा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : विश्व World Blood Donor Day के अवसर पर JCI Ranchi द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 14 जून को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा।

**कार्यक्रम का आयोजन स्थल**

Commerce House, 406-408, Sarda Babu Lane, Deputy Para, Ahirtoli, Ranchi, Jharkhand – 834001

इस शिविर में सभी इच्छुक नागरिक भाग लेकर रक्तदान कर सकते हैं और जरूरतमंदों की सहायता में योगदान दे सकते हैं। विशेष आकर्षणः इस अवसर पर पहले 30 रक्तदाताओं को निःशुल्क ब्लड टेस्ट की सुविधा प्रदान की जाएगी।

आइए, मानवता की सेवा में अपना योगदान दें और जीवन बचाने के इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनें।

## पारस एचईसी हॉस्पिटल रांची में अब मिलेंगी विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा सेवाएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मरीजों को बेहतर और विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पारस एचईसी हॉस्पिटल ने IRIS Hospital के साथ टडव किया। इस पहल का उद्देश्य झारखंड के मरीजों को एक ही स्थान पर उच्च गुणवत्ता वाली और आधुनिक नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। अब अस्पताल में नियमित ओपीडी, उन्नत नेत्र जांच सुविधाएं तथा आधुनिक तकनीक से लैस नेत्र सर्जरी की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। मरीजों को मोतियाबिंद, रेटिना, कॉर्निया, ग्लूकोमा, ओकुलोप्लास्टी समेत विभिन्न जटिल नेत्र रोगों के उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं मिलेंगी। डॉ सुबोध ने कहा कि पारस हॉस्पिटल ने आइरिस आई हॉस्पिटल के साथ एमओयू किया है। जिसके अंतर्गत पारस हॉस्पिटल में नेत्र रोग सेवाएं आइरिस आई हॉस्पिटल के द्वारा प्रदान की जाएगी। पारस हेल्थ रांची के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस हेल्थ हमेशा अपने मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। आईरिस आई हॉस्पिटल के साथ यह सहयोग नेत्र रोग विभाग को और अधिक मजबूत बनाएगा तथा मरीजों को विशेषज्ञ और समग्र नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी से मरीजों को पारस हेल्थ रांची में ही विशेषज्ञ परामर्श, अत्याधुनिक जांच और सर्जरी की सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें सुविधाजनक एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त होगा। आईरिस आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञता और अस्पताल की आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के समन्वय से झारखंड के मरीजों को विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी।

## एबीडी का आइकॉनिक व्हाइट लगातार तीसरे वर्ष वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष पर

Allied Blender and Distillers

**रांची** : एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) के आइकॉनिक व्हाइट को ड्रिंक्स इंटरनेशनल की मिलियनेयर्स क्लब 2026 रिपोर्ट में लगातार तीसरे वर्ष दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ने वाला मिलियनेयर व्हिस्की ब्रांड घोषित किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार यह वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली व्हिस्की रही और सभी श्रेणियों में दूसरी सबसे तेजी से बढ़ने वाली ब्रांड के रूप में उभरी। 2023 में मिलियनेयर्स क्लब में शामिल होने के बाद से आइकॉनिक व्हाइट ने हर कैलेंडर वर्ष में अपनी बिक्री की मात्रा को दोगुने से भी अधिक बढ़ाया है, जिसे रिपोर्ट में एक इतिहास रचने वाली उपलब्धि बताया गया है। एबीडी के प्रबंध निदेशक अमर सिन्हा ने कहा कि लगातार तीसरे वर्ष यह पहचान मिलना ब्रांड के प्रति उपभोक्ताओं के मजबूत जुड़ाव और भरोसे को दर्शाता है, जबकि ऑफिसर्स चॉइस और स्टर्लिंग रिजर्व की निरंतर उपस्थिति कंपनी के पोर्टफोलियो की मजबूती को रेखांकित करती है।

## अग्रवाल सभा चुनाव : नामांकन वापसी के बाद 31 उम्मीदवार मैदान में, अंतिम सूची जारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अग्रवाल सभा रांची के सत्र 2026-28 की कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर चुनावी प्रक्रिया लगातार आगे बढ़ रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने बताया कि निर्धारित तिथि तक कुल 36 नामांकन-पत्र प्राप्त हुए थे। सभी नामांकन-पत्रों की विधिवत जांच की गई, जिसमें सभी नामांकन वैध पाए गए।उन्होंने बताया कि नामांकन-पत्र वापसी के अंतिम दिन पांच उम्मीदवारों ने स्वेच्छा से अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद चुनाव मैदान में कुल 31 उम्मीदवार शेष रह गए हैं। निर्वाचन समिति द्वारा इन सभी प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार चुनाव मैदान में शामिल उम्मीदवारों के नाम इस प्रकार हैं-अजय कुमार खेतान, अजय कुमार डिडवानिया, अनिल अग्रवाल, अमर अग्रवाल, अरुण भरतिया, अशोक कुमार लाठ, किशन कुमार पोद्दार, कौशल कुमार राजगढ़िया, जितेश अग्रवाल, नरेश कुमार बंका, निकुंज पोद्दार, निर्मल कुमार बुधिया, विजय कुमार खेतान, विनोद कुमार टिबड़ेवाल, मनोज कुमार चौधरी, मनोज कुमार ढाढनिया, मुकेश जाजोदिया, राजकुमार मित्तल, रामाशंकर बगड़िया, रौनक झुनझुनवाला, विकास अग्रवाल, शारदा ड्रोलिया, सज्जन कुमार पाड़िया, संजय बजाज, संजय सर्राफ, सुनील कुमार केडिया, सुनील कुमार पोद्दार, सुभाष चंद्र पटवारी, सुरेश कुमार चौधरी, सुरेश कुमार पोद्दार एवं सौरभ बजाज।

# छात्रवृत्ति वितरण को पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के लिए एक प्रभावी मैकेनिज्म विकसित करें : चमरा लिंडा

- छात्रवृत्ति भुगतान दिसम्बर से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश, योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंत्री चमरा लिंडा दिखे सख्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मंत्री चमरा लिंडा द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन की गति और प्रभावशीलता को लेकर कई महत्त्वपूर्ण निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान मंत्री ने छात्रवृत्ति योजना पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान दिसम्बर माह से पूर्व हर हाल में सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही छात्रवृत्ति वितरण को पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के लिए एक प्रभावी मैकेनिज्म विकसित करने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में आदिवासी कल्याण आयुक्त ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ई-कल्याण पोर्टल 15 मई से ही खोल दिया गया है, जिससे आवेदन प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है। साइकिल वितरण योजना की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देश दिये कि छात्र-छात्राओं के ड्रॉपआउट को कम करने के उद्देश्य से निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध कम से कम 50 प्रतिशत साइकिलों का वितरण अगले एक माह के भीतर सुनिश्चित किया जाये। वहीं, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा के दौरान मंत्री ने इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए गहन अध्ययन कर नयी रूपरेखा के साथ विकसित करने तथा नये सिरे से आवेदन आमंत्रित करने के निर्देश दिये, ताकि अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। बैठक में सचिव एवं विशेष सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, आदिवासी कल्याण आयुक्त, प्रबंध निदेशक (आदिवासी सहकारी विकास निगम), राज्य परियोजना निदेशक (JTDS) एवं परियोजना निदेशक (ITDA), रांची सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारत आदिवासी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने की राज्यपाल से मुलाकात, विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को भारत आदिवासी पार्टी के पश्चिमी सिंहभूम जिला अध्यक्ष सुशील बाड़ला के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने रांची स्थित लोक भवन में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा और आवश्यक हस्तक्षेप की मांग की। शिष्टमंडल ने पश्चिमी सिंहभूम जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी), चाईबासा के कार्यों में कथित अनियमितताओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए उपलब्ध कराई गई बड़ी राशि के बावजूद स्थानीय लोगों को योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने मामले की उच्चस्तरीय जांच झारखंड उच्च न्यायालय की निगरानी में कराने की पहल करने का अनुरोध किया। ज्ञापन में कहा गया है कि संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत अधिसूचित और खनिज संपदा से समृद्ध पश्चिमी सिंहभूम जिले में डीएमएफटी के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध हैं। इसके बावजूद कई खनन प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सकी है।

## एक झलक

### बीसीकेयू कार्यकर्ताओं से बादल सुपकार ने की एकजुटता बनाये रखने की अपील

**पाथरडीह (धनबाद)** : बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (बीसीकेयू) के अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य बादल सुपकार ने संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के नाम जारी एक पत्र के माध्यम से एकजुटता बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पूर्व में माओवादी संगठन से जुड़े कई सदस्य सरकारी तंत्र के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं और शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं। ऐसे लोगों को समाज और संगठन के स्तर पर सम्मान एवं सहयोग मिलना चाहिए। बादल सुपकार ने कहा कि बीसीकेयू हमेशा मजदूरों, विस्थापितों और समाज के वंचित वर्गों के हितों के लिए संघर्ष करता रहा है। उन्होंने संगठन के साथियों से आपसी मतभेदों को भुलाकर संगठन को मजबूत करने तथा श्रमिक हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मजदूरों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन की मजबूती बेहद आवश्यक है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर सकारात्मक भूमिका निभानी होगी।

### सलगावां में आयोजित 09 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक

**हजारीबाग** : सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कटकमदाग प्रखंड के सलगावां गांव में आयोजित 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला तथा वैदिक मंत्रोच्चार और जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य जीतन राम, सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, सांसद प्रतिनिधि (कटकमदाग प्रखंड) मिथिलेश यादव, इंद्र नारायण कुशवाहा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

### 90 दिवसीय कानूनी जागरूकता अभियान आयोजित

**हजारीबाग** : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हजारीबाग के बैनर तले आज विष्णुगढ़ प्रखंड के बकसपुरा पंचायत में 90 दिवसीय कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विष्णुगढ़ प्रखंड के पीएलवी द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बाल श्रम, डायन-भूत प्रतिषेध अधिनियम, नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव, यौन शोषण से संबंधित पोक्सो एक्ट, मोटर वाहन कानून, तथा अन्य विधिक विषयों की जानकारी दी गई।

### अपराध नियंत्रण और मुहर्रम की तैयारी को लेकर एसपी ने की समीक्षा बैठक

**हजारीबाग** : पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने शुक्रवार को जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस निरीक्षकों एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक कर कानून-व्यवस्था, लंबित मामलों के निष्पादन तथा आगामी मुहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।बैठक में एसपी ने मुहर्रम 2026 के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए पूर्व में हुई सांप्रदायिक घटनाओं की समीक्षा करने तथा उन मामलों में फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी जुलूसों की सूची तैयार कर उन पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया।महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। वर्ष 2025 से पूर्व के सभी लंबित कांडों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द निपटाने को भी कहा गया।

# सड़क हादसे में युवक की मौत से फूटा आक्रोश

शोक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बाघमारा (धनबाद)** : बरोरा थाना क्षेत्र के जमुआटांड-हरिणा हीरक मुख्य सड़क मार्ग पर गुरुवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में घायल युवक सौरभ कुमार (18) की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद शुक्रवार को क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिला। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने सुबह करीब सात बजे हरिणा हीरक चौक पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया। जाम के कारण डुमरा-हरिणा तथा जमुआटांड से भीमकनाली जाने वाला मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जानकारी के अनुसार खोनाठी बस्ती निवासी विनोद महतो का पुत्र सौरभ कुमार गुरुवार रात टाइल्स गोदाम के समीप कार और हाइवा वाहन की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना में हरिणा कॉलोनी निवासी बीसीसीएल कर्मी नवीन सिंह के पुत्र निशांत कुमार भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। उनका इलाज केंद्रीय अस्पताल धनबाद में चल रहा है और चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत खतरे से बाहर है। वहीं इलाज के दौरान सौरभ ने दम तोड़ दिया। सौरभ दो भाइयों में बड़ा था और पढ़ाई के साथ अपने पिता के हरिणा चौक स्थित होटल में भी हाथ बंटाता था। बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलने पर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, अंचलाधिकारी गिरिजानंद किस्कू, कतरास व तोपचांची सर्किल इंस्पेक्टर तथा बरोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने परिजनों को न्याय और मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इधर पुलिस ने जांच के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हाइवा को मुराईडीह वर्कशॉप के समीप हॉल रोड से बरामद कर कब्जे में ले लिया, जबकि क्षतिग्रस्त कार को भी जब्त कर लिया गया है। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया।

## दनुआ घाटी बनी मौत की घाटी, हर प्रयास के बाद भी नहीं थम रहीं दुर्घटनाएं, लोगों ने सुझाया व्यावहारिक समाधान

**चौपारण** : राष्ट्रीय राजमार्ग-2 स्थित कुख्यात दनुआ घाटी एक बार फिर सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद चर्चा में है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने एनएचएआई की सुरक्षा व्यवस्था और इंजीनियरिंग व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि देश के नामचीन विशेषज्ञों, एनएचएआई की पूरी तकनीकी टीम तथा जिला प्रशासन के अनेक प्रयासों के बावजूद दनुआ घाटी में हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात हुई एक और दुर्घटना में जान जाने के बाद क्षेत्र में आक्रोश और चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद दुर्घटनाओं के मूल कारणों को दूर करने की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकताओं का मानना है कि दनुआ घाटी के लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में जीटी रोड के दोनों किनारों पर मौजूद गहरी खाइयों और बड़े गड्ढों को भर दिया जाए तथा सड़क के किनारे उपलब्ध खाली क्षेत्र को विकसित कर सड़क को करीब 20 फीट अतिरिक्त चौड़ा कर दिया जाए तो दुर्घटनाओं की गंभीरता में भारी कमी आ सकती है। लोगों का तर्क है कि इस क्षेत्र में न तो घने पेड़ हैं और न ही वन्यजीवों की कोई बड़ी समस्या है। ऐसे में सड़क चौड़ीकरण और खाई भरने का कार्य अपेक्षाकृत आसान हो सकता है। वर्तमान में तेज ढलान, तीखे यू-टर्न और सड़क के किनारे मौजूद गहरी खाइयां दुर्घटनाओं को जानलेवा बना रही हैं। वाहन अनियंत्रित होने पर सीधे खाई में गिर जाते हैं, जिससे मौत की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने एनएचएआई और प्रशासन से मांग की है कि केवल चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग और निगरानी बढ़ाने के बजाय दुर्घटनाओं के मूल कारणों को दूर करने के लिए स्थायी और व्यावहारिक समाधान अपनाया जाए। उनका कहना है कि दनुआ घाटी में लोगों की जान बचाना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। क्षेत्रवासियों का स्पष्ट कहना है कि यदि खाइयों को भरकर सड़क का सुरक्षित विस्तार कर दिया जाए तो दनुआ घाटी में होने वाली अधिकांश घातक दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

## डीवीसी कोनार सीएसआर कार्यालय में सत्यापन शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**विष्णुगढ़** : प्रखंड के डीवीसी कोनार स्थित सीएसआर कार्यालय में विष्णुगढ़ सीओ नित्यानन्द दास के द्वारा एक विशेष सत्यापन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अंचल कार्यालय के आदेश पत्रांक-410, गुरुवार दिनांक 11 जून 2026 के आलोक में किया गया। आयोजित शिविर में कोनार डैम के निर्माण में विस्थापित हुए सैकड़ों रैयतों को अपने-अपने विस्थापन और जमीन से जुड़े जरूरी कागजात के साथ शिविर में बुलाया गया था। कार्यक्रम शिविर में सीओ नित्यानंद दास ने खुद विस्थापित रैयतों के साथ सीधा संवाद किया और उनके दस्तावेजों का मिलान एवं सत्यापन कर उनकी समस्याओं और जिज्ञासाओं का समाधान किया। संवाद कार्यक्रम के दौरान सीओ ने विस्थापित रैयतों को मूल दस्तावेजों के साथ आवश्यक कागजात जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि कार्यपालक दंडाधिकारी स्तर से शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसमें डीवीसी द्वारा आवंटित भूमि का खाता, प्लॉट, रकबा, जमाबंदी रैयत का नाम तथा भूमि की खरीद-बिक्री होने की स्थिति में उसका स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक है। अंचल अधिकारी ने जानकारी दी कि जल्द ही ग्राम सभाओं के आयोजन के लिए कार्यालय द्वारा आदेश जारी किया जायेगा। ताकि भविष्य में कोई भी जायज रैयत इस प्रक्रिया से छूट न जाये। अब लग रहा है कि पिछले 70 वर्षों से लंबित इस कार्य के शुरू होने से विस्थापन की मार झेल रहे परिवारों को अपनी ही जमीन का हक मिल पाएगा। इसके तहत संबंधित पंचायतों के मुखिया विस्थापित रैयतों की वंशावली तैयार करेंगे और उसे राजस्व अभिलेखों के साथ अंचल कार्यालय में समर्पित करेंगे। कार्यक्रम में सीओ नित्यानन्द दास ने सरल एवं सहज भाषा में दाखिल-खारिज की जटिल प्रक्रिया को समझाया। इस दौरान उपस्थित रैयतों ने अपनी-अपनी समस्याएं और प्रश्न उनके समक्ष रखे, जिनका उन्होंने धैर्यपूर्वक और विनम्रतापूर्वक उत्तर दिया। अधिकारियों और रैयतों के बीच हुए इस सीधे संवाद को उपस्थित लोगों ने काफी सकारात्मक और उपयोगी बताया। गौरतलब है कि दशकों पहले जब कोनार डैम का निर्माण हुआ था तब वहां से विस्थापित हुए रैयतों को डीवीसी द्वारा दूसरी जगह जमीन देकर बसाया गया था। विडंबना यह रही कि सालों बीत जाने के बाद भी इस नई जमीन का दाखिल-खारिज नहीं हो पाया था। मालिकाना हक के पक्के कागजात न होने के कारण ये ग्रामीण कई तरह के महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं और लाभों से वंचित रह जाते थे। इस गंभीर और दशकों पुराने मामले को वर्तमान सीओ नित्यानंद दास ने गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए इस शिविर की शुरूआत की। प्रशासन कि इस सक्रियता से विस्थापितों के चेहरे खिल उठे हैं, और शिविर में उनकी खुशी साफ तौर पर देखी जा रही थी।

## चुरचू में 15 जून को मनाया जायेगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

## 01 से 19 वर्ष के बच्चों को मिलेगी निःशुल्क दवा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चरही** : हजारीबाग चुरचू प्रखंड क्षेत्र के बच्चों औरकिशोर-किशोरियों को कुपोषण और एनीमिया से बचाने के लिए आगामी 15 जून को चुरचू प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायतों में 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' मनाया जाएगा। इस विशेष अभियान के तहत प्रखंड के 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के सभी बच्चों और किशोर-किशोरियों को कृमि नाशक दवा (एल्बेंडाजोल) खिलाई जाएगी। अभियान की सफलता को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

**स्वास्थ्य प्रभारी ने दी जानकारी कहा - दवा पूरी तरह सुरक्षित**

**मामले** को लेकर चुरचू प्रखंड स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. अशोक राम ने बताया कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पेट के कीड़ों (कृमि) से मुक्ति पाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा15 जून को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के तहत 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बालक-बालिकाओं को कवर किया जाएगा। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित और निःशुल्क है। जो बच्चे किसी कारणवश 15 जून को दवा खाने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें मॉप-अप दौर के तहत बाद में दवा दी जायेगी।

**एएनएम और सहिया दीदियों के पास उपलब्ध है दवा**

**डॉ.** अशोक राम ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखंड के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों, सरकारी व निजी स्कूलों तथा स्वास्थ्य उपकेंद्रों को अलर्ट कर दिया गया है। यह दवा सभी एएनएम और सहिया दीदियों के पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करा दी गई है। सहिया दीदियां अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में घर-घर जाकर और केंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग व स्वास्थ्य मानकों का पालन करते हुए बच्चों को अपने सामने दवा खिलाएंगी।

**क्यों जरूरी है कृमि मुक्ति**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, पेट में कीड़े होने से बच्चे जो भी पोषक तत्व ग्रहण करते हैं, उसे कृमि सोख लेते हैं। इससे बच्चे एनीमिया (खून की कमी) और कुपोषण का शिकार हो जाते हैं, जिससे उनका पढ़ाई में मन नहीं लगता और शारीरिक विकास रुक जाता है। 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली पीसकर पानी के साथ और 3 से 19 वर्ष के बच्चों को एक पूरी गोली चबाकर खानी है।
प्रखंड स्वास्थ्य प्रशासन ने क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की है कि वे 15 जून को अपने बच्चों को दवा जरूर खिलवाएं।

## घोड़ा अस्पताल के पास पेड़ कटाई के लिए आज 08 घंटे ठप रहेगी बिजली, शहर के कई प्रमुख इलाके होंगे प्रभावित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग** : शहरवासियों को शनिवार को बिजली कटौती का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन द्वारा घोड़ा अस्पताल के समीप स्थित सूखे एवं जर्जर वृक्ष को काटने का कार्य किया जाएगा, जिसके चलते सुरक्षा के मद्देनजर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लोसिंघना पावर सबस्टेशन से संचालित कई फीडरों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।
विद्युत विभाग के अनुसार 11 केवी लोसिंघना, 11 केवी न्यू एरिया, 11 केवी पेलावल एवं 33 केवी चरवा फीडर से जुड़े क्षेत्रों में इस दौरान बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। इसका असर शिवपुरी, विष्णुपुरी, रामनगर, लोसिंघना रोड, ओकनी तालाब, पेलावल, शिवदयाल नगर, कानी बाजार, बड़ा अखाड़ा, खजांची तालाब, यादव बाबू चौक, कदमा, कल्लू चौक समेत आसपास के दर्जनों मोहल्लों पर पड़ेगा। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली कटौती को देखते हुए अपने जरूरी कार्य पहले ही निपटा लें। विभाग का कहना है कि पेड़ की जर्जर स्थिति को देखते हुए इसे हटाना आवश्यक हो गया था, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना या विद्युत व्यवस्था को होने वाले नुकसान से बचा जा सके।
सहायक विद्युत अभियंता, हजारीबाग शहरी ने बताया कि जनहित एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह कार्य कराया जा रहा है। कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी, हालांकि परिस्थितियों के अनुसार निर्धारित समय में आंशिक बदलाव संभव है।

## ग्रामीणों ने न्यू आकाश किनारी कोलियरी का मुख्य द्वार किया जाम

## आठ दिनों से अंधेरे में डूबे चार गांव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बाघमारा (धनबाद)** : बीसीसीएल एरिया-3 अंतर्गत न्यू आकाश किनारी कोलियरी के समीप स्थित जलराही बस्ती, आकाश किनारी, अंबेडकर नगर और 4 नंबर क्षेत्र के करीब पांच हजार की आबादी वाले लोग पिछले आठ दिनों से बिजली संकट झेल रहे हैं। लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से नाराज ग्रामीणों का आक्रोश शुक्रवार को फूट पड़ा और उन्होंने न्यू आकाश किनारी कोलियरी के मुख्य द्वार को जाम कर दिया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि जब तक क्षेत्र में बिजली बहाल नहीं होगी, तब तक कोलियरी का मुख्य द्वार बंद रहेगा। आंदोलन के दौरान किसी भी वाहन को कोलियरी परिसर में प्रवेश या बाहर निकलने नहीं दिया गया, जिससे कोलियरी का कामकाज प्रभावित हुआ। बिजली नहीं रहने से पेयजल, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन की अन्य आवश्यक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। घटना की सूचना मिलने पर बीसीसीएल प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ वार्ता की। अधिकारियों ने शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन वापस लेते हुए जाम समाप्त कर दिया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो वे फिर से आन्दोलन करने को बाध्य होंगे।

## राष्ट्रीय संयोजक (रक्तदान) बनने पर विवेक लिल्हा का हुआ सम्मान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झरिया (धनबाद)** : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में झरिया शाखा के पूर्व अध्यक्ष विवेक लिल्हा को राष्ट्रीय संयोजक (रक्तदान) पद पर मनोनीत किए जाने पर मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा की ओर से उनका भव्य सम्मान किया गया। शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर शुभकामनाएं दीं। सदस्यों ने इसे झरिया शाखा के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि लगभग 25 वर्षों बाद शाखा के किसी सदस्य को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्व मिला है। शाखा अध्यक्ष किरण शर्मा ने कहा कि विवेक लिल्हा का मनोनयन उनकी संगठन के प्रति निष्ठा, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में रक्तदान सेवा कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर नई दिशा मिलेगी। सम्मान के प्रति आभार जताते हुए विवेक लिल्हा ने कहा कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने संगठन के सभी वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए रक्तदान सेवा को और व्यापक बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर असीम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मनीष शर्मा, रमेश बंसल, विनोद शर्मा, विशाल पलसानिया, राहुल अग्रवाल, मयंक केजरीवाल, हितेन शर्मा, हर्ष अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, हरीश अग्रवाल एवं शैलेश बंसल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन

## आम से बने उत्पादों का हुआ प्रदर्शन और विक्रय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग** : उपायुक्त हेमन्त सती के निर्देशानुसार ग्रामीण विकास विभाग (मनरेगा) एवं जेएसएलपीएस, हजारीबाग द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत शुक्रवार को झील परिसर स्थित एम्फीथिएटर में आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन उप विकास आयुक्त रिया सिंह एवं महापौर अरविंद राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मेले में जिले के विभिन्न प्रखंडों के किसानों, आम उत्पादकों तथा जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल लगाकर आम एवं आम से निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। मेले में मियांजाकी, आम्रपाली, स्वर्णरेखा, तोतापरी, मालदा, मलिका, हिमगिरी, हिमसागर, अल्फांसो, दशहरी एवं लंगड़ा सहित विभिन्न किस्मों के आम प्रदर्शित किए गए।इसके अतिरिक्त आम का अचार, लड्डू, चटनी, मुरब्बा, जेली एवं आमचूर जैसे उत्पाद भी बिक्री हेतु उपलब्ध रहे। कार्यक्रम के दौरान आम उत्पादक किसानों ने अपने अनुभव साझा किए तथा आम उत्पादन की संभावनाओं एवं तकनीकों की जानकारी दी। किसानों ने बागवानी आधारित आजीविका को बढ़ावा देने तथा अन्य किसानों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त हेमन्त सती, उप विकास आयुक्त रिया सिंह एवं महापौर अरविंद राणा ने मेले में लगाये गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपायुक्त हेमन्त सती ने कहा कि मेले का उद्देश्य बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत विकसित आम बागानों से प्राप्त उत्पादन के विपणन को प्रोत्साहित करना तथा किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है।

## भाजपा महिला मोर्चा ने दिया तेल बचत का संदेश

**हजारीबाग** : भारतीय जनता पार्टी के 12 वर्ष के विकास एवं जनकल्याण को समर्पित कार्यक्रम के तहत भाजपा महिला मोर्चा हजारीबाग द्वारा एक अनूठी पहल की गई। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा (साक्षी) के नेतृत्व में महिलाओं ने बिना तेल के विभिन्न व्यंजन तैयार कर लोगों को तेल की बचत एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में खाद्य तेल की खपत को कम करने, आर्थिक बचत को बढ़ावा देने तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करना था। इस अवसर पर महिलाओं ने कम तेल एवं बिना तेल वाले व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाकर लोगों को स्वास्थ्य और बचत के प्रति जागरूक किया।

## एक दिवसीय किसान कार्यशाला का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत ग्राम अलपीटो में शुक्रवार को फसलों के विकास आत्मा-समेति सहायय अनुदान योजनान्तर्गत विशेष अभियान के तहत खरीफ फसल हेतु एक दिवसीय किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता मुखिया विनोद रजक के द्वारा किया गया। जिसमें कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की कृषि प्रभाग अंतर्गत संतुलित उर्वरक, दलहन खेती, रागी की खेती पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिसमें बताया गया साथ ही संतुलित उर्वरक उपयोग का अर्थ है मिट्टी परीक्षण के आधार पर फसल की आवश्यतानुसार पोषक तत्वों (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सूक्ष्म पोषक तत्व) को सही मात्रा, सही समय और सही अनुपात में देना। यह न केवल पैदावार बढ़ाता है, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य, उत्पाद की गुणवत्ता और पर्यावरण की रक्षा भी करता है संतुलित उर्वरक में फसल की आवश्यकताओं, मिट्टी की उर्वरता की स्थिति और मौजूदा जलवायु परिस्थितियों के आधार पर सभी आवश्यक मैक्रोन्यूट्रिएंट्स और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स को उचित अनुपात, मात्रा, समय और तरीकों से लागू करना शामिल है। सरकार मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, पोषक तत्व आधारित सब्सिडी, नीम-लेपित यूरिया और नैनो उर्वरकों सहित कई पहलों के माध्यम से उर्वरकों के संतुलित उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक,उमेश कुमार राणा, कृषि विशेषज्ञ चितरंजन कुमार सिंह, कृषक मित्र जगदीश शर्मा, महेश यादव समेत अन्य कृषक शामिल हुए।

## लम्बित कांडों के त्वरित निष्पादन और बेहतर पुलिसिंग पर विशेष आईजी ने दिया जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चतरा** : बोकारो रेंज के नवनियुक्त पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान चतरा पहुंचकर जिले की विधि-व्यवस्था,अपराध नियंत्रण एवं पुलिस प्रशासन की कार्यशैली की व्यापक समीक्षा की।आईजी का पदभार संभालने के बाद चतरा जिले का यह पहला आधिकारिक दौरा था,जिसे पुलिस महकमे में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके आगमन को लेकर जिले के पुलिस अधिकारियों और जवानों में विशेष उत्साह देखने को मिला। चतरा समाहरणालय परिसर पहुंचने पर पुलिस जवानों ने आईजी को औपचारिक सम्मान स्वरूप गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। इसके पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन परिसर स्थित शहीद पार्क पहुंचकर शहीद पुलिसकर्मी विनय भारती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उनके अदम्य साहस,कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने भी शहीद के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इसके बाद आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, सर्किल इंस्पेक्टरों एवं थाना प्रभारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में कानून-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति,अपराध नियंत्रण की रणनीति, लंबित कांडों के निष्पादन, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, वारंटों के तामिला, अनुसंधान की गुणवत्ता, साइबर अपराध, नक्सल गतिविधियों की स्थिति तथा आम जनता से जुड़े मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान आईजी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति किसी प्रकार की नरमी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने,अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाने तथा जनता में सुरक्षा का वातावरण स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी आम लोगों को भयमुक्त वातावरण प्रदान करना और कानून का प्रभावी शासन सुनिश्चित करना है। आईजी ने लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि पुराने कांडों का गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान कर उन्हें शीघ्र निष्पादित किया जाए। उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों को साक्ष्य आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा न्यायालयों में मजबूत अभियोजन की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। बैठक में थाना स्तर पर निगरानी तंत्र को मजबूत करने, नियमित गश्ती अभियान संचालित करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिये गये।

## 08 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार, गिद्दी पुलिस की बड़ी सफलता



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**
**गिद्दी (हजारीबाग)** : अपराधियों और फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गिद्दी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गिद्दी थाना कांड संख्या-28/16, जीआर-2017/16 एवं टीआर-173/18 के स्थायी वारंटी पांडे मांझी, पिता स्वर्गीय गोंडा मांझी, निवासी बुंडू, थाना गिद्दी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, उक्त वारंटी वर्ष 2018 से लगातार फरार चल रहा था और न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर कानून से बचने का प्रयास कर रहा था। गिद्दी पुलिस ने गुप्त सूचना एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे माननीय न्यायालय हजारीबाग भेज दिया गया। गिद्दी थाना प्रभारी इकबाल हुसैन के नेतृत्व में अपराध नियंत्रण एवं लंबित वारंटों के निष्पादन को लेकर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी की सक्रिय कार्यशैली, कुशल नेतृत्व और अपराधियों के विरुद्ध सख्त रवैये का ही परिणाम है कि वर्षों से फरार चल रहे वारंटी भी अब कानून के शिकंजे में आ रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने भी गिद्दी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि थाना प्रभारी इकबाल हुसैन के नेतृत्व में पुलिस की कार्यशैली से आम जनता में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है।

## एक झलक

### धनबाद में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की सख्ती 1077 वाहनों की हुई जांच

**धनबाद :** जिले में अपराध नियंत्रण और संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गुरुवार की देर शाम तक वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों तथा आवागमन वाले मार्गों पर विशेष जांच अभियान चलाकर वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की। अभियान के दौरान कुल 1077 वाहनों की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। जिन वाहनों के कागजात अधूरे या त्रुटिपूर्ण पाए गए, उनके विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई और वाहन चालकों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इस दौरान पुलिस ने कई स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर उनकी पहचान का सत्यापन किया। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, असामाजिक तत्वों पर नजर रखना तथा आम लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। पुलिस ने नागरिकों से जांच के दौरान सहयोग करने और वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रखे जायेंगे।

### झरिया बाजार को जाम से मुक्ति दिलाने की मांग, चैंबर ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**झरिया (धनबाद) :** झरिया बाजार में लगातार लगनेवाले जाम और बिगड़ती यातायात व्यवस्था से परेशान व्यापारियों ने स्थायी समाधान की मांग उठायी है। इस सम्बन्ध में झरिया चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं खुदरा वस्त्र व्यवसायी संघ के अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने शुक्रवार को धनबाद स्थित इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स सभागार में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार को एक सूत्री मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि झरिया बाजार कोयलांचल का प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है। ट्रैफिक व्यवस्था के अभाव में अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ आम लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चैंबर ने एसएसपी से झरिया बाजार में एक स्थायी ट्रैफिक पोस्ट स्थापित करने का अनुरोध किया, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके। मौके पर चैम्बर के प्रतिनिधि के रूप में शिव चरण शर्मा भी उपस्थित थे। व्यापारियों ने उम्मीद जतायी कि पुलिस प्रशासन उनकी मांग पर सकारात्मक पहल करेगा।

### सीपीआईएमएल नेता मन्नू सिंह की माताजी का निधन क्षेत्र में शोक की लहर

**निरसा (धनबाद) :** सीपीआईएमएल (भाकपा माले) के जिला सदस्य एवं मीडिया प्रभारी कॉमरेड मन्नू सिंह की माताजी का गुरुवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ थीं। शाम करीब चार बजे निरसा स्थित नवादा होटल के समीप उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी आयु लगभग 80 वर्ष थी। अपने पीछे वे दो पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पार्टी कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों तथा स्थानीय लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। सीपीआईएमएल के नेताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरी पार्टी कॉमरेड मन्नू सिंह और उनके परिवार के साथ खड़ी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव राघोपुर, डुमरी बुजुर्ग, पोस्ट-नयागांव, जिला सारण (बिहार) ले जाया जायेगा, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### निसार खान छड़वा मोहर्रम कमिटी के बने प्रवक्ता

**हजारीबाग :** छड़वा मोहर्रम कमिटी के तत्वावधान में गदोखर रोड स्थित चांद बैंकेट हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खुटरा पंचायत के मुखिया अनवारूल हक ने किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम का त्योहार आपसी एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द तथा शांति से मनाने का निर्णय लिया गया वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी निसार खान को छड़वा मोहर्रम कमिटी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया।

---

## जनता दरबार में गूंजीं जिलेभर की समस्याएं

# एडीएम ने अधिकारियों को दिये कार्रवाई के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**धनबाद :** जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद ने आमजनों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में कतरास, राजगंज, बलियापुर, कुसुंडा, गोविंदपुर, कलियासोल, झरिया, सिंदरी, तोपचांची, महुदा, धैया, टुंडी, बाघमारा और बरवाअड्डा समेत जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने फर्जी तरीके से दाखिल-खारिज, जबरन चहारदीवारी निर्माण, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, विस्थापन, म्यूटेशन, खाता एवं प्लॉट संबंधी त्रुटियों के संशोधन, पेंशन, नियोजन और विद्यालयों द्वारा अधिक शुल्क लिए जाने जैसी समस्याओं से जुड़े आवेदन सौंपे। इसके अलावा कई महिलाओं ने पति द्वारा भरण-पोषण नहीं दिए जाने की शिकायत भी प्रशासन के समक्ष रखी। एडीएम हेमा प्रसाद ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को नियमानुसार त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर प्रशासन की सक्रियता देखने को मिली। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई की जायेगी।

---

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के लिए जागरूकता वाहन रवाना

# नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, त्रुटियों के सुधार व मतदाता सूची को अद्यतन करने का किया जा रहा कार्य



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**धनबाद :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से दो जागरूकता प्रचार वाहनों को रवाना किया गया। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आदित्य रंजन ने उप विकास आयुक्त सन्नी राज तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा की मौजूदगी में हरी झंडी दिखा कर वाहनों को रवाना किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, त्रुटियों के सुधार तथा मतदाता सूची को अद्यतन करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी योग्य मतदाताओं से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। प्रचार वाहन जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर विशेष कैंपों की तिथियों तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन संबंधी जानकारी लोगों तक पहुंचायेंगे। इसके साथ ही नागरिकों को मतदान के अधिकार और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सहभागिता के महत्व के प्रति भी जागरूक किया जायेगा।

---

## 35 .5 लाख गबन मामले में चौथे दिन भी जारी रहा सत्याग्रह

# डीसी व एसएसपी से लगायी न्याय की गुहार



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**बाघमारा/धनबाद :** रिटायर्ड बीसीसीएल कर्मी वासुदेव ठाकुर के बैंक खाते से 35.5 लाख रुपये की कथित गड़बड़ी और संदिग्ध निकासी के मामले को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर उनका सत्याग्रह चौथे दिन भी जारी रहा। न्याय की मांग को लेकर वासुदेव ठाकुर अपने परिवार के साथ धरने पर बैठे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भुक्तभोगी वासुदेव ठाकुर ने बताया कि एसबीआई के अधिकारियों की ओर से आंदोलन स्थगित करने का अनुरोध किया गया था, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कहा कि संदिग्ध व्यक्ति विजय कुमार शकामूरी को 35.5 लाख रुपये का भुगतान करने से पहले बैंक की ओर से पुष्टि (कन्फर्मेशन) के लिए फोन क्यों नहीं किया गया, इसका लिखित जवाब मिलने के बाद ही वह सत्याग्रह समाप्त करने पर विचार करेंगे। इस बीच वासुदेव ठाकुर ने एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र सौंपकर पूरे मामले की बिंदुवार जांच कराने की मांग की। वहीं उन्होंने उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर अपनी पीड़ा सुनाते हुए कहा कि यदि भुगतान से पहले बैंक की ओर से पुष्टि की प्रक्रिया अपनाई जाती तो उनकी जीवन भर की जमा-पूंजी सुरक्षित रह सकती थी। ग्राम स्वराज अभियान से जुड़े जगत महतो ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले बैंक कर्मियों और अधिकारियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की मांग की। सत्याग्रह में वासुदेव ठाकुर के परिजनों समेत कई लोग शामिल होकर उन्हें समर्थन दे रहे हैं।

---

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो :** नरकोपी थाना क्षेत्र के पतरा टोली गांव के समीप शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान नरकोपी थाना क्षेत्र के करकरी टंगराटोली गांव निवासी 28 वर्षीय नौशाद अंसारी उर्फ गुड्डू पिता स्वर्गीय हातिम अंसारी के रूप की गई। जिसे समाज सेवी मो नौशाद आलम ने अपनी गाड़ी में बैठाकर बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा विनीता प्रसाद ने घायल नौशाद अंसारी का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

---

## एआईडीईओए बस्ताकोला एरिया की बैठक में संगठन विस्तार व कर्मचारियों की समस्याओं पर मंथन

# अधिकारियों- कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संगठन लगातार प्रयासरत



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**धनबाद/झरिया :** बेरा ऑफिसर्स कॉलोनी में शुक्रवार को एआईडीईओए (ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियर्स ऑफिसर्स एसोसिएशन) बस्ताकोला एरिया की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीसीसीएल अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह एवं महासचिव कल्याण कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, अधिकारियों की लंबित समस्याओं के समाधान तथा विभिन्न क्षेत्रों में संगठन के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में एआईडीईओए के राष्ट्रीय महासचिव आर.के. तिवारी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार सिंह तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संगठन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने सदस्यों से एकजुट होकर संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान अधिकारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, कार्यस्थल की समस्याओं तथा उनके समाधान के लिए प्रबंधन के समक्ष प्रभावी ढंग से आवाज उठाने पर जोर दिया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों और सुविधाओं से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा उनकी जायज मांगों के समाधान के लिए हर स्तर पर पहल की जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने विचार रखे तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और गति देने का संकल्प लिया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मौके पर राहुल सिंह, बीरेन्द्र मंडल, गोविंद कुमार, तारकेश्वर तिवारी, सुभाष साव, धर्मेंद्र पांडेय, सुजीत गोराई, पंकज पांडे, राजा मुराद अख्तर, नीरज कुमार, किशोरी यादव, विनोद मिश्रा, अंजन ब्रात, रितेश सिंह, प्रदीप उरांव, उमेश सिंह, सनी कुमार, गौतम कुमार, वेद प्रकाश, सुनील मुर्मू, रवि विश्वकर्मा, अमित झा, गौरव गुप्ता, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

---

# गोदभराई कार्यक्रम में 20 गर्भवती महिलाओं को मिला न्यूट्रिशन किट



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत विद्यापति परिषद सभागार में एचएलएफ पीपीटी संस्था द्वारा संचालित सेहत साथी परियोजना के अंतर्गत गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 20 गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक गोदभराई कर उन्हें न्यूट्रिशन किट प्रदान किया गया। साथ ही सुरक्षित मातृत्व, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में हर्ल के एचआर हेड विक्रांत कुमार, प्रबंधक आशा सिंह, उप प्रबंधक अरिंदम मुखर्जी, आकाश, प्रतुक सिंह तथा शहरी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. रुपक बनर्जी उपस्थित रहे। विक्रांत कुमार ने कहा कि स्वस्थ महिला ही स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य वाले बच्चों का निर्माण करती है। इसलिए गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक भोजन, नियमित जांच और स्वयं की देखभाल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सही पोषण मां और शिशु दोनों के बेहतर स्वास्थ्य की आधारशिला है।

---

### दामोदर का जलस्तर घटने से सिन्दरी में गहराया जल संकट

**सिन्दरी (धनबाद) :** दामोदर नदी का जलस्तर लगातार घटने से सिंदरी में जल संकट गहरा गया है। पानी की कमी के कारण शुक्रवार को पूरे शहर में जलापूर्ति नहीं हो सकी, जिससे सैकड़ों परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घरों में पानी नहीं पहुंचने से लोग वैकल्पिक व्यवस्था करने को मजबूर दिखे। हर्ल के एचआर प्रमुख विक्रांत कुमार ने पहले ही सिंदरी स्थित पंप हाउस की मरम्मत और जल संकट को देखते हुए शुक्रवार को जलापूर्ति बंद रहने की सूचना जारी की थी। हर्ल के वाटर सर्विस विभाग के अधिकारियों के अनुसार दामोदर नदी का जलस्तर इतना नीचे चला गया है कि नदी का पानी पंप हाउस तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसके कारण पंप बंद पड़ा है और पानी डोमगढ़ स्थित सेटलिंग टैंक तक नहीं पहुंच रहा है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से शहर में सेटलिंग टैंक में उपलब्ध पानी के सहारे जलापूर्ति की जा रही थी, लेकिन अब वहां का जलस्तर भी काफी कम हो गया है।

---

# बाल श्रम उन्मूलन के लिए बस्ताकोला में निकली जागरूकता रैली, बच्चों ने दिया शिक्षा का संदेश



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**झरिया (धनबाद) :** कोयलांचल क्षेत्र से बाल श्रम उन्मूलन और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को बस्ताकोला में जागरूकता रैली निकाली गई। चिल्ड्रन्स क्लासेज के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की सहभागिता से आयोजित इस रैली की शुरूआत अंबेडकर चौक, बस्ताकोला से हुई। करीब पांच किलोमीटर लंबी रैली विभिन्न कोलियरी बस्तियों बंगालीकोठी, सहनापहाड़ी, राजवार बस्ती, लिलोरीपथरा होते हुए झारिया शहर तक पहुंची। रैली के दौरान बच्चों ने प्रतीकात्मक रूप से एक बड़ी दीवार को धक्का देकर यह संदेश दिया कि बाल श्रम की दीवार को तोड़ना है, देश को आगे बढ़ाना है। इस दौरान प्रतिभागियों ने मास्टर प्लान लाओ, बाल मजदूरी हटाओ तथा आधी रोटी खाएंगे, तब पर भी स्कूल जाएंगे जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में पिनाकी रॉय, मौसुमी रॉय और संजय पंडित के नेतृत्व में बच्चों व अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभिभावकों में दशनी देवी, जुग्गू भुइयां, गीता देवी, रेश्मी देवी, दीपशिखा कुमारी, मुस्कान कुमारी, लक्ष्मी कुमारी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं जिगर कुमार, अमन कुमार, सनी कुमार, राहुल कुमार, धनंजय कुमार, मोनू कुमार, सोनू नगराम, राजवीर कुमार, नंदनी कुमारी, जीवन कुमार, प्रतीक कुमारी, अंजलि कुमारी, पायल कुमारी और गुंजन कुमारी सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने सामाजिक बदलाव के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई।

---

### बालश्रम निषेध दिवस पर चला जागरूकता अभियान बच्चों के अधिकारों की रक्षा का लिया संकल्प



**धनबाद :** विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आशा किरण युवा संस्थान, धनबाद की ओर से बलियापुर थाना क्षेत्र के बेलगढ़िया टीओपी परिसर में बालश्रम रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा एवं उनके अधिकारों से जोड़ने तथा बालश्रम जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में बेलगढ़िया टीओपी प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ आशा किरण युवा संस्थान की सचिव मालती तांती, पलानी पंचायत की पूर्व उपमुखिया सीम देवी, ब्राइटर स्टेप फाउंडेशन की सचिव मीनाक्षी सिंह, अध्यक्ष सुचेता, सदस्य अपर्णा, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहिया दीदियां, पोषण सखी तथा बेलगढ़िया ग्राम बाल संरक्षण समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कर बालश्रम के खिलाफ अभियान को मजबूत करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए किसी भी बच्चे को उसके अधिकारों से वंचित नहीं होने दिया जाएगा तथा शिक्षा, सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि बालश्रम के उन्मूलन के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है।

---

# शहीद विभूति महतो की स्मृति में भाकपा माले का सेमिनार, केन्द्र की नीतियों पर साधा निशाना



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**धनबाद/बलियापुर :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की बलियापुर कमेटी की ओर से शुक्रवार को डांगापाड़ा स्थित सभागार में शहीद विभूति महतो की स्मृति में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड सचिव गणेश चंद्र महतो ने की, जबकि मंच संचालन देवाशीष पांडेय ने किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत कार्य कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष, छात्र, किसान, मजदूर, नौजवान और महिलाओं की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है तथा सरकार की नीतियों और कानूनों का विरोध करने वालों को विभिन्न तरीकों से निशाना बनाया जा रहा है। वक्ताओं ने देश की समसामयिक राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों पर भी विस्तार से अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि शहीद विभूति महतो के संघर्ष और विचार आज भी जन आंदोलनों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। सेमिनार का उद्देश्य पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ आने वाले संघर्षों और कार्यक्रमों की रणनीति तैयार करना था। बैठक में सर्वसम्मति से कॉमरेड ए.के. राय की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने तथा डीवीसी की कथित मनमानी के खिलाफ आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया।

---

### 14 जून को राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में होगा धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन का प्रतिभा सम्मान समारोह



**धनबाद :** धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से आगामी 14 जून, रविवार को संध्या 5 बजे से धनसार स्थित राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभाशाली बालक-बालिकाओं एवं युवाओं को सम्मानित किया जायेगा। शुक्रवार को हीरापुर स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष चेतन गोयनका ने बताया कि शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति तथा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को मंच प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन करना सम्मेलन का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि समारोह में समाज के कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे।

---

# पंचम राज्य वित्त आयोग की राशि के व्यय के लिए मार्गदर्शिका जारी करने की मांग



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** झारखंड पंचम राज्य वित्त आयोग मद से पंचायतों को आवंटित राशि के व्यय एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक मार्गदर्शिका शीघ्र जारी करने की मांग को लेकर त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ, झारखंड के अध्यक्ष विकास कुमार महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के राज्यपाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पंचम राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर पंचायतों को राशि आवंटित कर दी गई है, लेकिन अब तक व्यय और योजनाओं के संचालन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश जारी नहीं होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को अवगत कराया कि मार्गदर्शिका के अभाव में पंचायत स्तर पर कई योजनाओं का क्रियान्वयन बाधित है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति धीमी पड़ गई है। इस पर राज्यपाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग से पत्राचार कर आवश्यक मार्गदर्शिका जल्द उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि दिशा-निर्देश जारी होने के बाद पंचायतों में लंबित विकास योजनाओं को गति मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रतिनिधिमंडल में रांची जिला परिषद सदस्य मनोज वाजपेयी, मुखिया कुशेन्द्र पहान, गिरिडीह के अनिल कुमार रजक तथा पिंटू कुमार भी शामिल थे।

---

# केन्दुआडीह थाना पहुंचे एसएसपी, लम्बित कांडों और पुलिस व्यवस्था की ली समीक्षा



**फ्रीडम फाइटर सवांददाता**

**धनबाद :** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा आम लोगों को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने शुक्रवार को केंदुआडीह थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली, लंबित मामलों की स्थिति और पुलिसिंग व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना पहुंचने पर पुलिस जवानों ने एसएसपी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण कर अपराध पंजी, लंबित कांडों, वारंट एवं कुर्की निष्पादन, शिकायतों के निपटारे, मालखाना, हाजत तथा साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थाना में आने वाले फरियादियों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आम लोगों को पुलिस से संबंधित सेवाएं समयबद्ध और बिना किसी परेशानी के उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। एसएसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, शिकायतों को गंभीरता से सुनने और उन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था संधारण और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र में हुई प्रमुख घटनाओं और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की भी समीक्षा की गई। एसएसपी ने नियमित गश्ती बढ़ाने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि थाना पुलिस की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए जिससे आम लोगों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो। इस मौके पर केंदुआडीह थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय समेत सभी पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे। एसएसपी ने अधिकारियों और जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने की सलाह दी।

---

## डिजिटल पुलिसिंग में उत्कृष्ट योगदान पर चार पुलिसकर्मी सम्मानित

**धनबाद :** धनबाद पुलिस के डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन अभियान को मजबूती प्रदान करने वाले चार पुलिसकर्मियों को शुक्रवार को वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। चार्जशीट एवं अंतिम प्रतिवेदन से संबंधित लीगेसी डेटा के तहत इंटीग्रेटेड इंफॉर्मेशन फॉर्म-5 की ऑनलाइन प्रविष्टि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को यह सम्मान दिया गया। धनबाद पुलिस द्वारा पुराने लंबित अभिलेखों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अद्यतन करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न थानों की सीसीटीएनएस शाखा में कार्यरत पुलिसकर्मियों ने उल्लेखनीय तकनीकी दक्षता और समर्पण का परिचय दिया। पाथरडीह थाना के आरक्षी शंकर कुमार महतो ने 10 कांडों, केंदुआडीह थाना के आरक्षी अफजल हुसैन ने 17 कांडों, तेतुलमारी थाना के सीसीटीएनएस ऑपरेटर नसीरुद्दीन ने 23 कांडों तथा राजगंज थाना के आरक्षी परमेश्वर गोप ने 29 कांडों की ऑनलाइन प्रविष्टि कर सराहनीय उपलब्धि हासिल की। एसएसपी प्रभात कुमार ने सम्मानित पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि आधुनिक पुलिसिंग में तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने वाले पुलिसकर्मियों को आगे भी प्रोत्साहित और सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे प्रयासों से विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, गति और कार्यकुशलता को और मजबूती मिलेगी।

## सम्पादकीय.....

# मीनाक्षी नटराजन प्रकरण से लें सबक

**कांग्रेस** की पूर्व सांसद और मध्यप्रदेश से राज्यसभा उम्मीदवार बनायी गयीं मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करने के निर्णय से भोपाल से लेकर दिल्ली तक हंगामा बरपता रहा। चार वर्ष पूर्व चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जब तत्कालीन रिटर्निंग अधिकारी अनिल मसीह ने मतपत्रों में गड़बड़ी कर भाजपा को जिताया था, तो सारा वाकया कैमरे में रिकॉर्ड हुआ था। सर्वोच्च न्यायालय तक ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया था। लेकिन, सत्तारूढ़ भाजपा को न तब कोई फर्क पड़ा, न अब पड़ रहा है। चुनाव आयोग और भाजपा मीनाक्षी नटराजन मामले में कांग्रेस को ही कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। वैसे, इस मामले को कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान की दृष्टि से भी देखा जा रहा है। मीनाक्षी नटराजन का पर्चा 09 जून को रिटर्निंग अधिकारी ने यह कहते हुए रद्द कर दिया कि उन्होंने तेलंगाना में अपने ऊपर दर्ज आपराधिक मामले का उल्लेख नहीं किया। जबकि, तथ्य यह है कि उन पर कोई मामला दर्ज ही नहीं हुआ, कोई प्राथमिकी भी दर्ज नहीं हुई, केवल निजी शिकायत मीनाक्षी नटराजन के खिलाफ की गयी थी। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा है कि किसी की निजी शिकायत पर न्यायालय से एक नोटिस आयी, जिसमें सुश्री नटराजन से कहा गया कि आप आकर हमें बताइए कि हम केस का संज्ञान लें या नहीं। मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेना एक प्राथमिक चरण होता है और उसमें यह निर्णय किया जाता है कि केस आगे चलना चाहिए या नहीं। बिना संज्ञान के कोई भी क्रिमिनल केस जन्म ही नहीं लेता है। ध्यातव्य है कि चुनाव आयोग के कानून में प्रावधान यही है कि प्रत्याशी को सिर्फ वही खुलासा करना है, जिसमें अपराध सिद्ध हो चुका हो और दो वर्ष से अधिक की सजा हो चुकी हो। रिटर्निंग अधिकारी को यही देखना होता है। लेकिन, इस मामले में मजिस्ट्रेट ने संज्ञान नहीं लिया है। दरअसल, आरोप पत्र दाखिल होना और आरोप तय होना, दोनों अलग-अलग बात है। लेकिन, रिटर्निंग अधिकारी ने खुद ही तय कर लिया कि यह आपराधिक मामला है, जिसे मीनाक्षी नटराजन ने छिपाया और इसे ही आधार बना कर उनका नामांकन रद्द कर दिया। देश की वरिष्ठ वकील तीस्ता सीतलवाड का भी कहना है कि 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33 ए के तहत ऐसी कोई जानकारी तभी दी जानी है, जब न्यायालय आरोप तय कर दे। न्यायालय की नोटिस इस बात का प्रमाण है कि अभी तक आरोप तय नहीं किये गये हैं। जब तक आरोप तय नहीं हो जाते, तब तक जानकारी देने की जरूरत नहीं है। इसलिए रिटर्निंग अधिकारी ने गैर-कानूनी और नियम-विरुद्ध काम किया है। तीस्ता सीतलवाड ने कहा है कि उनके खिलाफ आवाज उठायी जानी चाहिए और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। अब कांग्रेस क्या करती है, यह देखनेवाली बात होगी। 09 जून को जब पता चला कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज किया गया है, तो कांग्रेस नेताओं ने तुरन्त दिल्ली में केन्द्रीय निर्वाचन आयोग पहुंच कर शिकायत दर्ज करानी चाही। लेकिन, उन्हें वहां किस तरह सुरक्षाकर्मियों ने रोका, इसे पूरे देश ने देखा। इस बीच कांग्रेसियों ने सामूहिक उपवास भी किया। राज्य चुनाव आयोग के दफ्तर में संघ की यूनिफॉर्म लगा दी गयी है। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर न्यायालय जाने की तैयारी कर रही है। साथ ही, राष्ट्रपति के पास भी शिकायत दर्ज की जायेगी। देश में सामान्य तौर पर जब भी राजनैतिक दल को कोई शिकायत होती है, तो इसी तरह के तरीके अपना कर इंसाफ की मांग उठायी जाती है। लेकिन, भाजपा शासन में सामान्य तौर-तरीके की परिभाषा बदल चुकी है। अतः, कांग्रेस के साथ अब शेष विपक्ष को भी खुल कर खड़ा होना होगा, क्योंकि आज जो मीनाक्षी नटराजन के साथ हुआ, अगली बार वह किसी और पार्टी के प्रत्याशी के साथ होगा, यह तय बात है।

## ● किसने क्या कहा



वैश्विक कृषि साझेदारी के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बन सकता है भारत का दृष्टिकोण

**शिवराज सिंह**
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

आस्था व आर्थिकी के संगम से विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा भारत

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री (उत्तर प्रदेश)



# भारत-बांग्लादेश सम्बन्धों में बढ़ता अविश्वास

विशेष | **डॉ. सत्यवान सौरभ**



भारत और बांग्लादेश लगभग 4,096 किलोमीटर लम्बी सीमा साझा करते हैं, जो भारत की किसी भी पड़ोसी देश के साथ सबसे लम्बी स्थलीय सीमा है। दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक, भाषाई और ऐतिहासिक सम्बन्ध मौजूद हैं। पिछले एक दशक में भूमि सीमा समझौता, सीमा प्रबंधन, आतंकवाद विरोधी सहयोग, ऊर्जा व्यापार तथा क्षेत्रीय सम्पर्क परियोजनाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। बांग्लादेश आज भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को मुख्य भूमि से जोड़ने में भी उसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग केवल द्विपक्षीय नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए आवश्यक है।

**भारत** और बांग्लादेश के सम्बन्ध दक्षिण एशिया की कूटनीति में विशेष महत्व रखते हैं। वर्ष 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के समय भारत ने जिस प्रकार राजनीतिक, सैन्य और मानवीय सहयोग प्रदान किया, उसने दोनों देशों के बीच मैत्री और विश्वास की मजबूत नींव रखी। पिछले पाँच दशकों में व्यापार, सुरक्षा, ऊर्जा, संपर्क, जल संसाधन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति तथा बांग्लादेश की विकासोन्मुख विदेश नीति ने भी संबंधों को नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं। इसके बावजूद हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में तनाव और अविश्वास के संकेत दिखाई दिए हैं। यह स्थिति इस तथ्य को रेखांकित करती है कि पड़ोसी देशों के साथ संबंध केवल रणनीतिक हितों से संचालित नहीं होते, बल्कि उनमें संवेदनशीलताओं, जनभावनाओं और पारस्परिक सम्मान का भी महत्वपूर्ण स्थान होता है। भारत और बांग्लादेश लगभग 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं, जो भारत की किसी भी पड़ोसी देश के साथ सबसे लंबी स्थलीय सीमा है। दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक, भाषाई और ऐतिहासिक संबंध मौजूद हैं। पिछले एक दशक में भूमि सीमा समझौता, सीमा प्रबंधन, आतंकवाद विरोधी सहयोग, ऊर्जा व्यापार तथा क्षेत्रीय संपर्क परियोजनाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। बांग्लादेश आज भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को मुख्य भूमि से जोड़ने में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग केवल द्विपक्षीय नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए आवश्यक है।

हाल के समय में बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में हुए बदलावों ने द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है। सत्ता परिवर्तन, राजनीतिक अस्थिरता और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच प्रतिस्पर्धा के कारण भारत की भूमिका को लेकर अलग-अलग धारणाएँ विकसित हुई हैं। बांग्लादेश के कुछ राजनीतिक समूहों में यह धारणा बनी कि भारत किसी विशेष राजनीतिक शक्ति के प्रति अधिक सहानुभूति रखता है, जबकि भारत अपनी ओर से स्थिरता और विकास को प्राथमिकता देने की बात करता रहा है। इस प्रकार की धारणाएँ चाहे तथ्यात्मक रूप से सही हों या नहीं, वे विश्वास के वातावरण को प्रभावित करती हैं और संबंधों में मनोवैज्ञानिक दूरी उत्पन्न करती हैं। तीस्ता नदी के जल बँटवारे का मुद्दा लंबे समय से दोनों देशों के बीच एक प्रमुख विवाद का विषय बना हुआ है। बांग्लादेश के लिए तीस्ता नदी का जल कृषि और आजीविका की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कई वर्षों से प्रस्तावित समझौता विभिन्न कारणों से लंबित है, जिससे बांग्लादेश में यह भावना विकसित हुई है कि उसकी चिंताओं को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल रही। भारत की संघीय व्यवस्था में राज्यों की भूमिका भी इस विषय को जटिल बनाती है, लेकिन समाधान में देरी ने अविश्वास को बढ़ावा दिया है। जल संसाधनों के न्यायसंगत और टिकाऊ प्रबंधन के बिना दीर्घकालिक विश्वास निर्माण कठिन प्रतीत होता है।

सीमा संबंधी मुद्दे भी संबंधों में तनाव का कारण बने हैं। तस्करी, अवैध आव्रजन और सीमा सुरक्षा की चुनौतियों के कारण कई बार सीमा पर अप्रिय घटनाएँ हुई हैं। नागरिक हताहतों की घटनाओं ने बांग्लादेश में व्यापक प्रतिक्रिया उत्पन्न की है और भारत की छवि पर भी प्रभाव डाला है। यद्यपि दोनों देशों की सीमा सुरक्षा एजेंसियाँ समन्वय बढ़ाने के प्रयास कर रही हैं, फिर भी ऐसी घटनाएँ आम लोगों के मन में नकारात्मक भावनाएँ पैदा करती हैं। पड़ोसी देशों के बीच सीमा केवल सुरक्षा का विषय नहीं होती, बल्कि मानवीय और सामाजिक संबंधों से भी जुड़ी होती है। नागरिकता संशोधन अधिनियम (उअअ) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (ठफ्ठ) जैसे मुद्दों ने भी बांग्लादेश में कुछ आशंकाएँ उत्पन्न कीं। यद्यपि भारत ने बार-बार स्पष्ट किया कि ये उसकी आंतरिक नीतियाँ हैं, फिर भी बांग्लादेश में यह चिंता व्यक्त की गई कि इनका अप्रत्यक्ष प्रभाव भविष्य में दोनों देशों के संबंधों पर पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नीतियों की वास्तविकता के साथ-साथ उनकी सार्वजनिक धारणा भी महत्वपूर्ण होती है और यही कारण है कि ऐसे मुद्दे कभी-कभी कूटनीतिक विमर्श का हिस्सा बन जाते हैं। दक्षिण एशिया में चीन की बढ़ती सक्रियता भी भारत-बांग्लादेश संबंधों को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है। बांग्लादेश ने अपनी विकास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चीन सहित कई देशों के साथ आर्थिक और अवसंरचनात्मक सहयोग बढ़ाया है। भारत के लिए यह स्वाभाविक चिंता का विषय है कि क्षेत्र में किसी बाहरी शक्ति का अत्यधिक प्रभाव उसके रणनीतिक हितों को प्रभावित कर सकता है। दूसरी ओर बांग्लादेश अपनी विदेश नीति में संतुलन बनाए रखते हुए विभिन्न देशों से निवेश और तकनीकी सहयोग प्राप्त करना चाहता है। इस स्थिति में दोनों देशों के लिए पारदर्शिता और संवाद अत्यंत आवश्यक हो जाते हैं। व्यापारिक असंतुलन भी अविश्वास के कारकों में शामिल है। यद्यपि द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इसका लाभ अपेक्षाकृत अधिक भारत को मिलता हुआ दिखाई देता है।

# अस्तित्व की लड़ाई में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस

गौरतलब | **कांतिलाल मांडोत**



भारतीय राजनीति में कांग्रेस कभी देश की सबसे शक्तिशाली राजनीतिक पार्टी रही है। स्वतंत्रता आन्दोलन की विरासत और लम्बे समय तक केंद्र तथा राज्यों में सत्ता के कारण कांग्रेस का प्रभाव लगभग पूरे देश में फैला हुआ था। लेकिन, पिछले एक दशक में पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर हुआ है। कई राज्यों में उसका संगठन लगभग निष्क्रिय हो चुका है।

**दिल्ली** में राहुल गांधी और अभिषेक बनर्जी की मुलाकात तथा उससे पहले सोनिया गांधी और ममता बनर्जी के बीच हुई बातचीत ने राष्ट्रीय राजनीति में नई चचाओं को जन्म दे दिया है। इन बैठकों को लेकर भले ही किसी भी पक्ष ने औपचारिक रूप से किसी गठबंधन या विलय की संभावना की पुष्टि नहीं की हो, लेकिन राजनीति में संकेतों का महत्व हमेशा शब्दों से अधिक माना जाता है। विशेष रूप से तब, जब दोनों दल अपने-अपने राजनीतिक जीवन के कठिन दौर से गुजर रहे हों। ऐसे समय में लगातार हो रही मुलाकातें केवल शिष्टाचार तक सीमित नहीं मानी जा सकतीं। इनके पीछे बदलते राजनीतिक समीकरणों और भविष्य की रणनीतियों की झलक भी दिखाई देती है। भारतीय राजनीति में कांग्रेस कभी देश की सबसे शक्तिशाली राजनीतिक पार्टी रही है। स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत और लंबे समय तक केंद्र तथा राज्यों में सत्ता के कारण कांग्रेस का प्रभाव लगभग पूरे देश में फैला हुआ था। लेकिन पिछले एक दशक में पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर हुआ है। कई राज्यों में उसका संगठन लगभग निष्क्रिय हो चुका है। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में कांग्रेस अब मुख्य राजनीतिक शक्ति नहीं रह गई है। राष्ट्रीय स्तर पर भी उसका वोट प्रतिशत और सीटों की संख्या पहले की तुलना में काफी घट चुकी है। कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती यह रही है कि वह भाजपा के उभार के सामने एक प्रभावी वैकल्पिक राजनीतिक कथा प्रस्तुत नहीं कर सकी। कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगाई। कहीं जातीय राजनीति ने जगह बनाई तो कहीं क्षेत्रीय अस्मिता का मुद्दा कांग्रेस पर भारी पड़ा। परिणाम यह हुआ कि राष्ट्रीय पार्टी होने के बावजूद कांग्रेस का प्रभाव सीमित क्षेत्रों तक सिमटता गया। हालांकि राहुल गांधी की यात्राओं और विपक्षी एकता के प्रयासों ने पार्टी को कुछ हद तक राजनीतिक चर्चा के केंद्र में बनाए रखा, लेकिन यह भी सच है कि कांग्रेस अभी तक अपनी पुरानी ताकत हासिल नहीं कर सकी है। दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में तीन दशक से अधिक समय तक सत्ता में रही वामपंथी सरकार को हटाकर एक नई राजनीतिक शक्ति खड़ी की थी। बाद में उन्होंने भाजपा की चुनौती का भी सफलतापूर्वक मुकाबला किया।

## अंकजाल - 8297

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*



**अंकजाल 8296 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## कर्म से बना है वर्ण

**मेरे** द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।




## आज का इतिहास

- जलालुद्दीन फिरोजशाह 1420 में दिल्ली की गद्दी पर बैठा।
- ब्रिटेन के राजा हेनरी प्रथम ने 1625 में फ्रांस की राजकुमारी हिनरीती से विवाह किया था।
- इंग्लैंड ने 1721 को मैड्रिड के साथ संधिपत्र पर हस्ताक्षर किया।
- सिराजुद्दौला से युद्ध के लिए ईस्ट इंडिया कम्पनी के रॉबर्ट क्लाईव ने 1757 में मुर्शिदाबाद के लिए कूच किया।
- ब्रिटिस अमेरिका के उपनिवेश रोड आयरलैंड ने 1774में दास प्रथा पर प्रतिबंध लगाया। वह ऐसा करनेवाली पहला उपनिवेश था।
- कनाडा के वैंकूवर शहर में 1886 को आग लगने के कारण लगभग 1,000 इमारत जल कर खाक हुई।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1888 में श्रम विभाग का गठन किया।
- अमेरिका में पहली बार 1927 में स्टेचू आफ लिबर्टी के दाहिने हाथ से अमेरिकी ध्वज प्रदर्शित किया गया।
- इंग्लैंड और फ्रांस ने 1932 में शांति संधि पर हस्ताक्षर किया।
- जलियांवाला बाग हत्याकांड के समय पंजाब के गवर्नर रहे माइकल ओ डायर की हत्या कर उस हत्याकांड का बदला लेनेवाले भारतीय ऊधमसिंह को 1940 में लंदन में फांसी दे दी गयी।
- स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने 1943 में पनडुब्बी द्वारा जर्मनी से टोक्यो की यात्रा शुरू की।
- नाजी जर्मनी ने 1944 में श-1 बमों से हमला शुरू किया।
- संयुक्त राष्ट्र के सैनिकों ने 1951 में प्योंगयांग उत्तर कोरिया पर कब्जा कर लिया।
- 72 वर्षों तक अपने नियंत्रण में रखने के बाद ब्रिटेन ने 1956 में स्वेज नहर का नियंत्रण मिस्र को सौंपा।
- राजकुमार नरोत्तम सिंह 1960 में आलोक कंबोडिया के राष्ट्रपति बने थे।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 1976 में सोवियत संघ की इजराइल पर प्रस्ताव लाकर वोटिंग करवाने की मांग खारिज कर दी।
- इजरायल के सुरक्षा बल लेबनान से 1978 में हटे।
- किम कैम्पबेल कनाडा की पहली महिला प्रधानमंत्री 1993 में बनीं।

## सुविचार

हमें भूत के बारे में पछतावा नहीं करना चाहिए, ना ही भविष्य के बारे में चिन्तित होना चाहिए, विवेकवान व्यक्ति हमेशा वर्तमान में जीते हैं।
**चाणक्य**

हम सभी एक-दूसरे की मदद करना चाहते हैं, मनुष्य ऐसे ही होते हैं, हम एक-दूसरे के सुख के लिए जीना चाहते हैं, दुःख के लिए नहीं।
**चार्ली चेपलिन**

## राशिफल

**मेष** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**तुला** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये-पैसों की सुविधा नहीं मिल पायेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। समय अच्छा चल रहा है।

**वृष** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**वृश्चिक** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन** समय नकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। सचेत रहें।

**धनु** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। समय अच्छा है।

**सिंह** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। धैर्य के साथ रहें।

**कुंभ** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। सचेत रहें।

**कन्या** पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

# पर्यावरण के लिए गम्भीर चुनौती बन रही है जंगल की आग



**मनोज कुमार अग्रवाल**

**जंगल** की आग (दावानल) एक अत्यंत विनाशकारी प्राकृतिक व मानवजनित आपदा है। यह अनियंत्रित आग चंद घंटों में हजारों हेक्टेयर वन भूमि, मूल्यवान पेड़ों और वन्यजीवों को राख में बदल देती है, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाता है और भारी बबार्दी होती है।जंगल की आग के प्रभाव और नुकसान कई स्तरों पर महसूस किए जाते हैं। वन्यजीवों की मौत हो जाती है आग की चपेट में आने से कई जानवर, पक्षी और उनके बच्चे जिंदा जल जाते हैं। जो बच जाते हैं, उनके प्राकृतिक आवास और भोजन स्रोत नष्ट हो जाते हैं।आग के धुएं से भारी मात्रा में जहरीली गैसें जैसे कार्बन डाइऑक्साइड निकलती हैं, जिससे आसपास के क्षेत्रों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं, सांस लेने में दिक्कत और वायु प्रदूषण होता है। बेशकीमती लकड़ियां, औषधीय पौधे और वनस्पतियां जलकर नष्ट हो जाती हैं। इसके अलावा, आग वाली जगह पर मिट्टी की उपजाऊ क्षमता खत्म हो जाती है। कई बार यह आग रिहायशी इलाकों तक पहुंच जाती है, जिससे लोगों के घर, खेत और मवेशी नष्ट हो जाते हैं। जानमाल का भारी खतरा पैदा हो जाता है।जंगल की आग में अकेले उत्तराखंड में वर्ष 2015 से अब तक 36 लोगों की जान ले चुकी है, जबकि 76 लोग घायल हुए।

विश्वभर में पर्यावरण के तेजी से असंतुलित और विषाक्त होते जाने के परिणाम अब गंभीर रूपों में सामने आते जा रहे हैं। ये प्रभाव रोकने के बावजूद भले ही सामान्य लोग इनका अनुभव नहीं कर पा रहे हों लेकिन वैज्ञानिकों द्वारा किए जाने वाले शोधों और अनुसंधानों में इन्हें लेकर कोई भ्रम या अनिश्चितता नहीं है। विडंबना यह है कि सारी बातें साफ तौर पर सामने रख दिए जाने के बावजूद आम लोग ही नहीं बल्कि सरकारें तक सुधरने के लिए तैयार नहीं हैं। शोध बताता है कि आग से पैदा होने वाला प्रदूषण वायु गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। जंगलों की आग से निकलने वाले धुएं में सिर्फ कार्बन डाइऑक्साइड ही नहीं बल्कि कई ऐसे कार्बनिक यौगिक भी होते हैं जो ज्यादा खतरनाक सिद्ध हो रहे हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने भी माना है कि गंगा के मैदानों की धुंध और अमेजन के जंगलों से उठने वाला धुआं वायु प्रदूषण को लगातार बढ़ा रहा है। इसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य, कृषि और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। संगठन ने एक उदाहरण के माध्यम से बताया है कि दो साल पहले अमेजन में लगी आग से निकला धुआं हजारों किलोमीटर दूर बसे शहरों तक पहुंचा और वहां की हवा को गंभीर रूप से प्रदूषित कर दिया। ऐसा ही एक अध्ययन बताता है कि 2001 के बाद से जंगलों की आग से होने वाले कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में करीब साठ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह भी बताया गया है कि उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के बाहर मौजूद जंगलों में भी कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में गंभीर इजाफा हुआ है। इन क्षेत्रों में हर साल करीब पचास करोड़ टन अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण में जा रहा है। आमतौर पर जंगलों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है जिसके कारण उनके संरक्षण की दिशा में कदम भी नहीं उठाए जाते। विकसित देशों तक का यही हाल है। नतीजा यह है कि वनाग्नि जैसी घटनाएं होती हैं। बुझाने के उपाय न होने के कारण यह आग फैलती जाती है और पर्यावरण खतरनाक रूप से प्रदूषित होता जाता है।

# उड़ान के दौरान यात्री को पानी न देना उपभोक्ता सेवा में कमी !

गौरतलब | **डॉ. श्रीगोपाल नारसन**



तरुण कुमार चौरसिया ने फ्लाइट नम्बर एसएल0214 के तहत अपने और अपने परिवार के लिए बैंकॉक की यात्रा के लिए टिकट बुक किये थे, जो मूल रूप से 13 से 20 जनवरी, 2025 तक निर्धारित थे। थाई लायन एयर ने उपभोक्ता की सहमति के बिना उड़ान को 14 से 21 जनवरी तक पुनर्निर्धारित कर दिया, जिससे परिवार की यात्रा योजना बाधित हुई और उन्हें वित्तीय नुकसान हुआ, जिसमें 2,527 रुपये की गैर-वापसी योग्य होटल बुकिंग भी शामिल है।

**हिमाचल** के जिला धर्मशाला उपभोक्ता आयोग ने उड़ान में बच्चों को पानी न देने के लिए थाई लायन एयर पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। यह परिवाद तरुण कुमार चौरसिया ने उपभोक्ता आयोग के समक्ष दायर किया था, जिन्होंने बैंकॉक की यात्रा के लिए अपने और अपने परिवार के लिए हवाई टिकट बुक किए थे। हेमांशु मिश्रा और आरती सूद की अध्यक्षता वाले जिला उपभोक्ता आयोग ने यह भी माना कि एयरलाइन का यह आचरण बुनियादी मानवाधिकारों का उल्लंघन और सेवा में कमी का मामला है। तरुण कुमार चौरसिया ने फ्लाइट नंबर एसएल0214 के तहत अपने और अपने परिवार के लिए बैंकॉक की यात्रा के लिए टिकट बुक किए थे, जो मूल रूप से 13 से 20 जनवरी, 2025 तक निर्धारित थे। थाई लायन एयर ने उपभोक्ता की सहमति के बिना उड़ान को 14 से 21 जनवरी तक पुनर्निर्धारित कर दिया, जिससे परिवार की यात्रा योजना बाधित हुई और उन्हें वित्तीय नुकसान हुआ, जिसमें 2,527 रुपये की गैर-वापसी योग्य होटल बुकिंग भी शामिल है।

अमृतसर से बैंकॉक की उड़ान के दौरान, एयरलाइन के कर्मचारियों ने उनके 10 और 15 वर्ष के बच्चों को पीने का पानी देने से यह कहकर इनकार कर दिया कि पानी मुफ्त नहीं है और केवल थाई करेंसी में ही खरीदा जा सकता है। एयरलाइन द्वारा भारतीय मुद्रा स्वीकार न किए जाने के कारण बच्चे छह घंटे की पूरी यात्रा के दौरान प्यासे रहे। जिसपर थाई लायन एयर और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय दोनों को नोटिस भेजे जाने के बाद जिला उपभोक्ता आयोग ने इस मामले पर सुनवाई की। वैध नोटिस मिलने के बावजूद, कोई भी विपक्षी पक्ष आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। परिणामस्वरूप, उपभोक्ता के हलफनामे और सहायक दस्तावेजों के आधार पर मामले की कार्यवाही एकतरफा सुनवाई के लिए निर्धारित की गई। आयोग ने हस्ताक्षरित यात्री टिप्पणी प्रपत्र (अनुलग्नक सी-4) को मुख्य साक्ष्य के रूप में संदर्भित किया और पाया कि सुनीसा नामक एक चालक दल सदस्य ने एक बयान पर हस्ताक्षर करके पुष्टि की थी कि उड़ान में नियमित पानी की कोई मुफ्त व्यवस्था नहीं थी और खरीद के लिए केवल थाई करेंसी ही स्वीकार किए जाते थे।

अपने फैसले में उपभोक्ता आयोग ने कहा, 'हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि विपक्षी पार्टी नंबर 1 थाई लायन एयर ने उपभोक्ता के नाबालिग बच्चों को छह घंटे की लंबी यात्रा के दौरान प्यासा रखकर सेवा में लापरवाही बरती है। विपक्षी पार्टी नंबर एक के चालक दल ने न केवल सेवा में लापरवाही बरती है, बल्कि इस मामले में बुनियादी मानवाधिकारों का भी उल्लंघन हुआ है। उपभोक्ता की पूर्व सहमति के बिना उड़ान का समय बदलना भी सेवा में लापरवाही है। इसलिए, शिकायत स्वीकार की गई।उपभोक्ता आयोग ने थाई लायन एयर को मानसिक पीड़ा के मुआवजे के रूप में एक लाख रुपये, होटल के नुकसान के लिए 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 2,527 रुपये और मुकदमे खर्च के रूप में 10,000 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 को लेकर तैयारियों की हुई समीक्षा बैठक

# सभी कार्यों को गम्भीरता के साथ करें निष्पादित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को मेदिनीनगर स्थित टाउन हॉल में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम S.I.R.-2026 को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डालटनगंज, विश्रामपुर, हुसैनाबाद और छत्तरपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, विभिन्न सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी बीएलओ सुपरवाइजर समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के सफल संचालन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गयी। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में हम सभी को जीरो एरर नीति के तहत कार्य करना है। यह विशेष रूप से सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं तथा कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। समीक्षा के दौरान विभिन्न निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत बीएलओ सुपरवाइजर से पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण के साथ मतदाताओं का मिलान, डाटा प्रविष्टियों का सत्यापन एवं विलोपन, प्रपत्र संग्रहण एवं निष्पादन, मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन तथा एएसडीडी सूची तैयार करने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। संबंधित पदाधिकारियों को सभी कार्यों को गंभीरता एवं सतर्कता के साथ निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 20 जून 2026 से पलामू जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जायेगा।



- मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए अत्यन्त आवश्यक : उपायुक्त
- मतदाताओं का मिलान, डाटा प्रविष्टियों का सत्यापन एवं विलोपन, प्रपत्र संग्रहण एवं निष्पादन, मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर हुई चर्चा

## रात्रि जांच अभियान में 56 भारी वाहनों की जांच, 1.02 लाख रुपये का जुर्माना

**लातेहार** : सदर थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला परिवहन विभाग ने गुरुवार की देर रात विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान लातेहार थाना क्षेत्र से गुजरने वाले भारी वाहनों के दस्तावेज, फिटनेस, परमिट, ओवरलोडिंग तथा अन्य यातायात नियमों की जांच की गयी। जांच के क्रम में कई वाहनों में नियमों के उल्लंघन के मामले सामने आए, जिसके बाद मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन चालान काटे गए। जिला परिवहन विभाग की ओर से जारी जानकारी के अनुसार कुल 56 भारी वाहनों की जांच की गई। इनमें से 8 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर ऑनलाइन चालान किया गया। इस कार्रवाई के तहत कुल 1 लाख 2 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं, नियमों के गंभीर उल्लंघन के मामले में एक वाहन को जब्त भी किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर विभाग पूरी तरह गंभीर है और नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों एवं मालिकों के खिलाफ आगे भी नियमित जांच अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने वाहन चालकों से सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। रात्रिकालीन जांच अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप देखा गया, जबकि प्रशासन ने इसे सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम बताया है।

## एक झलक

### अतिक्रमण पर दूसरे दिन भी चला बुलडोजर, रेलवे स्टेशन मार्ग से हटाया गया कब्जा

**लातेहार** : उपायुक्त के निर्देश पर सड़क सुरक्षा और अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत नगर पंचायत की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। शुक्रवार को नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान नवरंग चौक से रेलवे स्टेशन तक सड़क के दोनों किनारों पर किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया। नगर पंचायत की टीम ने सड़क और नालियों पर रखे गए सामान को भी जब्त किया। नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा ने बताया कि दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे सामान रखने और ठेला-खोमचे लगाने से आवागमन प्रभावित हो रहा था। इससे अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। यातायात को सुचारू और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने दुकानदारों और स्थानीय लोगों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों का सामान सड़क या नालियों पर न रखें। चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा अतिक्रमण करते पाए जाने पर नगरपालिका अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, रेवेन्यू इंस्पेक्टर, फील्ड सुपरवाइजर, सैनिटरी सुपरवाइजर समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### थाना दिवस में 10 मामले का किया गया निष्पादन

**मरकच्चो** : मरकच्चो थाना प्रांगण मरकच्चो में शुक्रवार को अंचलाधिकारी मरकच्चो परमेश्वर कुशवाहा की अध्यक्षता में 10 लोगों का जमीनी मामलों का निष्पादन किया गया। जानकारी के अनुसार थाना दिवस में आये तीन मामले को ऑन स्पॉट सुलझाया गया। एवं तीन मामलों पर अंचल निरीक्षक एवं अंचल अमीन और राजस्व कर्मचारी को स्थल जांच के आदेश दिए। एवं चार मामलों में प्रथम पक्ष थाना दिवस में मौजूद थे एवं द्वितीय पक्ष उपस्थित नहीं हुए। अनुपस्थित मामलों में आगे की तारीख दिया गया ।वहीं थाना दिवस में अंचल निरीक्षक मरकच्चो, राजस्व कर्मचारी चंदन कुमार, मरकच्चो थाना एस आई सहदेव यादव मौजूद थे।

### धनगड़ा सड़क दुर्घटना स्थल पर घंटों जमे रहे सिमरिया विधायक

**चतरा** : टंडवा प्रखंड के धनगडा में हुए सड़क दुर्घटना में पंहुचे विधायक कुमार उज्जवल साथ ही प्रतिदिन सड़क दुर्घटना में कॉल वहां से हो रही मृत्यु पर सख्त दिखे विधायक घटना स्थल पर से ही सभी अधिकारियों से बात कर चट्टीबरियातु एवं पकरी बरवाडीह से आने वाले कोलवाहन की गाड़ियों का परिचालन अविलंब बंद करने को कहा अगर बंद नहीं किया गया तो सिमरिया विधानसभा के साथ-साथ टंडवा के संपूर्ण जनता की सुरक्षा हेतु उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। सिमरिया विधानसभा के विधायक कुमार उज्जवल दास के प्रयास से मृतक के परिवार को 6 लाख रुपये की सहयोग राशि कम्पनियो के द्वारा एवं 4 लाख रुपए हिट ऑफ रन के तहत मुआवजा के साथ सड़क जाम हटा लेने पर सहमति बनी। इस घटना की जानकारी विधायक प्रतिनिधि गोविंद तिवारी मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह, मिश्रोल मंडल उपाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंह ने दिया।

## जमीन विवाद में बड़े भाई की कुल्हाड़ी मार कर हत्या, पत्नी और पुत्र भी गम्भीर रूप से घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)** : जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के पोटमाडीह गांव में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो भाइयों के बीच चल रहे विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। बीच-बचाव करने पहुंची मृतक की पत्नी और पुत्र भी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार, पोटमाडीह गांव निवासी कामिल बेक और उनके छोटे भाई पोलिकार्प बेक के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार को दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गयी। आरोप है कि पोलिकार्प बेक ने गुस्से में आकर अपने बड़े भाई कामिल बेक पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गम्भीर चोट लगने से कामिल बेक मौके पर ही गिर पड़े। हमले के दौरान कामिल बेक को बचाने पहुंची उनकी पत्नी सलोमी बेक और पुत्र निलेश बेक पर भी आरोपी ने हमला कर दिया। दोनों को गम्भीर चोटें आयी हैं। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों की मदद से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआडांड़ ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद कामिल बेक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सलोमी बेक और निलेश बेक की हालत गम्भीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केन्द्र रेफर कर दिया गया।

## पलामू प्रमंडलीय आयुक्त ने विभागीय परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

# परीक्षा सम्बन्धी सभी मानकों का सख्ती से करें पालन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय ने आगामी विभागय परीक्षा दिनांक (14 जून) को मद्दे नजर रखते हुए गिरिवर +2 हाई स्कूल का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आयुक्त ने परीक्षा संचालन को पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यालय परिसर में स्वच्छता, पेयजल (डिस्पोजल के साथ), शौचालय, बिजली, सी.सी.टी.वी., मेडिकल किट एवं बैठने की समुचित व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा कक्षों में पर्याप्त रोशनी एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं साथ ही परीक्षार्थियों के लिए आयुक्त ने चाय और बिस्किट की भी व्यवस्था उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। उन्होंने केंद्र पर अनुशासन बनाए रखने तथा परीक्षा संबंधी सभी मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने विद्यालय प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।



## झारखंड ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप प्रोग्राम छात्रों के लिए एक बेहतर मंच : अनिता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : चंदवा प्रखंड में इंटर्नशिप प्रोग्राम के अवसर पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी को बनवारी साहू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार तिवारी ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी, मुखिया एवं पंचायत सचिव आरती सक्सेना को भी सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में समाजसेवी अंकित तिवारी, वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रोफेसर शत्रुघ्न मेहता तथा कार्मिक विभाग में वरिष्ठ पद पर कार्यरत प्रवीण सिंह को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में पंचायत कर्मी प्रिंस गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत युवाओं को स्थानीय प्रशासन, पंचायत व्यवस्था और सामाजिक कार्यों से जोड़ने की पहल की गई। कार्यक्रम में दो टीमों का गठन किया गया, जिसमें खुशी, अभिषेक, कृति, नुसरत, सपना, पूजा, सुमन और मधु ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को समझते हुए समाज एवं पंचायत स्तर पर बेहतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जतायी।



## अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर बाल श्रम, बाल तस्करी व बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता का संदेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : नीति आयोग के डेवलपमेंट पार्टनर एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन (खफ्छ) के सहयोगी संगठन एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (ए.वी.ए) द्वारा वसुंधरा गार्डन, कोडरमा में बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बाल विवाह उन्मूलन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम के चीफ नवल किशोर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मंदीप रजक तथा बाल नेता सुश्री दीपांजलि कुमारी सहित ग्राम पंचायतो जनप्रतिनिधि, बच्चों, महिलाओं एवं युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उनके अधिकारों, कानूनी संरक्षण, बच्चों एवं उनके परिवारों के संचालित सरकारी योजनाओं तथा बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बाल विवाह जैसे गंभीर अपराधों की रोकथाम से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। वक्ताओं ने बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मानपूर्ण बचपन सुनिश्चित करने के लिए समाज के सभी वर्गों से सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा तैयार किये गये जागरूकता पोस्टर अतिथियों को भेंट किये गये।

## वनाधिकार मामलों के समाधान को लेकर उपायुक्त ने जांच कर कार्रवाई का दिया आश्वासन

**लातेहार** : वनाधिकार कानून (एफआरए-2006) से जुड़े विभिन्न मामलों के समाधान को लेकर उपायुक्त ने गम्भीरता दिखायी है। शुक्रवार को झारखंड जनाधिकार महासभा (लातेहार इकाई) के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को उठाया। प्रतिनिधिमंडल में जेम्स हेरेंज, जॉर्च मोनोपली, नंद किशोर गंझू और जितेंद्र सिंह शामिल थे। ज्ञापन में वनाधिकार कानून के तहत लंबित दावों के निष्पादन, अभिलेखों में अधिकारों की प्रविष्टि तथा पात्र लाभुकों को उनके अधिकारों से वंचित किए जाने संबंधी मामलों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया।ज्ञापन प्राप्त करने के बाद उपायुक्त ने सभी बिंदुओं की जांच कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वनाधिकार कानून के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी, ताकि पात्र लोगों को उनका अधिकार मिल सके।

## जल कर वसूली में गड़बड़ी का आरोप, नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने एजेंसी पर उठाये सवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार** : नगर पंचायत क्षेत्र में जल कर वसूली को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष सह वार्ड संख्या 11 के पार्षद संतोष रंजन ने जलापूर्ति की कार्यकारी एजेंसी स्पैरो पर बिना मीटर रीडिंग के मनमाना बिल भेजने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए मामले की जांच और उपभोक्ताओं से वसूली गयी अतिरिक्त राशि वापस कराने की मांग की है। शिकायत में संतोष रंजन ने बताया कि उनके नाम पर वर्ष 2024 में जलापूर्ति कनेक्शन संख्या एलटी-11030325293934 जारी किया गया था। 22 मई 2026 तक उनके मीटर की रीडिंग मात्र 11 यूनिट दर्ज की गई है, जिसकी रीडिंग स्पैरो कंपनी के कर्मी प्रवीण पासवान द्वारा ली गई थी। उनका कहना है कि निर्धारित नियम के अनुसार प्रति माह पांच यूनिट मुफ्त मानने के बाद भी उनका कुल जल कर मात्र 55 रुपये बनता है। इसके बावजूद एजेंसी द्वारा उनसे 27 जनवरी 2026 तक 952 रुपये की वसूली की जा चुकी है। वहीं अप्रैल माह में उनके मोबाइल पर 670 रुपये बकाया का बिल भी भेजा गया। इस प्रकार 11 यूनिट खपत पर कुल 1,622 रुपये का बिल जारी किया गया, जिसे उन्होंने पूरी तरह गलत बताया है। संतोष रंजन ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत एजेंसी के सर्कल मैनेजर नवनीत कुमार सिंह, टीम मैनेजर आदित्य कुमार सिंह और कनीय अभियंता अमित कुमार से भी की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी द्वारा घर-घर जाकर मीटर रीडिंग लेने के बजाय उपभोक्ताओं को एक तय राशि का बिल भेजा जा रहा है। जबकि नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में राजस्व निरीक्षक और स्पैरो के संग्रहणकताओं को प्रत्येक कनेक्शन की जांच कर वास्तविक मीटर रीडिंग के आधार पर जल कर पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया था। नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि वास्तविक खपत के बजाय मनमाने ढंग से बिल भेजना नियमों के विपरीत है।

## डंडई प्रखंड कार्यालय में बीडीओ और जिप सदस्य के बीच तीखी नोक-झोंक, पुलिस ने कराया मामला शांत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा)** : डंडई प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ देवलाल करमाली और जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी को मौके पर पहुंचना पड़ा। जानकारी के अनुसार, बीडीओ अपने कार्यालय कक्ष में सरकारी कार्यों का निष्पादन कर रहे थे। इसी दौरान जिप सदस्य मोहन पासवान कार्यालय पहुंचे और प्रखंड में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी टेलीफोन के माध्यम से नहीं दिये जाने को लेकर आपत्ति जतायी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच बहस तेज हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। बीडीओ देवलाल करमाली ने आरोप लगाया कि जिप सदस्य ऊंची आवाज में बात कर रहे थे तथा उन पर निराधार आरोप लगा रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों की सूचना जनप्रतिनिधियों को पत्र के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। स्थिति बिगड़ती देख उन्होंने थाना प्रभारी को सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कार्यालय पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। थाना प्रभारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद मर्यादित और सौहार्दपूर्ण होना चाहिए, ताकि सरकारी कार्य प्रभावित न हों।

## रोजगार कैम्प में 14 अभ्यर्थियों का चयन, 38 शॉर्टलिस्ट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : झारखंड के युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार द्वारा शुक्रवार को जिला खेल स्टेडियम परिसर में एक दिवसीय भर्ती सह निबंधन कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का उद्घाटन जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने किया। भर्ती कैम्प में टेरियर सिक्योरिटी सर्विसेज, रेहला (पलामू), जय मां शारदा ऑटोमोबाइल्स, मेदिनीनगर तथा कॉस्मोगाइरल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, रांची सहित विभिन्न निजी कंपनियों ने भाग लिया। कम्पनियों ने सिक्योरिटी गार्ड, कस्टमर एडवाइजर, टीम लीडर, ट्रेनर, मोबिलाइजर और मार्केटिंग ऑफिसर समेत कई पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जिला नियोजनालय द्वारा संचालित योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी देते हुए कंपनियों से अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देने की अपील की। उन्होंने उपस्थित युवक-युवतियों को उनकी योग्यता और रुचि के अनुसार रोजगार प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं भी दीं। जिला नियोजन-सह-जिला कौशल पदाधिकारी कुमार ने मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत संचालित सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना और बिरसा योजना की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से जिले में संचालित विभिन्न आवासीय एवं गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला नियोजनालय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार भर्ती कैंप और रोजगार मेलों का आयोजन करता रहेगा। कैम्प में विभिन्न कंपनियों द्वारा 14 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जबकि 38 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।



## आईसीयू में जिन्दगी की जंग लड़ रहा समीर टोप्पो, इलाज के लिए आर्थिक मदद की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के बरवाडीह प्रखंड के बरखेता गांव निवासी 19 वर्षीय आदिवासी युवक समीर टोप्पो गंभीर बीमारी से जूझ रहा है और इन दिनों आईसीयू में भर्ती है। परिजनों ने बेटे के इलाज के लिए आम लोगों से आर्थिक सहयोग की अपील की है। उनका कहना है कि लोगों की छोटी-छोटी मदद भी समीर की जान बचाने में बड़ी भूमिका निभा सकती है। सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स हरेंज ने भी जिलेवासियों और प्रशासन से समीर की सहायता के लिए आगे आने की अपील की है। उन्होंने बताया कि समीर टोप्पो ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित है और अप्रैल माह से वेल्लोर स्थित सीएमसी अस्पताल में भर्ती है। ब्रेन ट्यूमर का उसका तीसरा ऑपरेशन सफलतापूर्वक हो चुका है, लेकिन वह अभी भी आईसीयू में उपचाराधीन है। ऑपरेशन के बाद अब अस्पताल का बकाया बिल फिर से लगभग तीन लाख रुपये हो गया है। परिजनों के अनुसार, आईसीयू का खर्च प्रतिदिन करीब 1800 रुपये बढ़ रहा है। बकाया राशि जमा नहीं होने के कारण अस्पताल से छुट्टी भी नहीं मिल पा रही है। आर्थिक तंगी का आलम यह है कि परिवार के सदस्य कई बार भोजन के स्थान पर बिस्कुट खाकर दिन गुजारने को मजबूर हैं। अब तक उन्हें किसी सरकारी योजना से भी मदद नहीं मिल सकी है। परिवार ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन के अनुसार ब्रेन ट्यूमर जैसी बीमारी आयुष्मान भारत योजना की सूची में शामिल नहीं है। समीर के पिता एक मामूली वाहन चालक हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। ऐसे में इलाज का बढ़ता खर्च उनके लिए असहनीय हो गया है। परिजनों ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि इच्छुक व्यक्ति निम्न बैंक खाते में आर्थिक सहायता भेज सकते हैं...

**खाता धारक का नाम** : प्रेमलता मिंज
**बैंक** : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बरवाडीह शाखा
**खाता संख्या** : 30969670618
आईएफएससी कोड : SBIN0002917

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर लातेहार रेलवे स्टेशन में जागरूकता व शपथ कार्यक्रम आयोजित

# 'बाल श्रम छीन लेता है बच्चों का बचपन, शिक्षा और मूल अधिकार'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर वेदिक सोसाइटी द्वारा शुक्रवार को लातेहार रेलवे स्टेशन परिसर में जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल श्रम उन्मूलन, बाल तस्करी की रोकथाम तथा बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शिवम चौरसिया, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सुमित कुमार, बाल कल्याण समिति की सदस्य डॉ. आरती कुमारी, चाइल्ड हेल्पलाइन के केस वर्कर मुक्ति प्रकाश खलखो, जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण पदाधिकारी नीरज तिवारी, स्टेशन प्रबंधक संतोष कुमार, आरपीएफ के एएसआई बी. तिर्की, आरक्षी विजय साहू, वेदिक सोसाइटी के निदेशक चंद्रशेखर सिंह तथा जिला समन्वयक प्रेम प्रकाश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता फैलाने और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक शपथ दिलायी गयी। वक्ताओं ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के बचपन, शिक्षा और उनके मूल अधिकारों को छीन लेता है। इसे समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। ज्ञात हो कि वेदिक सोसाइटी ने जून माह को बाल श्रम के खिलाफ एक्शन मंथ के रूप में मनाते हुए जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया है। अभियान में विभिन्न सरकारी विभागों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सामुदायिक नेताओं और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। वेदिक सोसाइटी, बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए कार्यरत देश के सबसे बड़े नेटवर्क 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी)' की सहयोगी संस्था है, जिसमें देशभर के 250 से अधिक नागरिक समाज संगठन जुड़े हुए हैं। जून माह में बाल श्रम और बाल तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाता है, क्योंकि बच्चों की तस्करी को बाल मजदूरी का प्रमुख कारण माना जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वेदिक सोसाइटी के निदेशक चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि शोषण और मजदूरी से मुक्त कराए गए प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्थान ढाबों और फैक्ट्रियों में नहीं, बल्कि स्कूलों में है। संस्था बाल तस्करी की रोकथाम, बच्चों की मुक्ति, पुनर्वास और उनके अधिकारों की बहाली के लिए प्रशासन तथा कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करती रहेगी। उन्होंने बताया कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क का साझा निगरानी और सूचना-साझाकरण तंत्र बाल तस्करी के मामलों की पहचान और बच्चों के बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।




## वन विभाग की टीम ने साही नामक दुर्लभ जीव का किया रेस्क्यू, सुरक्षित जंगल में छोड़ा

**कुंडहित (जामताड़ा)** : शुक्रवार की सुबह को कुंडहित थाना क्षेत्र के भागवत झा आजाद महाविद्यालय परिसर में स्थित एक सुखा टैंक में साही नामक जंगली जानवर को ग्रामीणों ने देखा। साही को अंग्रेजी में पोक्यूर्पाइन कहते हैं। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग की टीम को दी। सूचना पर टीम महाविद्यालय परिसर पहुंची और साही नामक जंगली जानवर को कब्जे में लेकर कुंडहित स्थित वन विभाग के कार्यालय लेकर गये और वहां से जानवर को जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस दौरान कुडहित रैंजर मैंनेजर मिर्धा ने बताया कि यह जानवर गंगा के तटीय क्षेत्र तथा पहाड़ों के घने जंगलों में पाया जाता है। इसके शरीर के चारों तरफ सुई नुमे कांटे होते हैं ।यह कांटे काफी खतरनाक होता है। बताया कि साही नामक दुर्लभ जानवर भागवत झा आजाद महाविद्यालय सुखा टैंक से रेस्क्यू कर वन कार्यालय लाया गया। बाद में उसे जंगल में छोड दिया गया। आस पास के क्षेत्र से लोगों की भीड़ इस जानवर को देखने के लिए उमड़ पड़ी। इस दौरान रैंजर मैनैजर मिर्धा, पूर्व जिला परिषद भहजरी मंडल,जाफर, दुर्गा किस्कु, उत्पल बाद्यकर, रामकृष्ण बाउरी, मोहन मुर्मू,, लाइट हेंब्रम, होमगार्ड दिलिप बाउरी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## एक झलक

### निर्माणाधीन एकलव्य विद्यालय से गिर कर मजदूर की मौत

**गुमला** : रायडीह प्रखंड के सिलम स्थित निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय में कार्यरत एक मजदूर की तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान दुमका जिले के जयपहाड़ी गांव निवासी 38 वर्षीय मनोज देहरी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात काम खत्म होने के बाद वे अन्य मजदूरों के साथ भवन की छत पर सो रहे थे। देर रात शौच के लिए उठने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वे नीचे गिर पड़े, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मजदूरों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

### जंगल में महिला का कंकाल मिलने से सनसनी जांच में जुटी पुलिस

**पलामू** : पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के जमुदाहा जंगल में शुक्रवार को एक महिला का कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद वरीय अधिकारियों के साथ पांडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, जंगल में मिले कंकाल के पास बरामद कपड़ों के आधार पर परिजनों ने उसकी पहचान सुनीता देवी (37), पति विनोद राम, भटवलिया, पांडू के रूप में की है। बताया गया कि सुनीता देवी गत 29 मई को सुबह करीब 11 बजे जंगल में लकड़ी लाने गई थीं, जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी थीं। घटना को लेकर क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि महिला की मौत जंगली जानवर के हमले में हुई हो सकती है। वहीं, मृतका के मायके पक्ष ने उसके पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### पेड़ से लटका मिला छात्रा का शव, हत्या की आशंका

**पश्चिमी सिंहभूम** : जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत पांड्रासाली ओपी क्षेत्र में छात्रा आशा माई तीयू (18) का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका गिंदीमुंडी गांव की रहने वाली थी और चाईबासा स्थित नगरपालिका बांग्ला मध्य विद्यालय की छात्रा थी। लोपोर सिंह तीयू, मृतका के पिता और दामू तीयू, मृतका का चाचा के अनुसार, आशा माई तीयू का शव उसके गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर कुंभराम गांव के समीप स्थित पुण्डुगुटु जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। शुक्रवार सुबह जंगल में पत्ता तोड़ने गई महिलाओं ने शव देखा, जिसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों को दी गयी।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

# मामलों का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करें सुनिश्चित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आमजनों की समस्याएं एवं मांगें सुनीं। इस दौरान लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग समन्वय स्थापित करते हुए मामलों का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें।



उपायुक्त ने जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का विधिवत पंजीकरण कर उन्हें संबंधित विभागों को अविलंब प्रेषित किया जाए तथा उनके निष्पादन की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि शिकायतों का समाधान निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित हो सके। जनता दरबार में भूमि संबंधी मामले, पेयजल आपूर्ति, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सड़क निर्माण, भारतमाला परियोजना, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक समाहरणालय परिसर में नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जाता है, जहां आमजन अपनी समस्याएं एवं शिकायतें सीधे जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने वेयरहाउस का किया आंतरिक निरीक्षण

**चतरा** : भारत निर्वाचन आयोग, नयी दिल्ली से प्राप्त निर्देशों के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि आनंद द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव एवं निर्वाचन सामग्रियों के संरक्षण से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस क्रम में वेयरहाउस में लगाए गए ताले, सील, अभिलेखों तथा सुरक्षा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की भौतिक जांच की गयी। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वेयरहाउस की साफ-सफाई, नियमित निगरानी एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निर्वाचन से संबंधित उपकरणों एवं सामग्रियों का समय-समय पर परीक्षण एवं रख-रखाव भी सुनिश्चित करने को कहा, ताकि उनकी सुरक्षा एवं संरक्षा बनी रहे। उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप वेयरहाउस का सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

## चौथे दिन भी टंडवा में गरजा सिंघम सीओ गौरव रॉय का बुलडोजर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चौथे दिन भी टंडवा में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत मनिहारी महल्ला गुप्ता चौक होते हुए प्लस टू हाई स्कूल तक अभियान चलाया जा रहा है, जहां सड़क पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराया जाएगा, उक्त करवाई से आमलोगों ने राहत की सांस ली है, अब टंडवा बाजार में जाम की समस्या से लोगो को छुटकारा मिलेगा

**कार्रवाई के निर्देश :** अतिक्रमण हटाने के बाद पुनः दुकान या ठेला लगानेवालों पर सीओ ने करवाई का आदेश दिया है, इसके लिए टंडवा पुलिस को उन्होंने सपष्ट रूप से करवाई करने की बात कही है, सीओ ने बताया कि पुनः अतिक्रमण करने वालो पर जुमार्ना लगाने के साथ साथ मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा,सीओ ने बताया कि अतिक्रमण हटाने में किसी अमीर गरीब के साथ भेदभाव नही किया गया है उन्होंने सहयोग करने के लिए ग्रामीणों के प्रति आभार जताया है।

**सड़क पर बाइक खड़ी की, तो होगा जुर्माना :** सड़क और जहां तहां बाइक खड़ा करने वालो पर अब जुमार्ना लगाया जाएगा, सीओ ने बताया कि बाइक जहां तहां खड़ा करने से जाम की समस्या से लोगो का सामना करना पड़ता है।

**लगाया गया जुर्माना, बाइक पार्किंग बनेगा :** जहां-तहां वाहन खड़ा करने वालो पर सीओ गौरव रॉय द्वारा जुमार्ना लगाया गया है, गुरुवार को कुछ बाइक पर जुमार्ना लगाया गया,सीओ ने बताया कि जल्द ही उचित जगह देखकर बाइक पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी, उन्होंने कहा कि पार्किंग बनने के बाद लोग निर्धारित जगह बाइक पार्क करेंगें अन्यथा चालान काटा जाएगा।

## हंटरगंज में आयोजित भव्य सरहुल महोत्सव में शामिल हुए पूर्व मंत्री, जनसैलाब ने किया स्वागत

# प्रकृति पूजा ही हमारी पहचान, संस्कृति का संरक्षण हम सबका दायित्व : सत्यानंद भोक्ता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : प्रकृति के सबसे बड़े और पावन पर्व 'सरहुल महोत्सव' के शुभ अवसर पर चतरा विधानसभा क्षेत्र के हंटरगंज प्रखंड में एक ऐतिहासिक और पारंपरिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस भव्य महोत्सव में क्षेत्र के जनप्रिय नेता और पूर्व मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर समाज का गौरव बढ़ाया। भोगता समुदाय द्वारा आयोजित इस राजकीय व पारंपरिक महोत्सव में पूर्व मंत्री न सिर्फ संस्कृति और परंपरा के रंगों से रूबरू हुए, बल्कि उन्होंने हंटरगंज प्रखंड के पैनी कला पंचायत अंतर्गत ग्राम धोबे और करेली बार पंचायत अंतर्गत ग्राम रक्सी में आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव में शामिल होकर पूजा-अर्चना भी की।



**प्रकृति और संस्कृति हमारी अनूठी विरासत : पूर्व मंत्री**

**कार्यक्रम** में उपस्थित देवतुल्य जनता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा 'प्रकृति की पूजा ही हमारी वास्तविक पहचान है। जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संदेश देने वाला यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है। आइए, हम सब मिलकर अपनी इस अनूठी संस्कृति और समृद्ध विरासत का जश्न मनाएं और इसे अगली पीढ़ी के लिए संरक्षित करें।' श्री भोक्ता ने महोत्सव को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए भारी संख्या में पहुँचीं माताओं, बहनों, युवाओं और क्षेत्रवासियों का सहृदय आभार व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी।

**वरिष्ठ नेताओं व गण्यमान्य लोगों की रही गरिमामय उपस्थिति**

**इस** भव्य सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन के दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, राजद के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष देवलाल यादव, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, प्रदेश युवा नेता बिनोद भोक्ता, राजद जिला उपाध्यक्ष मुरारी साहू, प्रस्तावित जोरी प्रखंड अध्यक्ष सरयू भोक्ता और युवा नेता मनीष यादव समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# लम्बित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करें, स्वीकृत योजनाओं का कार्य तत्काल शुरू करें : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में योजना एवं विकास शाखा तथा सभी इंजीनियरिंग विंग के साथ अनटाईड फंड, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT), सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एमपी लैड) एवं विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एमएलए लैड) से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा सभी सम्बन्धित कार्यपालक अभियंताओं एवं विभागीय पदाधिकारियों को लंबित योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन योजनाओं का एकरनामा (एग्रीमेंट) हो चुका है, उन योजनाओं पर कार्य प्रारंभ करने में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को स्वीकृत योजनाओं का कार्य अविलंब प्रारंभ करने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजनाओं की प्रगति, व्यय की स्थिति तथा कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के समय पर क्रियान्वयन से आम जनता को उनका लाभ शीघ्र प्राप्त होगा, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर सहित विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित थे।



## मोबाइल चोरी मामले का खुलासा अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया (कोडरमा)** : तिलैया थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया सैमसंग कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चतरा जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत मखरौल निवासी संत कुमार सिंह (50 वर्ष), पिता महेश सिंह, ने तिलैया थाना में मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि 12 मई 2026 को सुबह करीब 11:30 बजे अज्ञात चोरों द्वारा उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया था। मामले के संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 161/26, दिनांक 20 मई 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए कोडरमा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तिलैया थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक विनय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले के आरोपी रौशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

## मरकच्चो प्रखंड में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम उत्सव मेला का आयोजन

# 465 किलोग्राम आम की हुई बिक्री

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी बिरसा हरित ग्राम योजना (BHGY) के तहत उत्पादित आमों के विपणन एवं बागवानी लाभुकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मरकच्चो प्रखंड परिसर में आम उत्सव मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो हुलास महतो, अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, जेएसएलपीएस के बीपीएम सूरज कुमार, तथा सीडीपीओ गीता सोय सहित प्रखंड के अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।मेले में आम बागवानी लाभुकों द्वारा लगाए गए स्टॉलों से 405 किलोग्राम कच्चे आम की बिक्री 40 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से की गई। वहीं फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, मरकच्चो द्वारा 60 किलोग्राम पके आम की बिक्री 50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से की गई। इस प्रकार मेले में कुल 465 किलोग्राम आम की बिक्री हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी ने स्वयं आम खरीदकर लाभुकों का उत्साहवर्धन किया तथा उपस्थित लोगों को योजना के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लाभुक आम बागवानी के साथ-साथ सब्जी एवं अन्य फसलों का उत्पादन कर अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। अधिकारियों ने मनरेगा एवं जेएसएलपीएस के बीच बेहतर समन्वय की सराहना करते हुए कहा कि इसी समन्वित प्रयास का परिणाम है कि आम उत्सव मेले जैसी गतिविधियों का सफल आयोजन संभव हो सका है।



## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर 90 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रखंडों में कार्यक्रम आयोजित

**गुमला** : 12 जून झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत कुमार सिंह के आदेश एवं सचिव श्री राम कुमार लाल गुप्ता के निर्देश पर विश्व बाल श्रम दिवस निषेध दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे 90 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायत में पीएलबी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का मुख्य कार्यक्रम श्रम विभाग के सभागार में आयोजित किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के सचिव रामकुमार लाल गुप्ता, श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो, स्थाई लोक अदालत के सदस्य श्री शंभू सिंह डालसा गुमला की ओर से श्री जितेंद्र कुमार सिंह तथा श्री प्रकाश कुमार पांडे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## अस्मिता खेलो इंडिया साइक्लिंग प्रतियोगिता 14 जून को

# 300 से अधिक प्रतिभागी लेंगे भाग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन तथा झारखंड साइकिल संघ के संयुक्त तत्वाधान में खेलो इंडिया के तहत अस्मिता महिला साइकलिंग सिटी लीग का आयोजन 14 जून को कोडरमा में किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए साइकलिंग संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार निशांत ने बताया कि यह कार्यक्रम विश्व साइकलिंग पखवाड़ा के रूप में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य खेलों के माध्यम से महिलाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ाना है। स्वस्थ जीवन शैली और नियमित शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने के साथ- साथ प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान करना है। विजेता खिलाड़ी राँची में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। उपाध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने बताया कि इसमें 300 प्रतिभागियों के भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है । इच्छुक प्रतिभागी अपनी साइकिल के साथ कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे। इसके लिए खेलो इंडिया के ऑनलाइन लिंक के माध्यम से पंजीकरण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कर पाने वाले प्रतियोगियों के लिए आयोजन स्थल पर मैन्युअल पंजीकरण की भी व्यवस्था रहेगी। प्रतिभागियों को आधार कार्ड साथ लाना आवश्यक होगा। संघ के सचिव प्रदीप कुमार रजक, कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार, सदस्य जतिन कुमार माथुर, राम वर्णवाल, महबूब आलम, नारायण रजक, अशोक कुमार, शुभम कुमार आदि आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

## साहू भंडार से 6,600 रुपये के सामान चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**गुमला** : शहर के डीएसपी रोड स्थित साहू भंडार में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर दुकान से करीब 6,600 रुपये मूल्य का किराना सामान चोरी कर फरार हो गए। मामले को लेकर दुकान संचालक गोपाल साहू ने गुमला थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। दुकानदार गोपाल साहू के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 12:55 बजे एक ग्राहक के लिए लगभग 6,600 रुपये का किराना सामान पैक कर दुकान के पिछले गेट के अंदर रखा गया था। इसी दौरान पहले से रेकी कर रहे अज्ञात चोरों ने मौका पाकर सामान चोरी कर लिया और फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। जांच के दौरान चोरी की पूरी वारदात कैमरे में कैद मिली। दुकानदार ने आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दिया है। गोपाल साहू ने बताया कि दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से आसपास के व्यापारियों में भी चिंता का माहौल है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इधर, गुमला थाना पुलिस ने आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

**E-Procurement Cell, OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, KHUNTI.**

**VERY SHORT TERM QUOTATION INVITATION NOTICE**
**Quotation Reference No : KHN/BLD/05/2026-27 (3rd Call)**

Sealed Quotations are invited for the Non Schedule Items for the work **Construction of 2 Nos. Modular Operation Theatre at MCH (Sadar) Hospital Khunti, Jharkhand** from Reputed Shop Keepers, Manufacturers, Suppliers, Retailers, Distributors, Registered B.C.D. Contractors and others for listed items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the item or items which ever they deal with. The rates should be exclusive of GST, Contractor's Profit and Labour Cess, but inclusive of Royalty, Overhead charge and other taxes.

**Terms and Conditions –**
1. The Quotationer shall furnish PAN, GST Registration No.
2. The rate quoted by Quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट– 1. वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 19.06.2026 के अपराह्न 1:00 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 27.06.2026 के पूर्वाह्न 3:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय – 29.06.2026 अपराह्न 3:30 बजे।
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
5. कोटेशन दाता को यू–केन रजिस्ट्रे न की फोटो कॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
नोट– विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

E-Procurement Cell,
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,
BUILDING DIVISION, KHUNTI

PR.NO.382283 Building(26-27):D

## पोषण ट्रैकर व पीएमएमवीवाई योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

# सभी लाभार्थियों का शत प्रतिशत एफआरएस सत्यापन करें सुनिश्चित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पोषण ट्रैकर एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, डेटा की शुद्धता तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में राज्य स्तर से आए पोषण अभियान कंसल्टेंट काव्या ने सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं (एलएस) को निर्देश देते हुए कहा कि पोषण ट्रैकर में दर्ज सभी लाभार्थियों का 100 प्रतिशत फेस रिकॉग्निशन सिस्टम सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों से संबंधित सही एवं अद्यतन डेटा उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में जियो फेंसिंग का अनुपालन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। निर्देश दिया गया कि जो केंद्र निर्धारित जियो फेंसिंग क्षेत्र के बाहर संचालित हो रहे हैं, उन्हें शीघ्र ही निर्धारित क्षेत्र के अंतर्गत संचालित किया जाए। साथ ही सभी लाभार्थियों का वजन एवं लंबाई सही तरीके से पोषण ट्रैकर में दर्ज करने का निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों एवं महिलाओं की पोषण स्थिति का सही आकलन किया जा सके। बैठक के दौरान लाभार्थियों का अपार आईडी एवं आभा आईडी बनाने तथा शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पीएमएमवीवाई कंसल्टेंट श्री सुशील एवं श्री काव्या ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत नए लाभार्थियों का अधिकाधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा ड्यू-लिस्ट एवं लंबित मामलों की संख्या में कमी लाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लाभार्थियों के बैंक खातों को एनपीसीआई से लिंक कराने पर विशेष जोर दिया, ताकि लाभ की राशि समय पर एवं सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जा सके। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**
mail-rdsdgumla123@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/07/2026-27(2nd Call)
1. कार्य की विस्तृत विवरणी : ( **अनाबद्ध निधि मद**)

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION (LAYING) OF PAVER BLOCK AT CAMPUS OF AKANSHI BLOCK, DUMRI | 12,91,500.00 | 25,830.00 | 2500 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –15.06.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 20.06.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 23.06.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 382253 Rural Development(26-27)#D

## एक झलक

### बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने दिग्गज निशानेबाज जसपाल राणा के निधन पर जताया शोक

**पटना** : बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारत के दिग्गज निशानेबाज जसपाल राणा के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ गेम्स में 09 बार गोल्ड मेडल जीता था, जिसमें लगातार 04 एडिशन के गोल्ड शामिल रहे। राणा पेरिस ओलिंपिक में डबल ओलिंपिक मेडल जीतनेवाली शूटर मनु भाकर के कोच भी थे। उनके निधन से भारतीय खेल जगत ; विशेषकर निशानेबाजी के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत में निशानेबाजी को एक खेल के रूप में लोकप्रिय बनाने में उनकी बड़ी प्रभावी भूमिका थी एवं उनका योगदान आनेवालीं पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। जसपाल राणा को निशानेबाजी के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सफलता के लिए अर्जुन अवॉर्ड एवं पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत की आत्मा को चिर शांति एवं शोक-संतप्त परिजनों को इस दु:ख की घड़ी में असीम धैर्य प्रदान करें।

### भर्ती कैम्प में 17 युवाओं का चयन, मिला नियुक्ति पत्र

**खूंटी** : जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर की ओर से उपायुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन के निर्देश पर शुक्रवार को आयोजित भर्ती कैंप में 17 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिया गया। श्रम विभाग के अंतर्गत आयोजित इस भर्ती कैंप में कुल 09 प्रतिष्ठित नियोजकों ने भाग लिया। कैंप में लगभग 56 अभ्यर्थियों ने विभिन्न पदों के लिए आवेदन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के बाद 17 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। भर्ती कैंप में पैन आईटी, एल्युमिनी रीच फॉर झारखंड सहित कई कंपनियों ने भाग लिया। चयनित उम्मीदवारों को नियोजकों ने मौके पर नियुक्ति पत्र सौंपा। जिला प्रशासन की ओर से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्थाओं से जोड़ने के उद्देश्य से नियमित रूप से ऐसे रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के भर्ती कैंप युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### 477 लीटर विदेशी शराब के साथ 02 तस्कर गिरफ्तार

**कटिहार** : जिले के अमदाबाद थाना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 477.51 लीटर विदेशी शराब जब्त की है। इस दौरान पुलिस ने शराब की खेप ला रहे एक पिकअप वैन को जब्त करते हुए दो तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया है। अमदाबाद थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप पर सवार दो व्यक्ति अवैध विदेशी शराब लेकर ब्लॉक रोड, अमदाबाद की ओर आ रहे हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ ब्लॉक रोड के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान एक पिकअप में सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें जवानों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। जब पिकअप की विधिवत तलाशी ली गई, तो उसमें से भारी मात्रा में शराब बरामद हुई।

### पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग ने जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व पुलिस निरीक्षक के साथ की अपराध समीक्षा बैठक

# फरार व्यक्तियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग द्वारा जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक साथ सभी थाना प्रभारियों को अपराध समीक्षा बैठक किया गया जिसमें, निम्नलिखित बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश दिया गया।

1. आगामी मुहर्रम त्योहार 2026 के अवसर पर जितने भी पूर्व में जितने भी सांप्रदायिक घटनाएं घटित हुई है उन सभी मामलों के समीक्षा कर उसमें फिरार व्यक्तियों को गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया गया।

2. मुहर्रम त्योहार में जितने भी लाइसेंस एवं गैर लाइसेंसी जुलूस है उनकी सूची तैयार कर अभी से उन सभी जुलूस पर विशेष निगरानी रखेंगे।

3. महिला प्रताड़ना एवं हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गय।

4. वर्ष 2025 के पूर्व जितने भी कांड लंबित है उन सभी कांडों को प्राथमिकता के आधार पर अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया।

5. सभी थानों में जितने भी जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती हेतु लंबित है उसे एक विशेष अभियान चलाकर निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया।

6. सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी पुलिस उपाधीक्षक तथा पुलिस निरीक्षक प्रत्येक सोमवार को थाना में सभी पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर लंबित मामलों का निष्पादन करेंगे।

7. अवैध मादक पदार्थ के खरीद-बिक्री होने वाले जगह को चिन्हित करें तथा उसमें शामिल अभियुक्तों को चिन्हित कर एक विशेष अभियान चला कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करेंगे।

8. संगठित अपराध गिरोहों अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ उउअ, थाना हाजरी काप्रस्ताव भेजने एवं गुंडा पंजी में भेजने का निर्देश दिया गया।

9. अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया. इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी एवम् जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

### सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में चल रही 25वीं झारखंड राज्य जूनियर शतरंज चैम्पियनशिप



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अंडर --7 के बालिका वर्ग में पूर्वी सिंहभूम के मानन्या मार्डी, रांची की ईशान्वी सिन्हा, रांची की ही ध्वनि मोदी और पश्चिमी सिंहभूम की सनाया सिंह ने ट्रॉफी जीती, जबकि अंडर 11 के ओपन मुकाबले में रांची के मार्क रतन लकड़ा, पश्चिमी सिंहभूम के अधिक अद्वितीय राज, पूर्वी सिंहभूम के मैती सौरिष और हजारीबाग के सरनम समर्थ ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अंडर 11 बालिका वर्ग के मुकाबले में पूर्वी सिंहभूम की नायरा आदित्य, पूर्वी सिंहभूम की ही जायरा अहमद, रांची की रेसा मायरा लकड़ा, पूर्वी सिंहभूम की अनिष्का और पश्चिमी सिंहभूम की सवीना ने ट्रॉफी जीती, दूसरी ओर अंडर 11 के ओपन वर्ग के मुकाबले में पूर्वी सिंहभूम के रूद्रनिल रॉय, रांची के कबीर आदित्य, पूर्वी सिंहभूम के अभिज्ञान, हजारीबाग के अद्विक भूषण और पूर्वी सिंहभूम के रियान मोहन ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप कुमार वर्मा ने इस आयोजन के अवसर पर प्रतिभागियों को शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

## स्वर्गीय उमेश प्रसाद सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रेलवे कॉलोनी स्थित पानी टंकी ए-टाइप ग्राउंड में 12 जून 2026 से आयोजित स्वर्गीय उमेश प्रसाद सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं में खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले एवं अन्य जिलों की कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर प्रमुख समाजसेवी एवं श्री श्री मां काली मंदिर एवं शिव मंदिर समिति ट्रस्ट के संरक्षक श्री रोशन सिंह जी, वार्ड 46 की पार्षद श्रीमती आरती कुमारी, श्री श्री माँ काली मंदिर एवं शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री राम कुमार सिंह, सचिव श्री उज्ज्वल आनंद, कोषाध्यक्ष श्री अमित कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी श्री अनीश कुमार, राजू राम, मंटू सिंह, अजय कुमार गोंड सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनसे मुलाकात की तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है और ऐसे आयोजन नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं ।विजेता दल को 14,000 रुपये नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह तथा उपविजेता टीम को 6,000 रुपये नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। दर्शकों के उत्साह और समर्थन से पूरा खेल मैदान उत्सवमय वातावरण में परिवर्तित हो गया। आयोजन समिति ने सभी उपस्थित खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए आगामी मैचों में भी इसी प्रकार सहयोग एवं सहभागिता की अपेक्षा जताई।

## 08 सूत्री मांगों पर अड़े विस्थापित, काम ठप करने की दी चेतावनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : गेतलसूद डैम में निमार्णाधीन मेगा फ्लोटिंग सोलर प्लांट को लेकर विस्थापितों का विरोध तेज हो गया है। प्रभावित ग्रामीणों ने अपनी आजीविका और अधिकारों की रक्षा के लिए रांची उपायुक्त को एक 8 सूत्री ज्ञापन सौंपा है। यह मांग पत्र सोलर एनर्जी कॉपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेडके माध्यम से भेजा गया, जिस पर प्रबंधन ने 15 जून तक उचित कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया है। विस्थापितों के प्रतिनिधि अजय उरांव ने स्पष्ट किया कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन स्थानीय लोगों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों की मुख्य मांगों में प्रभावित परिवारों को मुफ्त बिजली, समुचित पुनर्वास, स्थानीय युवाओं को रोजगार, शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास और ग्रामसभा की अनिवार्य सहमति शामिल हैं। ग्रामीणों ने दोटूक चेतावनी दी है कि यदि 15 जून तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस और सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया, तो पूरे डैम क्षेत्र में आंदोलन को उग्र करते हुए परियोजना का काम पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा। इस अल्टीमेटम के बाद जिला प्रशासन और SECI खेमे में हलचल बढ़ गई है। मौके पर मुख्य रूप से अजय प्रमुख दीपा उरांव मुखिया शांति मुंडा पूर्व प्रमुख अनीता गाड़ी उरांव गौरीशंकर मुंडा राजेश लोहरा नारायण महतो अजय राज सूरज उरांव रितेश महतो सतेंद्र मुंडा सुनील गोस्वामी जीतेन्द्र मुंडा बिपिन मुंडा कामेश्वर महतो नोगेन गोस्वामी बरुन ठाकुर दिनेश ठाकुर आदि मौजूद थे।

## रिम्स-2 के लिए चयनित विवादित जमीन पर निर्माण का विरोध एवं आदिवासी अधिकारों की रक्षा का आह्वान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : आम आदमी पार्टी, झारखंड आज एक महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश समन्वय समिति के सदस्य लक्ष्मण सिंह ने कहा कि रिम्स 2 के रैयतो की मर्जी के विरुद्ध उनकी जमीन का अधिग्रहण सरकार को नहीं करना चाहिए और यदि यह सरकार ऐसा करती है तो झामुमो की सरकार और भाजपा की सरकार में कोई अंतर नहीं रह जाएगा। एवं यह जमीन रैयती/खातियानी (आदिवासी परंपरागत) भूमि है, जिस पर किसी भी प्रकार का सरकारी या निजी निर्माण करना आदिवासी अधिकारों का उल्लंघन है। रांची के ग्रामीण जिला अध्यक्ष शनि उरांव ने कहा की इस भूमि के चयन में पारदर्शिता की कमी रही है तथा स्थानीय निवासियों की सहमति के बिना ही इस पर निर्णय लिया गया। भारतीय संविधान एवं झारखंड की भूमि कानून व्यवस्था, विशेषकर छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम और संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम (रढळ अू३) के तहत आदिवासी जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। ऐसे में इस जमीन पर रिम्स-2 का निर्माण करना कानून के विरुद्ध है।

## अंचल कर्मियों व सीसीएल प्रबंधन ने किया दो दिवसीय कैम्प सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़)** : रजरप्पा परियोजना के ब्लॉक-2 अंतर्गत ग्राम धवैया के पंचायत भवन में आयोजित दो दिवसीय विशेष अस्थायी कैम्प सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह कैम्प सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की पहल पर अंचल कार्यालय, गोमिया द्वारा दिनांक 08 जून और 09 जून 2026 को आयोजित किया गया था। कैम्प का मुख्य उद्देश्य ब्लॉक-क्क खदान चालू होने से पूर्व, अधिग्रहित भूमि के प्रभावित रैयतों के भूमि संबंधी अभिलेखों का सत्यापन, वंशावली जांच तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रियाओं को पूरा करना था। इस दो दिवसीय कैम्प में क्षेत्र के लगभग 25 से 30 स्थानीय रैयत और ग्रामीण उपस्थित हुए। कैम्प के दौरान अंचल कर्मियों और सीसीएल प्रबंधन द्वारा रैयतों के खातों एवं भूमि अभिलेखों से संबंधित विभिन्न शंकाओं और गलतफहमियों को दूर करने का प्रयास किया गया। सीसीएल प्रबंधन ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस प्रक्रिया से भविष्य में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर एंड आर) नीति के तहत मिलने वाले रोजगार, मुआवजा और अन्य सुविधाओं की प्रक्रिया में तेजी आएगी। इस दो दिवसीय कैम्प के सफल समापन के बाद, ग्राम धवैया के प्रभावित रैयत काफी जागरूक और सक्रिय दिख रहे हैं। कैम्प के बाद से ही रैयत सीसीएल प्रबंधन से आर एंड आर (पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन) पॉलिसी के तहत मिलने वाले सभी देय लाभों और सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्यालय में संपर्क कर रहे हैं ताकि अपनी आगे की दस्तावेजी प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करा सकें।

## कोलेबिरा सड़क हादसा : रजा यूनिटी फाउंडेशन ने जताया गहरा दुख, ओवर स्पीडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत अघरमा के पास हुए भीषण सड़क हादसे पर रजा यूनिटी फाउंडेशन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इस दर्दनाक दुर्घटना में नाना-नानी सहित चार मासूम बच्चों की असामयिक मृत्यु ने पूरे रांची लोहरदगा एवं कोलेबिरा के बसिया क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना पर रजा यूनिटी फाउंडेशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नवाब ने गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बढ़ती लापरवाही और तेज रफ्तार का जुनून आज मासूमों की जान ले रहा है। यह हादसा सिर्फ एक सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि यातायात नियमों की लगातार हो रही अनदेखी का सीधा नतीजा है। वाहन चालकों को अब यह गंभीरता से समझना होगा कि उनकी थोड़ी सी जल्दबाजी और लापरवाही पूरे हंसते-खेलते परिवार को पल भर में तबाह कर सकती है। रजा यूनिटी फाउंडेशन ने जिला और पुलिस प्रशासन से इस दिशा में तुरंत सख्त कदम उठाने की मांग की है राष्ट्रीय और राजकीय राजमार्गों पर ओवर स्पीडिंग (तेज रफ्तार) के खिलाफ तत्काल विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाए।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और लापरवाही से वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कठोर कानूनी कदम उठाए जाएं। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट्स) की पहचान कर वहां तुरंत गति रोधक (स्पीड ब्रेकर) और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं।

## एसईटी फाउंडेशन ने दुर्गापुर में सीएसआर के तहत कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों का किया शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुगार्पुर (पश्चिम बंगाल)** : बेनाचिटी क्षेत्र में सेट फाउंडेशन द्वारा दो अलग-अलग स्थानों पर निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों का उद्घाटन किया गया। 10 जून को एयर वाटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, दुगार्पुर के सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) फंड के सहयोग से सिलाई (टेलरिंग) एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्रों का शुभारम्भ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। केन्द्र का उद्घाटन एयर वाटर इंडिया के प्लांट हेड अविक घांटा, एसोसिएट मैनेजर रंजीत कुमार सिंह, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर सौमित्र रेज तथा एसईटी फाउंडेशन के निदेशक सीएस रोहित प्रकाश प्रीत एवं शशि भूषण ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह के उपरांत कंपनी के अधिकारियों का स्वागत हरित पौधे एवं हस्तशिल्प से निर्मित थैला भेंट कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए प्लांट हेड अविक घांटा ने कहा कि सभी प्रशिक्षार्थी इस निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठायें, प्रशिक्षण को बीच में न छोड़ें तथा नियमित रूप से केन्द्र में उपस्थित होकर प्रशिक्षण पूर्ण करें और प्रमाणपत्र प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में प्रशिक्षक-सह-समन्वयक अर्पणा घोष, पिंकी बागची, राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने आयीं 100 से अधिक महिलाएं उपस्थित थीं। समारोह के दौरान महिलाओं में प्रशिक्षण को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। सेट फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

### युवा आजसू का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन हुआ सम्पन्न

## झारखंड में बदलाव की सबसे बड़ी ताकत युवा हैं, उन्हें इस भूमिका के लिए तैयार रहना होगा : चन्द्र प्रकाश चौधरी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़)** : चितरपुर प्रखंड के सांडी स्थित कम्युनिटी सेंटर, सरस्वती बगीचा में आयोजित युवा आजसू प्रखंड सम्मेलन उत्साह, ऊर्जा और संगठनात्मक संकल्प के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी व मांडू विधायक माननीय तिवारी महतो शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी एवं युवा आजसू रामगढ़ जिला प्रभारी पियूष चौधरी व आयोजनकर्ता चितरपुर प्रखंड प्रभारी कुणाल कुमार महतो उपस्थित थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार, युवाओं की उपेक्षा और जनहित के मुद्दों की अनदेखी ने जनता को निराश किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सकारात्मक बदलाव की सबसे बड़ी शक्ति युवा वर्ग है और आने वाले समय में राज्य की दिशा एवं दशा तय करने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। उन्होंने युवाओं से संगठन के साथ जुड़कर जनहित, विकास और सुशासन के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। अपने ओजस्वी संबोधन में युवा आजसू रामगढ़ जिला प्रभारी पियूष चौधरी ने कहा कि ₹जिस प्रकार वायु को कोई बांध नहीं सकता, उसी प्रकार युवा शक्ति को भी कोई रोक नहीं सकता।₹ उन्होंने कहा कि युवा केवल भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की वह ऊर्जा हैं जो समाज, प्रदेश और राष्ट्र को नई दिशा देने का सामर्थ्य रखते हैं। उन्होंने बेरोजगारी, पेपर लीक, छात्रवृत्ति में अनियमितता, जेटेट नियमावली में बदलाव, जेएसएससी परीक्षाओं में गड़बड़ी तथा शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाते हुए कहा कि झारखंड के युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होगा। पियूष चौधरी ने कहा कि आजसू पार्टी संघर्ष और जनआंदोलन की कोख से जन्मी पार्टी है, जिसने हमेशा युवाओं, छात्रों, किसानों, गरीबों और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। उन्होंने युवाओं से झारखंडी अस्मिता, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के लिए संगठित होकर लोकतांत्रिक संघर्ष में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# सभी के लिए सम्मान, अवसर और विकास सुनिश्चित करना

**पीढ़ियों** से, भारत के सबसे वंचित समुदाय हाशिये पर रहे हैं, उन्हें लंबे समय तक कोई सुविधा नहीं मिली। पिछले 12 सालों में यह बदल गया है, जब सरकार ने अंत्योदय को अपना मंत्र बनाया। सबको साथ लेकर चलने वाली और अच्छी शिक्षा, कौशल विकास कार्यक्रम, रोजी-रोटी में मदद, अवसंरचना और सांस्कृतिक पहचान इन समुदायों तक बड़े पैमाने पर पहुंची है। मकसद साफ है: यह सुनिश्चित करना कि जो लोग पिछड़ गए थे, उन्हें अवसर और प्रगति में सबसे आगे रखा जाए।

गवर्नेंस फ्रेमवर्क के रूप में अंत्योदय महात्मा गांधी ने एक बार सलाह दी थी, सबसे गरीब और सबसे कमजोर आदमी का चेहरा याद करो जिसे तुमने देखा हो, और खुद से पूछो कि जो कदम तुम उठाने के बारे में सोच रहे हो, क्या वह उसके किसी काम का होगा।₹ दशकों तक, यह शक्तिशाली विचार ज्यादातर किताबों में ही मिलता था, जबकि लाखों भारतीय, देश की प्रगति से बाहर छूटे रह गए।

हालांकि, पिछले बारह सालों में एक बड़ा बदलाव आया है। भारत इस आदर्श के बारे में सिर्फ.बातें करने से आगे बढ़कर इसे अमल में लाने लगा है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि जो लोग अंतिम छोर पर थे, उन्हें अवसर, सम्मान और विकास में सबसे पहले जगह मिली है। ध्यान बिखरी हुई डिलीवरी से हटकर अधिकतम लोगों तक सेवाओं को शामिल करने पर आ गया है। आदिवासी बस्तियों में ज्यादा इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ा है। पिछड़े समुदायों के छात्रों को पढ़ाई-लिखाई तक ज्यादा पहुंच मिली है। सफाई कर्मचारियों को मजबूत संस्थागत पहचान और सुरक्षा सहयोग मिला है। पिछड़े और खानाबदोश समुदाय लक्षित कल्याण योजना के फोकस में आ गए हैं। यह बदलाव भौगोलिक भी दिख रहा है। आदिवासी इलाके, आकांक्षी ज़िले और दूर-दराज की बस्तियाँ विकास योजना और निगरानी के केंद्र बन गए हैं। अलग-अलग मंत्रालयों के बीच तालमेल से उन इलाकों में अंतिम छोर तक डिलीवरी मजबूत हुई, जहां कभी पहुंचना मुश्किल माना जाता था।

**विकास के केन्द्र में आदिवासी समुदाय**

**भारत** के आदिवासी समुदाय हमेशा से संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान और मजबूती से समृद्ध रहे हैं। उनके पास परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, पानी, बिजली और रोजगार के मौकों जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं तक बराबर पहुँच की कमी थी। पिछले 12 साल इस दूरी को कम करने के लिए रहे हैं- जानबूझकर, पर्याप्त मात्रा में और बड़े पैमाने पर। यह बदलाव खास तौर पर दूर-दराज की बस्तियों में दिखाई दिया है, जिसमें खास तौर पर कमजोर आदिवासी समूहों के रहने वाले इलाके भी शामिल हैं। जिन इलाकों तक पहुँचना कभी मुश्किल माना जाता था, वे अब विकास की योजना और लास्ट-माइल डिलीवरी के केंद्र बन गए हैं।

**प्रधान मंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन)**

**प्रधानमंत्री** जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (PM जनमन) एक कार्यक्रम है जो खास तौर पर कमजोर आदिवासी समूहों (PVTGs) के लिए है। वे भारत के सबसे अलग-थलग समुदायों में से हैं। कई लोग बिना पक्के घर, साफ पानी, बिजली या सड़क के रहते थे। सरकार ने सभी संबंधित मंत्रालयों के मिलकर किए गए प्रयासों से इन कमियों को पूरा करने के लिए नवंबर 2023 में ढट जनमन शुरू किया। यह कार्यक्रम 18 राज्यों और 1 केंशाप्र में 75 PVTG समुदायों को लक्षित करता है, जो 9 मंत्रालयों द्वारा लागू किए गए 11 इंटरवेंशन के जरिए काम करते हैं। कुल बजटीय खर्च 24,104 करोड़ रुपये है।

**झारखंड : जंगल की जमीन से बाजार की दुकानों तक**

**झारखंड** के गरियाबंद ज़िले में, कमार PVTG समुदाय की महिलाएं अपने बड़ों को जंगल की जड़ी-बूटियों से इलाज करते हुए देखकर बड़ी हुईं। यह ज्ञान मांओं से बेटियों को चुपचाप मिलता था। सालों तक, उन्होंने उन जड़ी-बूटियों को कच्चा ही बाजार में जो भी दाम मिलता, बेचा। ज्ञान उनका था। लेकिन, कमाई बहुत कम होती थी। PM जनमन ने इसे बदल दिया। अपने वन धन विकास केंद्र पहल के तहत, इनमें से 87 महिलाएं कुछ अलग बनाने के लिए एक साथ आईं। उन्होंने छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड के तहत आयुर्वेदिक तेल, पाउडर और दवाइयां बनाने के लिए लाइसेंस लेकर एक यूनिट शुरू की, जिसके पास आयुष सर्टिफिकेशन था। एंटरप्रेन्योरशिप और डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण के जरिए कौशल को बेहतर बनाया गया। शुरूआत से अब तक बिक्री 159.59 लाख रुपयों तक पहुंच गई है। महिलाएं अब अपने गांव से बाहर जाए बिना उत्पादन, पैकेजिंग और मार्केटिंग का काम संभालती हैं। जो कभी शांत, विरासत में मिला ज्ञान था, वह अब एक अच्छा बिजनेस बन गया है।

11 इंटरवेंशन में घर, सड़क कनेक्टिविटी, पाइप से पानी की सप्लाई, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनवाड़ी केंद्र, हॉस्टल, बिजली, मोबाइल टावर, मल्टीपर्पस सेंटर, वन धन विकास केंद्र और व्यावसायिक कौशल शामिल हैं।

# केन विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास




**एजेंसी**

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड के महान बल्लेबाज और देश के सबसे सफल अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले खिलाड़ी केन विलियमसन ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। 35 वर्षीय विलियमसन ने अपने 16 साल लम्बे अंतरराष्ट्रीय करियर में तीनों प्रारूपों को मिला कर 378 मैच खेले और 19,346 रन बनाए। उनके नाम 48 शतक और छह दोहरे शतक दर्ज हैं। साल 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले विलियमसन ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था और अब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पूरी तरह विदाई ले ली है। संन्यास की घोषणा करते हुए विलियमसन ने कहा, 'मैंने इस बारे में काफी समय तक सोचा है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में मुझे स्पष्ट हो गया कि अब यही सही समय है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए मेरे भीतर हमेशा एक मजबूत जुनून और भूख रही है और मुझे इस बात पर गर्व है कि न्यूजीलैंड के लिए खेले हर मैच में मैंने अपना सब कुछ दिया।' उन्होंने कहा, 'यदि मैं अब पहले जैसी प्रतिबद्धता और ऊर्जा के साथ नहीं खेल सकता, तो आगे जारी रखना सही नहीं होगा। मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अपनी शर्तों पर विदाई लेने का मौका मिला, मैं इस टीम को छोड़ते हुए आशावान हूं कि यह समूह आने वाले समय में बहुत आगे जाएगा। इस टीम में अपार प्रतिभा है और कुछ खास हासिल करने की सच्ची इच्छा भी है।' उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसी टीम है जिससे मैं बेहद प्यार करता हूं और इतने लंबे समय तक इसका हिस्सा रहना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही। यह हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहेगी।'

**बड़ी उपलब्धियां**

- 2016 टी20 विश्व कप - सेमीफाइनल
- 2019 क्रिकेट विश्व कप - फाइनल
- 2021 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप - खिताब
- 2021 टी20 विश्व कप - फाइनल
- 2022 टी20 विश्व कप - सेमीफाइनल
- 2023 क्रिकेट विश्व कप - सेमीफाइनल

**व्यक्तिगत उपलब्धियां**

- 2019 विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी
- 2019 आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर
- सभी प्रमुख टेस्ट देशों के खिलाफ सबसे तेज और सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाजों में शामिल
- चार बार सर रिचर्ड हैडली मेडल विजेता
- 2010 में भारत के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में पदार्पण शतक
- विलियमसन के संन्यास के साथ न्यूजीलैंड क्रिकेट के सबसे सफल और सम्मानित अध्यायों में से एक का समापन हो गया।

### कप्तान के तौर पर भी छोड़ी अमिट छाप

**विलियमसन** ने टेस्ट क्रिकेट में 40 मैचों में कप्तानी करते हुए 22 जीत दर्ज कीं और वह न्यूजीलैंड के दूसरे सबसे सफल टेस्ट कप्तान बने। वनडे में उन्होंने 91 मैचों में कप्तानी कर 46 जीत दिलायीं, जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय में 75 मैचों में 39 जीत के साथ वह न्यूजीलैंड के सबसे सफल कप्तान बने।

## एक झलक

### रियान पराग की कंधे की सर्जरी सफल

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट के उभरते ऑलराउंडर और इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर चुके रियान पराग की दाहिने कंधे की सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी हो गयी है। मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में हुई इस सर्जरी को देश के प्रसिद्ध स्पोर्ट्स ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दिनशॉ परदीवाला ने अंजाम दिया। सफल ऑपरेशन के बावजूद रियान पराग को अब लम्बी पुनर्वास प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसके कारण उनके घरेलू सत्र 2026-27 के शुरूआती चरण में हिस्सा लेने की संभावना कम दिखाई दे रही है। पिछले कुछ महीनों में रियान पराग का क्रिकेट करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करते हुए उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और अपनी नेतृत्व क्षमता से टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके बेहतरीन खेल को देखते हुए चयनकताओं ने उन्हें दांबुला में आयोजित त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत ए टीम का उपकप्तान भी नियुक्त किया था।

### भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप 24 जून को रचायेंगे शादी

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप जल्द ही अपने जीवन की नयी पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। मैदान पर अपनी तेज गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान करने वाले आकाशदीप अब विवाह बंधन में बंधने की तैयारी में हैं। जानकारी के अनुसार वह 24 जून को अपनी मंगेतर अक्षिता के साथ सात फेरे लेंगे। शादी समारोह बिहार के रोहतास जिले में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित किया जाएगा। आकाशदीप की होने वाली पत्नी अक्षिता डेहरी-ऑन-सोन के मानिकपुर गांव की निवासी हैं। दोनों परिवारों की सहमति से यह विवाह संपन्न होगा। शादी को लेकर दोनों परिवारों में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और रिश्तेदारों के आने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। विवाह समारोह को पारंपरिक और पारिवारिक माहौल में आयोजित करने की योजना बनाई गई है।

### ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक सीरीज जीत के बीच बांग्लादेश को झटका

**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे क्रिकेट में नया इतिहास रचते हुए पहली बार किसी द्विपक्षीय श्रृंखला में कंगारू टीम को पराजित किया है। लगातार दो मुकाबले जीतकर बांग्लादेश ने तीन मैचों की श्रृंखला अपने नाम कर ली, लेकिन इस ऐतिहासिक सफलता के बीच टीम को अपने कप्तान मेहदी हसन मिराज की चोट को लेकर चिंता का सामना करना पड़ा। दूसरे वनडे के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मुकाबला ढाका में खेला गया, जहां बांग्लादेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। हालांकि मैच के दौरान एक ऐसा क्षण आया जिसने खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों की चिंता बढ़ा दी। बांग्लादेशी पारी के 34वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज राइली मेरेडिथ की एक तेज बाउंसर मेहदी हसन मिराज के हेलमेट पर जा लगी। गेंद लगते ही कप्तान दर्द से कराह उठे और घुटनों के बल मैदान पर बैठ गए। उनकी स्थिति को देखते हुए तुरंत मेडिकल टीम मैदान में पहुंची।



फीफा विश्व कप

# दक्षिण कोरिया ने चेक गणराज्य को 2-1 से हराया

**एजेंसी**



**ग्वाडलाहारा :** फीफा विश्व कप 2026 के मुकाबले में दक्षिण कोरिया ने शानदार वापसी करते हुए चेक गणराज्य को 2-1 से हराकर जीत दर्ज की। ग्वाडलाहारा स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह खेले गए इस मुकाबले में ह्वांग इन-बोम एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायता देकर जीत के नायक बने। पहले हाफ में दोनों टीमें अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकीं और दर्शकों ने निराशा भी जतायी। गोलरहित पहले हाफ के बाद मुकाबले में जान दूसरे हिस्से में आयी। 59वें मिनट में चेक गणराज्य ने बढ़त बनायी। कप्तान लादिस्लाव क्रेजी ने पेनल्टी क्षेत्र में मिले लंबे थ्रो को हेडर के जरिए गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी। हालांकि दक्षिण कोरिया ने जल्द ही वापसी की। 67वें मिनट में ह्वांग इन-बोम ने शानदार व्यक्तिगत कौशल का प्रदर्शन करते हुए दो रक्षकों को छकाया और शानदार गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद 80वें मिनट में ह्वांग ने दाएं छोर से बेहतरीन क्रॉस दिया, जिस पर ओ ह्योन-ग्यू ने गोल कर दक्षिण कोरिया को निर्णायक बढ़त दिला दी। स्टार फॉरवर्ड सोन ह्युंग-मिन की अगुआई में दक्षिण कोरिया ने पूरे मैच में गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और चेक टीम पर लगातार दबाव बनाया। फीफा रैंकिंग में 25वें स्थान पर मौजूद कोरिया ने 38वीं रैंकिंग वाली चेक टीम की तुलना में अधिक मौके बनाए और अंततः जीत हासिल की। यह चेक गणराज्य का 2006 के बाद पहला विश्व कप मुकाबला था, लेकिन टीम वापसी नहीं कर सकी।

### वैभव सूर्यवंशी की लोकप्रियता सचिन के शुरुआती दौर से भी अधिक

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण से पहले ही चर्चा के केंद्र बन चुके हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में अपने विस्फोटक प्रदर्शन के दम पर उन्होंने न केवल चयनकताओं का ध्यान आकर्षित किया, बल्कि क्रिकेट जगत में भी अपनी अलग पहचान बना ली है। महज 15 वर्ष की आयु में उन्हें आयरलैंड दौरे और इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। चयनकताओं के प्रमुख अजीत अगरकर भी स्वीकार कर चुके हैं कि वैभव ने अपने प्रदर्शन से सीनियर टीम में जगह पाने का मजबूत दावा पेश किया। अभी वैभव ने भारतीय टीम के साथ विदेश दौरे के लिए उड़ान भी नहीं भरी है, लेकिन इंग्लैंड में उनकी चर्चा शुरू हो चुकी है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोस बटलर ने अपने पॉडकास्ट में वैभव सूर्यवंशी को लेकर विस्तार से बात की और उनकी लोकप्रियता की तुलना भारतीय क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के शुरूआती दिनों से की।

## भारत बना ओवरऑल चैम्पियन, झारखंड के खिलाड़ियों ने जीते 06 पदक



**एजेंसी**

**भूटान :** भूटान की राजधानी थिम्फू में आयोजित तृतीय दक्षिण एशियाई ट्रेडिशनल लाठी चैंपियनशिप 2026 में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में झारखंड के खिलाड़ियों नवयान कर्मकार, अध्विक उरांव एवं आरीत उरांव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 3 रजत तथा 1 कांस्य पदक जीतकर भारत और झारखंड का गौरव बढ़ाया। इस शानदार सफलता पर इंडिया ट्रेडिशनल लाठी के संस्थापक सतीश कुमार तथा महासचिव विनोद कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप, जो श्रीलंका में आयोजित होगी, के लिए नामांकित किए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर झारखंड ट्रेडिशनल लाठी संघ के सचिव बिस्वजीत कर्मकार तथा अध्यक्ष वरुण कुमार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में खेल के विकास एवं खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक खेल उपकरण एवं सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी, जिससे वे भविष्य की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। झारखंड ट्रेडिशनल लाठी संघ ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



चीन में नेशनल वॉलीवाल लीग में खेलती हुई स्लोवेनिया और चीन की खिलाड़ी।

### श्रेयस अय्यर ने किराये पर लिया लग्जरी अपार्टमेंट

**नयी दिल्ली :** भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने मुंबई के सबसे प्रतिष्ठित और महंगे रिहायशी इलाकों में शामिल वर्ली में एक शानदार लग्जरी अपार्टमेंट किराए पर लिया है। संपत्ति पंजीकरण से जुड़े दस्तावेजों के अनुसार, अय्यर ने यह आलीशान फ्लैट तीन वर्ष की अवधि के लिए लीज पर लिया है। इस अवधि के दौरान उन्हें कुल मिलाकर लगभग 7.14 करोड़ रुपये किराये के रूप में चुकाने होंगे। हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा उन्हें टी-20 टीम की कप्तानी सौंपी गई है और इसी बीच उनकी इस हाई-प्रोफाइल रिहायशी डील ने भी ध्यान आकर्षित किया है।


## ग्रीष्मकालीन वुशु प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**रांची :** रांची जिला वुशु एसोसिएशन एवं झारखंड वुशु एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में मोराबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम के वुशु हॉल में आयोजित 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन वुशु प्रशिक्षण शिविर का आज विधिवत समापन हो गया। यह विशेष प्रशिक्षण शिविर दिनांक 1 जून 2026 से प्रारंभ हुआ था। शिविर के समापन समारोह के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। झारखंड सेपक टकरा एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री उदय साहु ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन एवं समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और राज्य का नाम रोशन करें। इसी क्रम में एसोसिएशन के चेयरमैन श्री चंचल भट्टाचार्य ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी इस शिविर में सीखी गई तकनीकों का निरंतर अभ्यास करें और अपने खेल कौशल को और अधिक विकसित करें।इस 10 दिवसीय शिविर में रांची जिले के साथ-साथ राज्य के अन्य जिलों के खिलाड़ियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कोचों द्वारा खिलाड़ियों को वुशु खेल की विभिन्न आधुनिक तकनीकों, विशेष कौशल एवं आगामी प्रतियोगितात्मक तैयारियों का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समारोह में झारखंड वुशु एसोसिएशन के सचिव शैलेन्द्र दुबे, उपाध्यक्ष मिथलेश साहू, वुशु कोच दीपक गोप, शिवेंद्र दुबे सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## जसपाल राणा की अनकही दास्तां, निशानेबाजी के महानायक के निधन से शोक की लहर




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय निशानेबाजी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने वाले दिग्गज निशानेबाज और कोच जसपाल राणा का 49 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से भारतीय खेल जगत, विशेषकर शूटिंग समुदाय में गहरा शोक व्याप्त है। राणा लंबे समय से हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे और हाल ही में उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें एक जून को नई दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां जांच में हृदय की धमनियों में रुकावट पाई गई। हाल ही में जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित विश्व कप प्रतियोगिता से भारतीय दल के साथ लौटते समय भी उनकी तबीयत बिगड़ी थी। उपचार और स्टेंट डाले जाने के बाद उनकी स्थिति स्थिर बताई गई थी, लेकिन बाद में स्वास्थ्य में गिरावट आने से शुक्रवार तड़के उनका निधन हो गया। जसपाल राणा भारतीय निशानेबाजी के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने देश को विश्व मंच पर पहचान दिलाई।

### मेक्सिको से हार के बाद रेफरी के फैसले पर भड़के ह्यूगो ब्रूज, बोले

## दूसरा रेड कार्ड था विवादित

**एजेंसी**



नई दिल्ली (ईएमएस)। फीफा विश्व कप 2026 में दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत निराशाजनक रही है। अपने पहले मुकाबले में उसे मेजबान मेक्सिको के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच ह्यूगो ब्रूज ने रेफरी के कुछ फैसलों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एक महत्वपूर्ण रेड कार्ड का निर्णय उनकी टीम के खिलाफ गया, जिससे मैच की दिशा प्रभावित हुई। मुकाबले के दौरान दक्षिण अफ्रीका को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। टीम के दो खिलाड़ियों, स्फेफेलो सिथोले और थेम्बा जवाने, को रेड कार्ड दिखाए गए, जिसके कारण दक्षिण अफ्रीका को लंबे समय तक नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। खिलाड़ियों की संख्या कम होने का असर टीम के प्रदर्शन पर भी दिखाई दिया और मेक्सिको ने इसका लाभ उठाते हुए जीत दर्ज कर ली। मैच के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ह्यूगो ब्रूज ने कहा कि पहले रेड कार्ड को लेकर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि वह निर्णय नियमों के अनुरूप था। हालांकि दूसरे रेड कार्ड को लेकर उन्होंने असहमति जताई। ब्रूज का कहना था कि जिस घटना के आधार पर उनके खिलाड़ी को मैदान से बाहर भेजा गया, उसमें वास्तव में मेक्सिको के खिलाड़ी की गलती अधिक थी। उनके अनुसार रेफरी ने स्थिति का अलग आकलन किया और फैसला दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चला गया।

## 1970 विश्व कप विजेता ब्राजील के महान डिफेंडर ब्रिटो का निधन

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली :** ब्राजील को 1970 फीफा विश्व कप जिताने वाली ऐतिहासिक टीम के सदस्य और दिग्गज डिफेंडर ब्रिटो का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए बताया कि वह निमोनिया से पीड़ित थे और पिछले एक सप्ताह से अस्पताल में भर्ती थे। उनके निधन से ब्राजील सहित दुनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों में शोक की लहर है। ब्रिटो को ब्राजील के सर्वश्रेष्ठ रक्षात्मक खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने 1964 में ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण किया था और करीब आठ वर्षों तक देश का प्रतिनिधित्व किया। अपनी शारीरिक मजबूती, शानदार खेल और आक्रामक रक्षात्मक शैली के कारण वह टीम के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में शामिल रहे। 1970 में मेक्सिको में आयोजित फीफा विश्व कप में उन्होंने ब्राजील की सफलता में अहम भूमिका निभाई थी। उस टूर्नामेंट में उन्होंने टीम के सभी मैच खेले और एक भी मिनट मैदान से बाहर नहीं रहे। ब्रिटो ने डिफेंस में विल्सन पियाजा के साथ मजबूत जोड़ी बनाई थी।

### क्रिकेट कार्निवल गुमला सीजन-2 में रोमांचक मुकाबले, बोस्को XI और यंगस्टार XI ने दर्ज की जीत

# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, सुपर ओवर तक पहुंचा मुकाबला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** वीर शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम (जशपुर रोड, गुमला) में स्वर्गीय अशोक वर्मा की स्मृति में आयोजित 'क्रिकेट कार्निवल गुमला (CCG) सीजन-2' नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत बुधवार रात कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। दुधिया रोशनी में आयोजित मैचों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

#### बोस्को कने एंग्री XI को 06 विकेट से हराया

**टूर्नामेंट** के पहले मुकाबले में एंग्री XI और बोस्को XI आमने-सामने थे। पहले बल्लेबाजी करते हुए एंग्री XI ने 7 विकेट खोकर 43 रन बनाए। टीम की ओर से अविनाश आर. ने सर्वाधिक 14 रनों का योगदान दिया। बोस्को क के गेंदबाज आनंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। 44 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बोस्को XI ने 4 विकेट खोकर 47 रन बनाते हुए मुकाबला 6 विकेट से अपने नाम कर लिया। संतोष ने सर्वाधिक 16 रन बनाए। एंग्री XI के राहुल को 2 रन देकर 3 विकेट लेने के शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

#### सुपर ओवर में यंगस्टार XI की रोमांचक जीत



**रात** का दूसरा मुकाबला यंगस्टार XI और डेंजर XI के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए यंगस्टार कने 6 विकेट पर 62 रन बनाए। वासिक ने 19 और बलराम ने 16 रनों की उपयोगी पारियां खेलीं। डेंजर कके पवन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 रन देकर 4 विकेट झटके। जवाब में डेंजर XI भी निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 62 रन ही बना सकी। टीम की ओर से आशीष ने 25 और गोपी ने 14 रन बनाए। यंगस्टार कके विवेक गोलू ने 12 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। मैच टाई होने के बाद खेले गए सुपर ओवर में यंगस्टार XI ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए वासिक को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

#### बोस्को XI ने शरारत XI को 07 विकेट से हराया

**रात** के तीसरे मुकाबले में बोस्को XI ने शरारत XI पर 7 विकेट से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए बोस्को कने 6 विकेट पर 67 रन बनाए। रोहित ने 25 और स्वराज ने 14 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। शरारत कके राजा ने 2 विकेट लिए। जवाब में शरारत XI ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 71 रन बनाए, लेकिन टूर्नामेंट के निर्धारित नियमों एवं विकेटों के नुकसान के आधार पर बोस्को कको विजेता घोषित किया गया। शरारत XI की ओर से संतोष ने नाबाद 22 और उज्ज्वल ने 18 रन बनाए। बोस्को XI के रितेश को 3 रन देकर 3 विकेट लेने की शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

#### दर्शकों में बढ़ रहा उत्साह

**क्रिकेट** कार्निवल गुमला सीजन-2 में लगातार रोमांचक मुकाबलों के कारण स्थानीय खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

# पश्चिम एशिया में सुलह की उम्मीद से उछला शेयर बाजार

**नयी दिल्ली :** ईरान और अमेरिका के बीच समझौता होने की उम्मीद और होर्मुज स्ट्रेट खुलने की संभावना के कारण दुनिया के ज्यादातर शेयर बाजार की तरह ही घरेलू शेयर बाजार भी आज जोरदार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरूआत भी तेजी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण दिन के पहले सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में मामूली गिरावट भी आई। दिन के दूसरे सत्र में खरीदारों ने चौतरफा लिवाली शुरू कर दी, जिसकी वजह से दोनों सूचकांकों ने रफ्तार पकड़ ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 2.30 प्रतिशत और निफ्टी 1.99 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी सेक्टर को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, रियल्टी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों की जमकर खरीदारी होती रही। इसी तरह कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, मेटल, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, बिकवाली के दबाव का सामना करने के कारण निफ्टी का आईटी इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती



रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 2.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.80 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार की मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 10 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 462 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 451.83 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 10.17 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,422 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 3,222 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,046 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 154 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,999 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,518 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 481 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 28 शेयर बढ़त के साथ और सिर्फ दो शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 876.72 अंक की मजबूती के साथ 74,709.27 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के थोड़ी देर बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से दोपहर एक बजे तक यह सूचकांक गिर कर 74,453.39 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के लिए कई मुद्दों पर सहमति बन जाने की खबर आने के बाद बाजार में उत्साह का माहौल बन गया। इस उत्साह के कारण खरीदारों ने चौतरफा लिवाली शुरू कर दी, जिससे सेंसेक्स ने रफ्तार पकड़ ली। आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले यह सूचकांक 1,775.47 अंक उछल कर 75,608.02 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स ऊपरी स्तर से लगभग 80 अंक फिसल कर 1,695.40 अंक की बढ़त के साथ 75,527.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 250.95 अंक उछल कर 23,412.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के कुछ देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण दिन के पहले सत्र में ही यह सूचकांक ओपनिंग लेवल से करीब 100 अंक लुढ़क कर 23,313.90 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे निफ्टी ने रफ्तार पकड़ ली।

## एक झलक

### जरूरतमंदों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए हो रहे लोक कल्याण मेले

**बिजनौर** : राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) के निर्देश पर बिजनौर जनपद के समस्त नगर निकायों में 01 जून से 30 जून तक चलने वाले विशेष अभियान के अंतर्गत लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार तक प्रथम ऋण हेतु 137 आवेदन ऑनलाइन कराये गये है तथा प्रथम ऋण के 122 जरूरतमंदों को ऋण दिया जा चुका है जबकि 10 जरूरतमंदों को द्वितीय ऋण वितरण किया गया है तथा तृतीय ऋण 7 जरूरतमंदों को दिया गया है। इसके अतिरिक्त 25 जरूरतमंदों ने क्रेडिट कार्य के लिए आवेदन किया। वहीं विभिन्न योजनाओं में पात्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 36जरूरतमंदों की प्रोफाइलिंग भी की गई। शहर मिशन प्रबन्धक डूडा ने बताया कि 30 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य अधिकाधिक पथ विक्रेताओं को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

### खुदरा महंगाई दर मई महीने में बढ़ कर 3.93 फीसदी पर

**नयी दिल्ली** : देश में खुदरा महंगाई की रफ्तार एक बार फिर बढ़ गई है। मई में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 फीसदी हो गई है। इससे पिछले महीने अप्रैल में यह 3.48 फीसदी रही थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर में ये वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य कीमतों और सब्जियों, विशेषकर टमाटरों की बढ़ती कीमतों के कारण हुई है। पिछले 5 महीनों में ये पहली बार है जब खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के मीडियम-टर्म टारगेट चार फीसदी के बेहद करीब पहुंच गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण मई में सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 रही। इससे पिछले महीने अप्रैल में यह 3.48 फीसदी थी। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की महंगाई मई में बढ़कर 4.78 फीसदी हो गई, जो अप्रैल में 4.20 फीसदी रही थी। खास बात यह है कि शहरों के मुकाबले ग्रामीण भारत में खाद्य महंगाई दर ज्यादा रही। मई में ग्रामीण इलाकों में खाद्य पदार्थों की महंगाई 4.85 फीसदी दर्ज किया गया, जबकि शहरी केंद्रों में यह 4.66 फीसदी रहा है। एनएसओ के मुताबिक मई महीने जिन वस्तुओं की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है, उनमें कीमती धातुओं से बने आभूषण, टमाटर, अदरक, किशमिश और मुनक्का मुख्य रूप से शामिल हैं। वहीं, आलू, मटर, मोटर कार एवं जीप, जीरा तथा मोटरसाइकिल एवं स्कूटर समेत अन्य वस्तुओं की महंगाई दर सबसे कम रही है। सरकार ने आरबीआई को खुदरा महंगाई दर दो फीसदी घट-बढ़ के साथ चार फीसदी पर बनाये रखने की जिम्मेदारी दी है। हालांकि, आरबीआई ने पिछले हफ्ते चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए खुदरा महंगाई दर का अनुमान 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 5.1 फीसदी कर दिया था। मौद्रिक नीति तय करते समय भारतीय रिजर्व बैंक मुख्य रूप से सीपीआई आधारित महंगाई को ध्यान में रखता है।

## होंडा ने अपने 2026 प्रीमियम मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो को और किया मजबूत

**रांची** : होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने 2026 सीबी750 हॉर्नेट ई-क्लच और एक्स्ट्रा लार्ज 750 ट्रांसएल्प ई-क्लच को लॉन्च किया। कंपनी ने अपने 755 प्लेटफॉर्म पर होंडा की ई-क्लच तकनीक जोड़ते हुए भारत में अपने प्रीमियम मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। इसके साथ ही, गोल्ड विंग अब नए रंग विकल्प में उपलब्ध है, जबकि सीबीआर 1000 आर आर-आर फायरब्लेड एसपी होंडा की फ्लैगशिप सुपरस्पोर्ट मोटरसाइकिल के रूप में जारी रहेगी, जो स्ट्रीट नैकेड, एडवेंचर टूरिंग, लग्जरी टूरिंग और हाई-परफॉर्मेंस सेगमेंट में बिगविंग लाइन-अप को और मजबूत बनाती है। इस घोषणा पर होंडा



मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा ई-क्लच के लॉन्च के साथ, होंडा प्रीमियम मोटरसाइक्लिंग अनुभव को और बेहतर बना रहा है, जिससे आराम, उपयोग में सरलता और राइडिंग में आत्मविश्वास बढ़ता है। यह तकनीक रोजमर्रा की शहरी यात्रा से लेकर लंबी दूरी की टूरिंग तक विभिन्न परिस्थितियों में ग्राहकों की मदद के लिए डिजाइन की गई है, और यह भारत में राइडर्स को उन्नत इंजीनियरिंग और बेहतर मूल्य प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।


## एफएसएसएआई ने केएफसी, फ्लिपकार्ट इंडिया और नेस्ले को जारी की नोटिस

**नयी दिल्ली** : भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तीन बड़ी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने सोशल मीडिया पर सामने आई उपभोक्ताओं की शिकायतों के आधार पर नेस्ले इंडिया, फ्लिपकार्ट इंडिया और केएफसी को नोटिस जारी कर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। एफएसएसएआई की ओर से जारी नोटिस में कंपनियों से पूछा गया है कि संबंधित शिकायतों की जांच के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कौन-से सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं। प्राधिकरण के अनुसार, केएफसी को उसके आउटलेट्स में स्वच्छता संबंधी शिकायतों के मामले में नोटिस भेजा गया है। वहीं, फ्लिपकार्ट इंडिया से उन आरोपों पर जवाब मांगा गया है जिनमें उसके प्लेटफॉर्म के माध्यम से बेचे गए खजूर के उत्पाद में कीड़े पाए जाने की शिकायत सामने आयी थी।

## स्मार्टफोन लॉन्च ऑफर्स के साथ 11,999 की शुरुआती प्रभावी कीमत पर उपलब्ध

**रांची** : न्यू-एज स्मार्टफोन ब्रांड, इनफिनिक्स अपने हाल ही में लॉन्च किये गये स्मार्ट 20 (SMART 20) की बिक्री 12 जून, 2026 से फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर शुरू करने जा रहा है। पतला, स्मूथ और मजबूत के मूल मंत्र पर डिजाइन किया गया यह स्मार्टफोन लॉन्च ऑफर्स के साथ 11,999 की शुरूआती प्रभावी कीमत पर उपलब्ध होगा।

स्मार्ट 20 में प्रीमियम 7.7mm अल्ट्रा-स्लिम डिजाइन, 120Hz रिफ्रेश रेट के साथ 6.78-इंच का पंच-होल डिस्प्ले और शानदार व्यूइंग अनुभव के लिए 700 निट्स तक की ब्राइटनेस दी गई है। 48-महीने के फ्लुएंसी सर्टिफिकेशन के साथ मीडियाटेक हीलियो G81 अल्टीमेट प्रोसेसर से लैस, यह




डिवाइस 8GB तक एक्सटेंडेड रैम (4GB + 4GB एक्सटेंडेड) और 128GB स्टोरेज के साथ रोजमर्रा के कामों में शानदार परफॉर्मेंस देता है। मजबूती के लिए बनाए गए इस स्मार्टफोन में IP64 डस्ट और वॉटर रेजिस्टेंस, 25,000+ ड्रॉप टेस्ट और 1.5 मीटर ड्रॉप प्रोटेक्शन मिलता है। इसमें अल्ट्रा लिंक फीचर भी पेश किया गया है, जो 1 किलोमीटर तक ऑफलाइन कॉलिंग और मैसेजिंग की सुविधा देता है। इसके साथ ही, स्पष्ट कॉलिंग के लिए तीन इंटेलिजेंट नॉइज कैंसिलेशन मोड्स के साथ वॉइसप्रिंट नॉइज रिडक्शन भी शामिल है। एंड्रॉयड 16 पर आधारित डर 16 पर चलने वाला स्मार्ट 20, Folax द्वारा संचालित वन-टैप इनफिनिक्स एआई के साथ आता है। इसमें डॉक्यूमेंट स्कैनिंग, सॉन्ग रिकग्निशन, शेड्यूलिंग और वॉइस असिस्टेंट जैसे फीचर्स मिलते हैं। डिवाइस में 15W चार्जिंग सपोर्ट और 5W वायर्ड रिवर्स चार्जिंग के साथ 5200mAh की दमदार बैटरी दी गई है। स्मार्ट 20 खरीदने वाले ग्राहक 500 तक के आकर्षक बैंक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं, जिससे यह डिवाइस और भी किफायती हो जाता है। शैडो ब्लैक, पोलारिस टाइटेनियम, सनलाइक ऑरेंज और क्लाउडलाइन ब्लू कलर ऑप्शन्स में उपलब्ध यह स्मार्टफोन फ्लिपकार्ट और रिटेल स्टोर्स दोनों पर मिलेगा। यह एक बेहतरीन कीमत पर स्मूथ 120Hz डिस्प्ले, दमदार परफॉर्मेंस और लंबी चलने वाली बैटरी लाइफ का शानदार संयोजन पेश करता है।

## स्टॉक मार्केट में हेक्सागॉन न्यूट्रिशन की प्रीमियम एंट्री, मुनाफे में आईपीओ निवेशक

**नयी दिल्ली** : न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी हेक्सागॉन न्यूट्रिशन के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में प्रीमियम एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 45 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग लगभग सात प्रतिशत प्रीमियम के साथ 48 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 48.25 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 50.66 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 5.66 रुपये यानी 12.58 प्रतिशत का फायदा हो गया। हेक्सागॉन न्यूट्रिशन का 138.87 करोड़ रुपये का आईपीओ पांच से नौ जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से शानदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 53.68 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 19.77 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 161.49 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 26.85 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत एक रुपये फेस वैल्यू वाले 3,08,59,704 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए जारी किये गये हैं। हेक्सागॉन न्यूट्रिशन की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 5.82 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 12.21 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 24.38 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## फिटनेस, अनुशासन और थोड़ी-सी मौज-मस्ती ! सोनी सब के कलाकारों ने अपने पसंदीदा 'चीट मील्स' के बारे में बताया



**मुंबई** : स्वस्थ जीवनशैली बनाये रखना अनुशासन, सोच-समझकर खाने और निरंतरता की माँग करता है, लेकिन हर किसी का एक ऐसा चीट मील होता है, जो सारी मेहनत को सार्थक बना देता है। फिटनेस और संतुलित खानपान सोनी सब के कलाकार इकबाल खान, मुस्कान बामने, तोरल रसपुत्रा और गुलकी जोशी की दिनचर्या का अहम हिस्सा है, लेकिन वे मानते हैं कि कभी-कभी की गई छोटी-सी इंडल्जेंस भी उतनी ही जरूरी है। आराम देने वाले क्लासिक्स से लेकर लजीज स्ट्रीट फूड और स्वादिष्ट डेजर्ट तक, ये कलाकार बताते हैं कि कौन-सी ट्रीट उन्हें सबसे ज्यादा खुशी देती है। इकबाल खान, जो यादें में डॉ. देव का किरदार निभा रहे हैं, ने साझा किया, मैं आमतौर पर साफ-सुथरा खाने और फिटनेस रूटीन में अनुशासन बनाए रखने की कोशिश करता हूं, लेकिन यदि कोई चीट मील है, जिसे मैं कभी मना नहीं कर सकता, तो वह बिरयानी है।

## पेज एक के शेष

**रांची की पलक का भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयन...**

की मिसाल भी है। उनके पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी मां संगीता भगत, जो रांची महिला थाना में कार्यरत हैं, ने हर कदम पर उनका मनोबल बढ़ाया। पलक कई बार अपनी मां को अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा बता चुकी हैं और अपनी सफलता का श्रेय उन्हें देती हैं।

खेल विशेषज्ञों का मानना है कि पलक की सफलता झारखंड में महिला क्रिकेट को नयी पहचान देने के साथ-साथ राज्य की युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उनकी उपलब्धि यह साबित करती है कि प्रतिभा और मेहनत के बल पर छोटे शहरों और ग्रामीण पृष्ठभूमि से आनेवाले खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका महिला टीम के भारत दौरे की शुरुआत 22 जून को चेन्नई में खेले जानेवाले टी-20 मुकाबले से होगी। अब क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें इस श्रृंखला पर टिकी हैं, जहां पलक भारतीय टीम की जर्सी में मैदान पर उतर कर देश, झारखंड और रांची का नाम रोशन करने का प्रयास करेंगी।

**अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा में आधुनिक तकनीक का होगा व्यापक उपयोग...**

बढ़ाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा मार्ग के अलावा जम्मू-कश्मीर के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, ताकि श्रद्धालु और पर्यटक सुरक्षित वातावरण में यात्रा और पर्यटन का आनन्द ले सकें।

बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख, सीआरपीएफ के महानिदेशक तथा गृह मंत्रालय, सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष आयोजित होने वाली अमरनाथ यात्रा में देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं, जिसके मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये जाते हैं।

**प. बंगाल में स्कूल से 1.77 करोड़ रुपये जब्त...**

नोटों की गिनती के लिए तीन मशीनें लायी गयीं और यह प्रक्रिया सुबह तक जारी रही। जब्त की गयी इस बड़ी राशि के स्रोत का अभी तक संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिला है।

लेखाकार नाग से इतनी बड़ी रकम को स्कूल परिसर में रखने के कारणों के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है। उनके साथ-साथ कमल अधिकारी, गौतम घोष दस्तीदार और सयान नाग के खिलाफ भी वित्तीय धोखाधड़ी की लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है। कमल अधिकारी कांचरापारा नगर पालिका के अध्यक्ष और बिजपुर के पूर्व विधायक के भाई हैं। हालांकि, स्कूल के प्रधानाचार्य विकास चंद्र पाल ने दावा किया है कि यह पैसा संस्थान का है और इस प्रवेश शुल्क के माध्यम से एकत्र किया था। पुलिस अब स्कूल के रिकॉर्ड और वित्तीय दस्तावेजों की गहराई से जांच कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जब्त नकदी आधिकारिक तौर पर दर्ज लेन-देन से मेल खाती है या नहीं। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

**एआई मिशन का बड़ा कदम, स्वदेशी वीडियो एआई मॉडल 'वर्या' लॉन्च...**

कर बताया कि वर्या वीडियो बनाने की प्रक्रिया को 50 चरणों से घटा कर केवल 04 चरणों में पूरा करता है। इससे वीडियो निर्माण की लागत घट कर लगभग 48 पैसे प्रति सेकेंड रह जाती है, जो कई वैश्विक एआई वीडियो मॉडलों की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक किफायती बतायी जा रही है।

वर्या को भारतीय जरूरतों और विविधताओं को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। यह भारतीय त्योहारों, संस्कृति, खान-पान, पहनावे और स्थानीय परिवेश को समझते हुए वीडियो तैयार करने में सक्षम है। शिक्षा, ई-कॉमर्स, विज्ञापन, सरकारी जनजागरूकता और कंटेंट क्रिएशन जैसे क्षेत्रों में इसके व्यापक उपयोग की सम्भावना है।

इस अवसर पर सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि वर्या भारत की स्वदेशी एआई क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है और यह देश के गहरे तकनीकी नवाचार को नयी गति देगा।

वहीं, अवतार के सह-संस्थापक और सीईओ श्रवांत अलुरु ने कहा कि भारत में एआई का भविष्य केवल बड़े मॉडल बनाने में नहीं, बल्कि ऐसे कुशल और किफायती मॉडल विकसित करने में है जो करोड़ों लोगों तक पहुंच सकें।

**ममता बनर्जी के खिलाफ भी हुई एफआईआर...**

(भाजपा) के खिलाफ भी भड़काया था। इस बयान को लेकर उस समय भी राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था।

इसके पूर्व इस सम्बन्ध में नेताजी सुभाषचंद्र बोस रोड निवासी तुषारकांति दास ने 20 मई को नेताजीनगर थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। शिकायत में उन्होंने ममता बनर्जी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। उनका आरोप था कि भले ही किसी समुदाय का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया गया हो, लेकिन इस प्रकार की टिप्पणी साम्प्रदायिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती है और विभिन्न समुदायों के बीच तनाव पैदा कर सकती है।

शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया है कि कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों में चुनाव के बाद हुई हिंसा और साम्प्रदायिक तनाव के लिए इस प्रकार के बयान जिम्मेदार हो सकते हैं। इसी शिकायत के आधार पर हेयर स्ट्रीट थाने ने मामला दर्ज किया है।

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री की टिप्पणी प्रथम दृष्टया उकसाने वाली, भड़काऊ और साम्प्रदायिक प्रकृति की प्रतीत होती है। शिकायत में कहा गया है कि इस तरह के बयान से भय, घृणा और गलतफहमी का माहौल बन सकता है तथा विभिन्न समुदायों के बीच शांति और सौहार्द प्रभावित हो सकता है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि इस प्रकार की टिप्पणियों को गम्भीरता से नहीं लिया गया, तो इससे राज्य में साम्प्रदायिक सद्भाव और लोकतांत्रिक वातावरण को नुकसान पहुंच सकता है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि चुनाव के दौरान दिया गया यह बयान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी हो सकता है।

शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की मांग की है। फिलहाल, पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में आगे की कार्रवाई जांच के निष्कर्षों के आधार पर की जायेगी।

**मुम्बई एयरपोर्ट पर 11.82 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद...**

बताया जा रहा है कि उसने पिछले वर्ष आयोजित एक नामी ब्यूटी पेजेंट में रनर-अप का खिताब भी हासिल किया था। इस वजह से उसकी गिरफ्तारी ने जांच एजेंसियों के साथ-साथ आम लोगों को भी हैरान कर दिया है। कस्टम्स अधिकारियों के अनुसार, हर्षा सनी कल तड़के करीब 04 बजे बैंकॉक से मुंबई एयरपोर्ट पहुंची थी। नियमित जांच के दौरान अधिकारियों को उसकी गतिविधियां और यात्रा प्रोफाइल संदिग्ध लगीं। इसके बाद पैसेंजर प्रोफाइलिंग के आधार पर उसे विस्तृत जांच के लिए रोका गया। एनडीपीएस कानून के प्रावधानों के तहत एक राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उसकी व्यक्तिगत तलाशी ली गयी, लेकिन उसके शरीर से कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। इसके बाद अधिकारियों ने उसके सामान की गहन जांच की। जांच के दौरान उसकी ट्रॉली बैग में बेहद चालाकी से छिपा कर रखे गये 12 वैक्यूम-सीलबंद पैकेट बरामद हुए। पैकेट खोलने पर उनमें हरे रंग का उच्च गुणवत्ता वाला हाइड्रोपोनिक गांजा मिला। एनडीपीएस फील्ड टेस्टिंग किट से जांच करने पर पुष्टि हुई कि बरामद पदार्थ गांजा ही है। कुल बरामद ड्रग्स का वजन 11.824 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 11.82 करोड़ रुपये आंकी गयी है। अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क की जांच जारी कस्टम्स और अन्य जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि बरामद ड्रग्स का अंतिम गंतव्य क्या था, इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं और क्या यह किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट का हिस्सा है। फिलहाल, मामले की जांच जारी है और एजेंसियां इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश कर रही हैं।


**शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव मामले में दो नाबालिग हिरासत में...**

फिरोजाबाद स्टेशन के पास पहुंच रही थी। रेलवे सुरक्षा बल और सम्बन्धित अधिकारियों ने जांच शुरू की। स्टेशन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गयी, जिसके बाद दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

## भारत ने 'सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन' के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के प्रति दोहरायी प्रतिबद्धता

**नयी दिल्ली** : भारत ने सामाजिक न्याय को लेकर वैश्विक गठबंधन (जीसीएसजे) के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी), सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिक संगठनों तथा अन्य संबंधित पक्षों के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता फिर से दोहराई है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित 114वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी) में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान जीसीएसजे की समन्वय समूह बैठक में भी भाग लिया। श्रम मंत्रालय के अनुसार बैठक के दौरान करंदलाजे ने



अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. होंगबो, बांग्लादेश, मोल्दोवा, ब्राजील और स्विट्जरलैंड के श्रम मंत्रियों, बेल्जियम के उप-मंत्री और अन्य प्रमुख सहयोगियों से भी मुलाकात की। इसके अलावा करंदलाजे ने 11 जून को जेनेवा में 114वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी) के दौरान आयोजित वैश्विक सामाजिक न्याय गठबंधन (जीसीएसजे) के समन्वय समूह की बैठक में भाग लिया। करंदलाजे ने एक्स पोस्ट में लिखा कि आज सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन का समन्वय समूह के रिसेप्शन में आईएलओ के डीजी, बांग्लादेश, मोल्दोवा, ब्राजील और स्विट्जरलैंड के श्रम मंत्रियों, बेल्जियम के उप-मंत्री और अन्य सम्मानित सहयोगियों के साथ शामिल होकर बहुत खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीसीएसजे के संस्थापक सदस्य के तौर पर भारत सभी के लिए बेहतर काम, सामाजिक सुरक्षा और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि भारत ने आईएलओ, सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिकों के संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर गठबंधन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए देश की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की। भारत समावेशी विकास को बढ़ावा देने, सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को सुदृढ़ करने, जिम्मेदार व्यावसायिक कार्यप्रणालियों का समर्थन करने और न्यायसंगत एवं लचीले श्रम बाजारों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के माध्यम से गठबंधन के कार्य के अगले चरण में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए तत्पर है। उल्लेखनीय है कि करंदलाजे स्विट्जरलैंड के जेनेवा में आयोजित 114वें अंतराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। करंदलाजे ने आईएलसी के दौरान आयोजित वैश्विक सामाजिक न्याय गठबंधन के समूह की बैठक में भाग लिया।

## एक झलक

### पूर्व राष्ट्रपति को 30 साल अतिरिक्त जेल

**सियोल** : दक्षिण कोरिया की सियोल जिला अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को उत्तर कोरिया में ड्रोन भेजकर तनाव भडकाने के मामले में 30 साल अतिरिक्त जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने माना कि इस अभियान का मकसद उत्तर कोरिया को उकसाकर आपात स्थिति पैदा करना और बाद में मार्शल लॉ लागू करने के लिए माहौल तैयार करना था। अदालत ने यून सुक योल, पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून, डिफेंस काउंटर इंटेलिजेंस कमांड के पूर्व प्रमुख यो इन-ह्युंग और ड्रोन ऑपरेशन कमांड के पूर्व प्रमुख किम योंग-डे को देशद्रोह और सत्ता के दुरुपयोग का दोषी ठहराया। अदालत ने कहा कि इन अधिकारियों ने सैन्य अभियान की आड़ में उत्तर कोरिया को उकसाया, जिससे दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष का खतरा बढ़ गया।

### थाई राजकुमारी बज्रकिटियाभा का निधन

**बैंकॉक** : थाईलैंड की राजकुमारी बज्रकिटियाभा का 47 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह दिसंबर 2022 से कोमा में थीं। थाई शाही परिवार ने शुक्रवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि लगातार चिकित्सा प्रयासों के बावजूद उनकी हालत बिगड़ती रही और गुरुवार शाम बैंकॉक के चुलालॉन्गकॉर्न अस्पताल में उनका निधन हो गया। राजकुमारी बज्रकिटियाभा दिसंबर 2022 में अपने कुत्तों के साथ व्यायाम कर रही थीं, तभी अचानक बेहोश हो गई थीं। डॉक्टरों ने बाद में बताया कि उनके हृदय में मायकोप्लाज्मा संक्रमण हुआ था, जिससे गंभीर अनियमित धडकन की समस्या पैदा हुई और वह कोमा में चली गईं। वर्ष 2012 से 2014 तक वह ऑस्ट्रिया में थाईलैंड की राजदूत रहीं।

### सेना और रेंजर्स की गोलीबारी में 16 की मौत

**रावलकोट** : पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के रावलकोट में प्रदर्शनकारियों पर पाकिस्तानी सेना और रेंजर्स की फायरिंग में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 37 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना उस समय हुई जब हजारों लोग महंगाई, बिजली दरों में वृद्धि और बुनियादी राजनीतिक-आर्थिक अधिकारों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक रावलकोट के ईदगाह मैदान में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए थे। इसी दौरान सुरक्षा बलों ने भीड़ पर गोलीबारी की।

### ड्रेस कोड विरोध पर बल प्रयोग, यूएन ने जतायी चिन्ता

**काबुल** : अफगानिस्तान में महिलाओं पर लागू सख्त ड्रेस कोड के विरोध में हेरात शहर में हुए प्रदर्शनों पर बल प्रयोग को लेकर संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने गहरी चिंता जाहिर की है। इन हिंसक झड़पों में एक लड़के सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि बीस से अधिक अन्य घायल हुए। विशेषज्ञों के अनुसार, विरोध प्रदर्शन तब भड़के जब 6 और 7 जून को ड्रेस कोड का उल्लंघन करने के आरोप में कई महिलाओं को हिरासत में लिया गया।

## मप्र के इंदौर में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक शुरू

# वैश्विक कृषि सहयोग को नयी दिशा दे सकता है भारत का दृष्टिकोण : शिवराज

एजेंसी

**इंदौर** : केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत हमेशा वैश्विक एकता, शांति और सहयोग का पक्षधर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का दृष्टिकोण 'युद्ध नहीं शांति, संघर्ष नहीं समन्वय' पर आधारित है, जो वैश्विक कृषि साझेदारी के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बन सकता है।
केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान शुक्रवार को मध्य प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी और स्वच्छता के प्रतीक इंदौर में शुरू हुए ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भारत की कृषि शक्ति, सांस्कृतिक मूल्यों और वैश्विक सहयोग की प्रतिबद्धता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को आगे बढ़ाते हुए इस मंत्र के साथ दुनिया को एक परिवार मानते हुए शांति, समन्वय और साझेदारी आधारित विकास पर जोर दिया।

**छोटे किसानों को सशक्त बनाने पर भारत का फोकस**

**केंद्रीय** मंत्री चौहान ने 'अतिथि देवो भवः' की भारतीय परंपरा का उल्लेख करते हुए सभी प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत किया और कहा कि यह संवाद विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के सामने मौजूद चुनौतियों- जैसे जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव और बाजार की अनिश्चितता का सामूहिक समाधान खोजने के लिए महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि छोटे किसान मजबूत होते हैं, तो दुनिया की खाद्य सुरक्षा स्वतः सुदृढ़ हो जाएगी।




### महिला और युवा शक्ति कृषि परिवर्तन का आधार

**केन्द्रीय** मंत्री चौहान ने महिला सशक्तीकरण को कृषि विकास का प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि आज करोड़ों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कृषि और उससे जुड़े व्यवसायों में नेतृत्व कर रही हैं। 'ड्रोन दीदी' जैसी पहलें ग्रामीण भारत में तकनीकी और सामाजिक परिवर्तन का उदाहरण बन रही हैं। उन्होंने युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि में नवाचार, स्टार्टअप और डिजिटल तकनीकों के माध्यम से युवाओं की भागीदारी बढ़ रही है, जिससे कृषि क्षेत्र अधिक आकर्षक और आधुनिक बन रहा है।
उन्होंने कहा कि दुनिया की लगभग आधी आबादी ब्रिक्स देशों में रहती है और यहाँ वैश्विक कृषि उत्पादन का 43% से ज्यादा हिस्सा होता है, इसलिए टिकाऊ खेती के भविष्य के लिए इन देशों के बीच सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है। हमने कृषि व्यापार, रिसर्च, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी शेयरिंग में सहयोग बढ़ाने के लिए बेहतरीन तौर-तरीकों का आदान-प्रदान किया और द्विपक्षीय बातचीत भी की। कल होने वाले संयुक्त घोषणा-पत्र का इंतजार है। मुझे पूरा भरोसा है कि इंदौर घोषणा-पत्र ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने और वैश्विक खाद्य सुरक्षा को आगे बढ़ाने में योगदान देगा।



**कृषि विकास में 4.5% वार्षिक वृद्धि, खाद्य उत्पादन 376 मिलियन टन तक पहुंचा**

**उन्होंने** भारत की कृषि उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले एक दशक में कृषि क्षेत्र में लगभग 4.5 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। देश का कुल खाद्य उत्पादन बढ़कर लगभग 376 मिलियन टन तक पहुंच गया है। गेहूं उत्पादन 118 मिलियन टन के करीब पहुंचा, जबकि बागवानी उत्पादन 378 मिलियन टन से अधिक हो गया है। मछली उत्पादन भी बढ़कर 19 मिलियन टन से अधिक हो चुका है।
उन्होंने बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम संचालित करता है, जिसके माध्यम से बड़ी आबादी को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने किसानों के योगदान को सराहते हुए कहा कि यह उपलब्धियां उनके कठिन परिश्रम और सरकार की संवेदनशील नीतियों का परिणाम हैं। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि भारत में लगभग 43 प्रतिशत कार्यबल कृषि से जुड़ा है और यह क्षेत्र न केवल खाद्य सुरक्षा बल्कि करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं-जैसे उन्नत बीज, सिंचाई, तकनीक और किसान सहायता कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए बताया कि इनसे किसानों को व्यापक लाभ मिला है।

## जयशंकर का पश्चिमी देशों पर तीखा प्रहार

# भारत विरोधी हथियारों के इस्तेमाल पर उठाये सवाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पश्चिमी देशों द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत की आलोचना पर कड़ा पलटवार कर महत्वपूर्ण बात कही है। उन्होंने उजागर किया कि जहां पश्चिमी देश भारत के रणनीतिक ऊर्जा फैसलों पर सवाल उठाते हैं, वहीं यूरोपीय देशों में बने हथियार अतीत में भारत के खिलाफ, विशेषकर पाकिस्तान द्वारा, इस्तेमाल होते रहे हैं, जिससे भारतीय धरती लहूलुहान हुई है।
फिनलैंड में पत्रकार द्वारा रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भारत के रुख और रूसी तेल खरीद पर बहुत अधिक सहानुभूति रखने के आरोप के जवाब में, विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए भारत के व्यावहारिक दृष्टिकोण का दृढ़ता से बचाव किया। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ यूरोपीय



हथियारों के इस्तेमाल का एक लंबा और दुखद इतिहास रहा है।
खासकर जब भी भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ है, पाकिस्तान ने ब्रिटेन, स्वीडन और फ्रांस जैसे यूरोपीय देशों के साथ-साथ चीन में बने हथियारों के दम पर ही भारत से लड़ाई लड़ी है। मसलन, 1965 और 1971 के युद्धों के दौरान, यूरोपीय देशों में बने सैन्य हथियार पाकिस्तान को बिके और बाद में भारतीय सेना के खिलाफ इस्तेमाल किए गए। फ्रांस में बने डसॉल्ट मिराज 3 और मिराज पांच फाइटर जेट्स ने 1971 के युद्ध और बाद के सीमा तनावों में भारतीय हवाई सुरक्षा का सामना किया।
इस तरह, फ्रांस में बनी अगोस्टा-क्लास पनडुब्बियां भी भारत के खिलाफ उपयोग हुईं। 1971 के युद्ध के दौरान, फ्रांसीसी डैफने-क्लास की पूर्ववर्ती पीएनएस हंगोर ने भारतीय नौसेना के फ्रिगेट आईएनएस खुकरी को डुबो दिया था। अमेरिका में डिजाइन किया गया, लेकिन यूरोप में लाइसेंस के तहत निर्मित एफ-104 स्टारफाइटर भी इन संघर्षों में भारत के खिलाफ मैदान में उतरा।
लंबे समय से ब्रिटेन, जर्मनी और बेल्जियम जैसे देशों की विभिन्न यूरोपीय रक्षा कंपनियों द्वारा बनाए गए पैदल सेना के मानक हथियार, गोला-बारूद और मोर्टार सिस्टम क्षेत्रीय सेनाओं और भारत की सीमाओं पर सक्रिय आतंकी गुटों तक भी पहुँचते रहे हैं।

### आशाराम को गुजरात हाईकोर्ट से बड़ा झटका

**अहमदाबाद** : अपने आश्रम की युवतियों के साथ दुष्कर्म के मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आशाराम को गुजरात हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट के कड़े रुख को देखते हुए आशाराम ने अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने के लिए दायर अपनी याचिका वापस ले ली है। इसके साथ ही उनका जेल प्रवास फिर से शुरू होगा और उन्हें निर्धारित समय पर जेल प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा।
गुजरात हाईकोर्ट ने पहले आशाराम को 15 जून तक अंतरिम जमानत प्रदान की थी। जमानत अवधि समाप्त होने से पहले उन्होंने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए मेडिकल आधार पर जमानत बढ़ाने की मांग की थी। हालांकि, सुनवाई के दौरान सरकारी पक्ष ने इस मांग का जोरदार विरोध किया।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष विकसित भारत की मजबूत नींव के स्वर्णिम वर्ष : नड्डा



एजेंसी

**शिमला** : केन्द्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री तथा भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह अवधि केवल एक सरकार का कार्यकाल नहीं, बल्कि विकसित भारत की मजबूत आधारशिला रखने वाले परिवर्तनकारी वर्षों का प्रतीक है। भाजपा द्वारा आयोजित '12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान के तहत शुक्रवार को शिमला में आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की दिशा और संस्कृति दोनों को बदला है। उन्होंने कहा कि पहले राजनीति जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार तक सीमित थी, लेकिन मोदी सरकार ने राजनीति को सेवा, सुशासन और जवाबदेही का माध्यम बनाया है।
नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने कई ऐतिहासिक निर्णय देखे हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना, अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाना और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करना ऐसे फैसले हैं, जिन्होंने देश की दिशा और दशा बदलने का कार्य किया है।

## वेदांग रैना व नाओमिका के साथ अब प्रगति की एंट्री



एजेंसी

**मुंबई** : बॉलीवुड अभिनेता वेदांग रैना की आगामी फिल्म को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है, जिसने फिल्म के प्रति उत्साह को और बढ़ा दिया है। इस फिल्म में वेदांग रैना के साथ नाओमिका सरन के मुख्य भूमिका में होने की चर्चा थी, लेकिन अब एक और प्रतिभाशाली अभिनेत्री प्रगति श्रीवास्तव की भी इस प्रोजेक्ट में एंट्री हो चुकी है। यह फिल्म एक दिलचस्प मिश्रण होने वाली है, जिसमें रोमांस, कॉमेडी और रहस्य का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। बताया जा रहा है कि फिल्म की कहानी में इन दोनों अभिनेत्रियों के किरदारों की अहम भूमिका होगी, जो कई अप्रत्याशित मोड़ लेकर आएंगे। फिल्म का नाम अभी तय नहीं किया गया है, लेकिन इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स जैसे प्रतिष्ठित बैनर तले हो रहा है, जो गुणवत्तापूर्ण सिनेमा के लिए जाना जाता है। निर्देशन की बागडोर जगदीप सिद्धू संभाल रहे हैं, जिन्होंने इससे पहले भी कई सफल फिल्में दी हैं। हालांकि, फिल्म की कहानी को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि यह एक अनोखी प्रेम कहानी होगी, जिसमें रिश्तों की जटिलताएं और अप्रत्याशित रहस्य दर्शकों को बांधे रखेंगे।

## आन्धी-तूफान व बारिश से जनजीवन प्रभावित, बिजली गिरने से 03 की मौत

एजेंसी

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ में गुरुवार देर शाम और शुक्रवार की सुबह अचानक आए तेज आंधी-तूफान, मूसलाधार बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित हो गया है। कई इलाकों में पेड़ उखड़ने, बिजली गुल होने और मोबाइल टॉवर गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। कांकेर जिले में शुक्रवार सुबह अंतागढ़ में मनरेगा कार्य के दौरान पेड़ के नीचे खड़े ग्रामीणों पर बिजली गिरने से उप सरपंच समेत 3 लोगों की मौत हो गई और 5 घायल हो गए हैं। कांकेर जिले के अंतागढ़ के ग्राम कन्हारगांव में मनरेगा कार्य के दौरान अचानक आए तूफान और बारिश से बचने के लिए ग्रामीण महुआ पेड़ के नीचे खड़े हो गए थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने से उप-सरपंच सहित 3 ग्रामीणों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। कांकेर जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, 'वज्रपात की यह घटना बेहद दुखद है। घायल ग्रामीणों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है। मृतकों के परिजनों को शासन के नियमानुसार आपदा राहत कोष से 4-4 लाख रुपये की आर्थिक मुआवजा राशि शीघ्र ही स्वीकृत कर प्रदान की जाएगी।'

### एमआरपी व्यवस्था में लायी जाये पारदर्शिता

**नयी दिल्ली** : अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के देश भर से आए कर्यकताओं ने अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर शुक्रवार को जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन किया। मंच से ग्राहक पंचायत ने अपने कार्यकर्ताओं से उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा एमआरपी व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर एक जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाने का आह्वान किया।
जंतर मंतर पर आज आयोजित धरने में देश के विभिन्न राज्यों से आए उपभोक्ता अधिकार कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित करीब 500 लोगों ने भाग लिया।

# आस्था व आर्थिकी के संगम से विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा भारत : योगी

एजेंसी

**लखनऊ** : सेवा, सुशासन और समर्पण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में मीडिया संवाद किया। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने लोकभवन में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की आस्था व सांस्कृतिक विरासत को वह सम्मान प्राप्त हुआ, जिसकी लंबे समय से अपेक्षा थी। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ और प्रधानमंत्री मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री बने, जिन्होंने राम मंदिर के शिलान्यास, प्राण-प्रतिष्ठा तथा मंदिर पर सनातन ध्वज आरोहण जैसे तीनों ऐतिहासिक कार्य अपने कर-कमलों से संपन्न किए। अयोध्या में रामलला की प्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और केदारपुरी के पुनरुद्धार जैसे कार्य भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भी कई अवसरों पर देश की आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत को अपेक्षित सम्मान नहीं मिला।





